बीकानेर. 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए बीकानेर की 11 युवतियों ने योग के अलग-अलग 11 आसन कर अनूठा प्रदर्शन किया। जूनागढ़ किले के सामने योगासन कर योग दिवस का प्रचार-प्रसार किया गया। इसके अलावा स्थानीय लोगों को योग के महत्व के बारे में बताया गया। **फोटो:** नौशाद अली

Dina Saithi • 22 Jun • Ministry of Ayush

INTERNATIONAL YOGA DAY

9 • PG | 227 • Sqcm | 22700 • AVE | N/A • Cir | Bottom Center

Chennai

சர்வதேச யோகா தினம் : நடிகைகள் செய்த யோகாசனம்



■ ஜாக்குலின் பெர்னாண்டஸ்

நேற்று சர்வதேச யோகா தினம் கொண்டாடப்பட்டது. யோகாசன பயிற்சியின் மூலம் உடல் அளவிலும், மனதளவிலும் குறிப்பிடத்தக்க மாற்றங்கள் ஏற்படுகின்றன. மகிழ்ச்சி, அமைதி, உடல் ஆரோக்கியம் போன்றவை கிடைக்கின்றன.





நேற்று சர்வதேச யோகாசனத்தையொட்டி பிரபல இந்தி நடிகைகளான ஷில்பா ஷெட்டி, மலைக்கா அரோரா, கரீனா கபூர், ஹினா கான், அனுபம் கெர், நிம்ரத் கவுர், ரகுல் பிரீத் சிங் உள்ளிட்ட பாலிவுட் திரை நட்சத்திரங்கள் யோகாசனம் செய்து அசத்தினார்கள்.. அந்த படங்களை தங்களது சமூக வலைதள பக்கத்தில் உற்சாகமான பகிர்ந்துள்ளனர்.

யோகாசன பயிற்சியின் மூலம் உடல் அளவிலும், மனதளவிலும் குறிப்பிடத்தக்க மாற்றங்கள் ஏற்படுகின்றன. மகிழ்ச்சி, அமைதி, உடல் ஆரோக்கியம் போன்றவை கிடைக்கின்றன. யோகாசன பயிற்சியால், உடல் நலம் அடைவதுடன், பல நோய்களில் இருந்து காத்துக்கொள்ளவும் முடியும்.

Morning News • 22 Jun • Ministry of Ayush

11th International Yoga Day celebrated

6 • PG | 76 • Sqcm | 9140 • AVE | 188.32K • Cir | Middle Center

Jaipur

11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



मॉर्निंग न्यूज @ मुण्डावर

11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुंडियाखेड़ा की तरफ से हीरामल मंदिर परिसर में व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजवाड़ा व उप डाकघर करनीकोट में योग कार्यक्रम आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुंडिया खेड़ा के कर्मचारियों द्वारा सफल आयोजन कराया गया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुर्वेद योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के महत्व की जानकारी दी गई वही विधिवत योग क्रियाएं कराई गई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत संपूर्ण भारतवर्ष में आयोजित हुआ।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुंडियाखेड़ा के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश भारद्वाज,आयुर्वेद कंपाउंडर कर्मवीर मेहरा, योग प्रशिक्षक हेमंत कुमार, रेखा यादव, हिमांशु के द्वारा योग क्रियाएं करवाई गई और योग का महत्व समझाया गया।

Morning News • 22 Jun • Ministry of Ayush

11th International Yoga Day celebrated with enthusiasm and fervor

6 • PG | 133 • Sqcm | 15990 • AVE | 188.32K • Cir | Middle Center
Jaipur

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं समारोहपूर्वक मनाया

मॉर्निंग न्यूज @ अलवर

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में 'योगा फॉर वन अर्थ वन हैल्थ' थीम पर 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय मुख्य आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन की भागीदारी रही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से उपस्थित जनसमूह को योग के महत्व के संबंध में संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने सभी प्रतिभागियों को योग को जीवनशैली का अंग बनाने, नशा मुक्ति तथा जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 11 वर्ष पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान और सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि योग दिवस देशवासियों के लिए स्वस्थ भारत अभियान में सम्मिलित होने की प्रेरणा है। योग विश्व को एक ऐसी देन है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है। अत: स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कल्पतरू योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, पतंजलि योग संस्थान, गांधी स्वास्थ्य सदन समिति, निरोगायु आयुर्वेद एंड पंचकर्म सेंटर, सर्वहितकारी सेवा संस्थान, भारतीय योग संस्थान, ब्रह्मकुमारी संस्थान, श्री राम चन्द्र मिशन हार्टफुलनेस सेंटर, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन दिनेश शर्मा व प्रदीप पंचोली ने किया। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. करण सिंह दहिया, सहायक निदेशक डॉ. सुरेश कुमार वर्मा, जन संपर्क प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पवन सिंह शेखावत तथा इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रभारी डॉ. महिपाल चौहान सहित संबंधित टीम उपस्थित रही।

Morning News • 22 Jun • Ministry of Ayush

Agrawal Samaj celebrated Yoga Day, took a pledge to vote

6 • PG | 155 • Sqcm | 18559 • AVE | 188.32K • Cir | Middle Right

Jaipur

अग्रवाल समाज ने मनाया योग दिवस, मतदान का लिया संकल्प

मॉर्निंग न्यूज @ बांदीकुई



11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अग्रवाल समाज बांदीकुई द्वारा समाज भवन में हार्टफुलनेस संस्था के सहयोग से आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति एंव योग दिवस का आयोजन किया गया और निष्पक्ष मतदान करने की शपथ ली।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष सुरेश कुमार मित्तल द्वारा बताया गया कि नियमित योग करने से व्यक्ति सदा निरोगी रहता है और अपने आप में स्वास्थ्य ऊर्जा का संचार महसूस करता है। हार्टफुलनेस संस्था के डॉ. अरुण गर्ग द्वारा सभी को हार्टफुलनेस ध्यान एंव रिलेक्सेशन का अभ्यास करवाया और आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा दी गई प्राणाहुति का अनुभव करवाया और समाज के पूर्व मंत्री मूकेश गोयल जी के द्वारा सभी को योग एंव प्राणायाम करवाया गया एवं बताया कि प्राणायाम करने हेतु सुबह का समय सबसे अच्छा रहता है क्योंकि इस समय शरीर और मन दोनों पर नियंत्रण करने हेतु बेहतर वातावरण रहता है। योग शिविर के समापन पर समाज के मंत्री सुभाष चन्द सिंघल द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए योग शिविर में आने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर भवन प्रभारी महेश चंद गोयल, सलाहकार समिति के विनोद कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार अग्रवाल, उपमंत्री रमेश चन्द मित्तल, प्रचार प्रसार मंत्री नीरज गोयल, आलोक गर्ग, देवेंद्र गुप्ता, नितिन अग्रवाल, महिला अध्यक्ष बीना गोयल, हार्टफुलनेस संस्था के पदाधिकारी भाई रूपनारायण, जयकुमार, बहिन निधि, रामावतार इत्यादि उपस्थित रहे।

Morning News • 22 Jun • Ministry of Ayush

Did yoga on international yoga day

6 • PG | 83 • Sqcm | 9917 • AVE | 188.32K • Cir | Bottom Right

Jaipur

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगा

मॉर्निंग न्यूज @ राजगढ़

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कस्बे के प्यारेलाल गुप्ता राउमावि में ब्लॉक स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत विविध योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यास से हुई।

योग प्रशिक्षक योगेश शर्मा ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी, जिससे प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरणा मिली। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह तन, मन और आत्मा को संतुलित करने का सशक्त माध्यम है। हमें इसे अपनी दिनचर्या में अपनाकर निरोगी जीवन की ओर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का समापन योग करें, निरोग रहें के प्रेरणास्पद संकल्प के साथ हुआ।

Morning News • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebrated in Vinayak School

2 • PG | 73 • Sqcm | 8753 • AVE | 188.32K • Cir | Middle Left

Jaipur

विनायक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया



मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। शास्त्री नगर स्थित विनायक स्कूल में आज अंतराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। संस्था प्रधान विजय वशिष्ठ ने बताया कि उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था के पीटीआई भवानी सिंह करणावत द्वारा सभी को अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन आदि योग क्रियाएं करवाई गईं। योग अभ्यास के दौरान योग के महत्व और इसके नियमित अभ्यास से होने वाले लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। संस्था निदेशक रमेश शास्त्री ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता भी प्रदान करता है। विद्यार्थियों को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षिका माया सैनी तथा अन्य स्टॉफ उपस्थित था।

Morning News • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day will be celebrated in the state today

1,6 • PG | 242 • Sqcm | 29025 • AVE | 188.32K • Cir | Bottom Center,Middle Right

Jaipur

योग दिवस पर भाजपा और सरकार ने मंत्रियों की अलग-अलग ड्यूटी लगाई

प्रदेश में आज मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

सचिवालय का आदेश-प्रभार वाले जिलों मे जाएं, पार्टी ने कहा-विधानसभा क्षेत्र में जाएं

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

21 जून को योग दिवस पर प्रदेशभर में होने वाले कार्यक्रम के लिए सरकार और भाजपा ने मंत्रियों की अलग-अलग ड्यूटी लगा दी है।मंत्रिमंडल सचिवालय ने 17 जून को आदेश जारी करके कहा कि सभी मंत्री अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करेंगे, लेकिन इसके दो दिन बाद 19 जुलाई को प्रदेश बीजेपी की ओर से एक लिस्ट जारी कर दी गई। इसमें सभी मंत्रियों की ड्यूटी उनके प्रभार वाले जिलों से अलग लगा दी गई। अब कई मंत्री इस चिंता में हैं कि एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह कैसे जाएं? दोनों आदेशों से असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। जानकारों का कहना है कि मंत्री पार्टी



के हिसाब से लगाई गई जगह पर ही जाना पंसद कर रहे हैं, क्योंकि पार्टी ने लगभग सभी मंत्रियों को उनके विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में मंत्री प्रभार वाले जिलों की जगह पार्टी द्वारा तय स्थान पर अपने लोगों के बीच योग करना ज्यादा पंसद कर रहे » शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम शर्मा ने एक्सपर्ट के साथ किया योगाभ्यास

योग दिवस से पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने योगा एक्सपर्ट के साथ सीएम आवास में योगाभ्यास किया। इस दौरान देश के फेमस योगा एक्सपर्ट ने मुख्यमंत्री के साथ योगा किया। उन्होंने सरकार की ओर से योगा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान योगा एक्सपर्ट ने मुख्यमंत्री आवास में योगा किए जाने के भी रोचक अनुभव बताए। योगा करने पहुंची फिटनेस एक्सपर्ट शिवांगी शर्मा ने बताया कि योगा लोगों को जोड़ ता है। हम योग घर-घर में फैलाना चाहते हैं। » शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश में...

दिया कुमारी, बैरवा और राठौड़ जयपुर में करेंगे योग : भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सिटी पैलेस, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एसएमएस स्टेडियम में आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय के आदेश के अनुसार इन्हें अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में होना चाहिए था। दीया कुमारी के पास अजमेर और ब्यावर, प्रेमचंद बैरवा के पास भीलवाड़ा और राजसमंद, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के पास दौसा जिले का प्रभार है।

सीएम शर्मा...

एक्सपर्ट निशि सिंह ने कहा कि योगा इज अ वे ऑफ लाइफ। मुझे बेहद खुशी है कि हम लोग योगा को इतना प्रमोट कर रहे हैं। योगा धीरे धीरे ग्लोबली फेमस होता जा रहा है। योगा इंडिया की सॉफ्ट पॉवर की तरह प्रमोट किया जा रहा है।

Morning News • 21 Jun • Ministry of Ayush

Yoga Day will be organized on the theme 'Yoga for one earth, one health

8 • PG | 97 • Sqcm | 11696 • AVE | 188.32K • Cir | Bottom Right

Jaipur

'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आयोजित होगा योग दिवस

मुख्य सचिव ने विभागीय सहभागिता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर शनिवार को आयुष विभाग द्वारा प्रदेशभर में भव्य योग दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' निर्धारित की गई है।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने समारोह की व्यापक सफलता के लिए सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को सक्रिय सहभागिता और भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने आमजन, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लें और योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

समारोह के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों, पंचायत समितियों, ग्राम पंचायत स्तर, आयुष चिकित्सा एवं पर्यटन स्थलों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, तथा सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में सामूहिक योग अभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे। योग दिवस समारोह का आयोजन प्रात: 6 से 8 बजे तक किया जाएगा।

इसका शुभारंभ प्रात: 6.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव उद्बोधन से होगा। इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योग अभ्यास किया जाएगा।

Morning News • 20 Jun • Ministry of Ayush

Women's Front practiced yoga on the occasion of Yoga Day

2 • PG | 92 • Sqcm | 11057 • AVE | 188.32K • Cir | Middle Center

Jaipur

योग दिवस को लेकर महिला मोर्चा ने किया योगाभ्यास

मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल एवं शहर की अनेक मातृशक्तियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। यह योगाभ्यास रामरखी होटल परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर योगा ट्रेनर पूर्णिमा अजमेरा ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाते हुए उनकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा वीणा दशोरा, संजू लड्ढा, इंदिरा सुखवाल, प्रेम लोट, रमा शर्मा, मंजू पितलिया, जया कंवर, राखी राव, देवकी साहू, रानी मूंदड़ा, अलका मूंदड़ा, सीमा भंडारी, अंकिता मूंदड़ा, स्नेहा भराड़िया, सुमित्रा तोषनीवाल, आकांक्षा ईनाणी, दीप्ति ईनाणी, मिथिलेश अग्रवाल, प्रभा शर्मा, रिद्धि झंवर, सीमा मंडोवरा, अंतिमा जायसवाल, अंजू कलंत्री, चंदा समदानी, निर्मला समदानी, नीलू गुप्ता एवं अंशु भंडारी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। इस मौके पर योग अभियान के संभाग प्रभारी श्रवण सिंह राव ने योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है। कार्यक्रम में गोवर्धन जाट, नंदकिशोर लोहार, लोकेश त्रिपाठी, धीरज सुखवाल सहित शहर की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर योग के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाया। कार्यक्रम का समापन योग करें, निरोग रहें के संकल्प के साथ हुआ।

Ee Sanje • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga day

2 • PG | 653 • Sqcm | 24807 • AVE | 225K • Cir | Top Right

Bengaluru



ವಿಶ್ವ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ಅಂಗವಾಗಿ ಬೆಂಗಳೂರಿನ ವಿಧಾನಸೌಧ ಮುಂಭಾಗ ಆಯುಷ್ ಇಲಾಖೆ ವತಿಯಿಂದ ಹಮ್ಮಿಕೊಂಡಿದ್ದ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮಕ್ಕೆ ರಾಜ್ಯಪಾಲ ಥಾವರ್ ಚಂದ್ ಗೆಹ್ಲೋಟ್ ಚಾಲನೆ ನೀಡಿದರು. ಸಭಾಪತಿ ಬಸವರಾಜ ಹೊರಟ್ಟಿ, ಸಚಿವ ದಿನೇಶ್‌ಗುಂಡೂರಾವ್,ವಿಧಾನ ಪರಿಷತ್ ಸದಸ್ಯ ಶರವಣ, ನಟಿ ಸಾನ್ಯ ಅಯ್ಯರ್ ಮತ್ತಿತರರು ಪಾಲ್ಗೊಂಡಿದ್ದರು.

Ee Sanje • 21 Jun • Ministry of Ayush

Tomorrow international yoga day

6 • PG | 1213 • Sqcm | 46086 • AVE | 225K • Cir | Bottom Center

Bengaluru

ನಾಳೆ ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನ : ಯೋಗ-ಧ್ಯಾನ ಮಾಡುತ್ತಾ ಆಧ್ಯಾತ್ಮಿಕ ಸಂಪರ್ಕ ಸಾಧಿಸಿ

ಪ್ರತಿ ವರ್ಷ ಜೂನ್ 21ರಂದು, ಇಡೀ ಜಗತ್ತು ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನವನ್ನು ಆಚರಿಸುತ್ತದೆ. ಈ ದಿನವು ಯೋಗ ಮಾಡಲಷ್ಟೇ ಅಲ್ಲ ಆಂತರ್ಯದಿಂದ ನಮ್ಮನ್ನು ನಾವು ತಿಳಿದುಕೊಳ್ಳಲು, ಶಾಂತಿ ಅನುಭವಿಸಲು ಮತ್ತು ಉತ್ತಮ ಪ್ರಪಂಚದತ್ತ ಸಾಗಲು ಒಂದು ಅತ್ಯದ್ಭುತ ಮಾರ್ಗವಾಗಿದೆ.

ಈ ಯೋಗ ನಾವು ಒಬ್ಬಂಟಿಯಾಗಿಲ್ಲ, ಆದರೆ ಪರಸ್ಪರ ಮತ್ತು ಇಡೀ ವಿಶ್ವದೊಂದಿಗೆ ಸಂಪರ್ಕ ಹೊಂದಿದ್ದೇವೆ ಎಂಬುದನ್ನು ನೆನಪಿಸುತ್ತದೆ.

ಈ ವಿಶೇಷ ದಿನವನ್ನು ನಮ್ಮ ನಮ್ಮ ಮನೆಗಳಲ್ಲೂ ಸಹ ಬಹಳ ಯೋಗದ ಚಟುವಟಿಕೆಗಳೊಂದಿಗೆ ಸಂಭ್ರಮಿಸುವ ಮನೋಭಾವದೊಂದಿಗೆ ಆಚರಿಸಬಹುದು

ಯೋಗ ದಿನ ಆಚರಿಸುವ ಬಗೆ ಹೇಗೆ?:

ಯೋಗವನ್ನು ವ್ಯಾಯಾಮ, ಧ್ಯಾನ, ಯೋಗಾಸನಗಳನ್ನು ಮಾಡುವ ಮೂಲಕ ಯೋಗಾ ದಿನದವನ್ನು ಆಚರಿಸುತ್ತಾರೆ. ಆದರೆ ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನವನ್ನು ಆಚರಿಸಲು ವಿಭಿನ್ನ ಮಾರ್ಗಗಳಿವೆ.

ಯೋಗ ಸೂತ್ರ ಓದುವುದು: ಪತಂಜಲಿಯ ಯೋಗ ಸೂತ್ರವು ಯೋಗದ ಅತ್ಯಂತ ಹಳೆಯ ಪಠ್ಯವಾಗಿದೆ. ಜೀವನದ ಆಳವಾದ ವಿಷಯಗಳನ್ನು ಇದರಲ್ಲಿ ಹೇಳಲಾಗಿದೆ. ನಿಮ್ಮ ಮನಸ್ಸು ತೊಂದರೆಗೊಳಗಾಗಿದ್ದರೆ ಅಥವಾ ಗೊಂದಲಕ್ಕೊಳಗಾಗಿದ್ದರೆ, ಯೋಗಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತಹ ಸೂತ್ರಗಳನ್ನು ಓದಬಹುದು. ಇದು ಹೊಸ ದೃಷ್ಟಿಕೋನವನ್ನು ನೀಡುತ್ತದೆ. ಅವುಗಳ ಸರಳ ಅನುವಾದ ಅಂತರ್ಜಾಲದಲ್ಲಿಯೂ ಲಭ್ಯವಿದೆ.

ಒಳ್ಳೆಯ ಉದ್ದೇಶದೊಂದಿಗೆ ದಿನ ಪ್ರಾರಂಭಿಸಿ: ಪ್ರತಿಯೊಂದು ಯೋಗ ಆಸನಕ್ಕೂ ಒಂದು ಉದ್ದೇಶವಿದೆ. ಅದೇ ರೀತಿ, ನಮ್ಮ ಜೀವನದಲ್ಲೂ ಒಂದು ಉದ್ದೇಶ ಇರಬೇಕು. ನೀವು ಯಾವ ರೀತಿಯ ವ್ಯಕ್ತಿಯಾಗಲು ಬಯಸುತ್ತೀರಿ ಎಂಬುದರ ಕುರಿತು ಯೋಚಿಸಿ ಮತ್ತು ಆ ದಿಕ್ಕಿನಲ್ಲಿ ನಿಮ್ಮನ್ನು ಮುನ್ನಡೆಸುವ ಮೂರು ಸಣ್ಣ ಹೆಜ್ಜೆಗಳನ್ನು ಬರೆಯಿರಿ. ಅವುಗಳನ್ನು ಎಚ್ಚರಿಕೆಯಿಂದ ಅನುಸರಿಸಿ.

ಅಹಿಂಸೆ ಹಾಲಿಸುವ ಪ್ರತಿಜ್ಞೆ ಮಾಡಿ: ನಿಮ್ಮನ್ನು ಮತ್ತು ಇತರರನ್ನು ಪ್ರೀತಿಸಿ. ನೀವು ತಪ್ಪು ಮಾಡಿದರೆ, ನಿಮ್ಮನ್ನು ಕ್ಷಮಿಸಲು ಕಲಿಯಿರಿ. ಇತರರನ್ನು ಸಹ ಅರ್ಥ ಮಾಡಿಕೊಳ್ಳಿ. ಅವರ ಆಲೋಚನೆ ನಿಮ್ಮದಕ್ಕಿಂತ ಭಿನ್ನವಾಗಿದ್ದರೂ ಸಹ. ಇದು ಅಹಿಂಸೆಯ ನಿಜವಾದ ರೂಪ - ಯಾರಿಗೂ ನೋವುಂಟು ಮಾಡದೆ ಬದುಕುವುದು. ಅದನ್ನು ಅಭ್ಯಾಸ ಮಾಡಿ.

ತಂತ್ರಜ್ಞಾನದಿಂದ ದೂರವಿರಿ: ಒಂದು ಗಂಟೆ ಫೋನ್, ಟಿವಿ ಮತ್ತು ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಅನ್ನು ಸ್ಥಗಿತಗೊಳಿಸಿ, ಆ ಸಮಯದಲ್ಲಿ ನಿಮ್ಮ ಹೃದಯದ ಧ್ವನಿಯನ್ನು ಕೇಳಲು ಯತ್ನಿಸಿ. ಚಿತ್ರಬಿಡಿಸುವುದು, ಬರೆಯುವುದು ಅಥವಾ ಹೊರಗೆ ಕುಳಿತು ಪ್ರಕೃತಿಯ ನೋಟಗಳನ್ನು ನೋಡಬಹುದು.

ಮನೆಯನ್ನು ಸ್ವಚ್ಛಗೊಳಿಸಿ: ಯೋಗವು ನಿಮ್ಮ ದೇಹವನ್ನು ಮಾತ್ರವಲ್ಲದೆ ನಿಮ್ಮ ಸುತ್ತಲಿನ ಜಾಗವನ್ನು ಸಹ ಸ್ವಚ್ಛಗೊಳಿಸಲು ಕಲಿಸುತ್ತದೆ. ನಿಮಗೆ ಇನ್ನು ಮುಂದೆ ಅಗತ್ಯವಿಲ್ಲದ ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ತೆಗೆದುಹಾಕಿ. ನಿಮ್ಮ ಜೀವನ ಸರಳವಾಗಿದ್ದರೆ, ಹೆಚ್ಚು ಶಾಂತಿಯನ್ನು ಅನುಭವಿಸಬಹುದು.

ಶುದ್ಧೀಕರಣ ಸ್ನಾನ: ಹತ್ತಿರದಲ್ಲಿ ನದಿ, ಕೊಳ ಅಥವಾ ಸರೋವರವಿದ್ದರೆ ಅದರಲ್ಲಿ ಮಿಂದೇಳಿ. ಇಲ್ಲದಿದ್ದರೆ, ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಸ್ನಾನ ಮಾಡುವಾಗ, ನೀರು ನಿಮ್ಮ ಒತ್ತಡ ಮತ್ತು ನಕಾರಾತ್ಮಕತೆಯನ್ನು ದೂರ ಮಾಡುತ್ತಿದೆ ಎಂದು ಭಾವಿಸಿಕೊಳ್ಳಿ.

ಧನ್ಯವಾದದೊಂದಿಗೆ ದಿನ ಆರಂಭಿಸಿ: ನೀವು ಕೃತಜ್ಞರಾಗಿರುವ ವಿಷಯಗಳನ್ನು ಕಾಗದದ ಮೇಲೆ ಬರೆದಿಟ್ಟುಕೊಳ್ಳಿ ಇಲ್ಲವೇ ಮನದಲ್ಲೇ ಸ್ಮರಿಸಿಕೊಳ್ಳಿ. ಧನ್ಯವಾದ ಹೇಳುವ ಭಾವನೆಯು ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಸಕಾರಾತ್ಮಕತೆಯನ್ನು ತರುತ್ತದೆ.

ನಿತ್ಯ ಯೋಗ ಮಾಡಲು ಸಂಕಲ್ಪ ಮಾಡಿ: ಪ್ರತಿ ದಿನ ಒಂದು ಗಂಟೆ ಯೋಗ ಮಾಡುವುದು ಅನಿವಾರ್ಯವಲ್ಲ, 5 ನಿಮಿಷಗಳ ಕಾಲ ಚಾಪೆಯ ಮೇಲೆ ಕುಳಿತುಕೊಳ್ಳಿ, ಕ್ರಮೇಣ, ಈ ಅಭ್ಯಾಸವು ನಿಮ್ಮ ಜೀವನದ ಭಾಗವಾಗುತ್ತದೆ.

ಯೋಗ ಆಸನಗಳನ್ನು ಮಾಡಿ: ಚಿಕ್ಕವರಿರಲಿ, ದೊಡ್ಡವರೇ ಇರಲಿ, ಮಹಿಳೆಯರು, ಪುರುಷರು, ಯುವಕ-ಯುವತಿಯರು ಯಾರೇ ಆಗಿರಲಿ ಯೋಗಾಭ್ಯಾಸ ಮುಖ್ಯ. ನಿಮ್ಮ ದೇಹವನ್ನು ಹಿಗ್ಗಿಸಿ, ನಿಮ್ಮ ಉಸಿರಾಟದ ಮೇಲೆ ಕೇಂದ್ರೀಕರಿಸಿ ಮತ್ತು ನಿಮ್ಮೊಂದಿಗೆ ಸ್ವಲ್ಪ ಸಮಯ ಕಳೆಯಿರಿ.

ನೆನಪಿಡಿ - ಯೋಗವು ಸಿದ್ಧಿ ಅಲ್ಲ, ಅದು ಒಂದು ಸಾಧನೆ. ಅಭ್ಯಾಸದ ಮೂಲಕ ಸಾಧಿಸುತ್ತಾ ಸಾಗಿ. ಧ್ಯಾನ ಮಾಡುತ್ತಾ ಆಲೋಚನೆಗಳ ಮೇಲೆ ಕೇಂದ್ರೀಕರಿಸಿ

ಪ್ರಶಾಂತವಾದ ಇಲ್ಲವೇ ಪಾಶ್ವ ಅನ್ನಿಸುವ ಜಾಗದಲ್ಲಿ ಕುಳಿತುಕೊಂಡು ಕಣ್ಣುಗಳನ್ನು ಮುಚ್ಚಿ ಮತ್ತು ಆಳವಾಗಿ ಉಸಿರಾಡಿ. ನಿಮ್ಮ ಆಲೋಚನೆಗಳು ಬಂದು ಹೋದಂತೆಲ್ಲ. ಅದನ್ನು ನಿಯಂತ್ರಿಸುವ, ಸಾಧಿಸುವ ಮಾರ್ಗೋಪಾಯಗಳು ಗೋಚರಿಸುತ್ತಾ ಸಾಗುತ್ತದೆ. ಈ ಅಭ್ಯಾಸವು ನಮ್ಮನ್ನು ಒಳಗಿನಿಂದ ಶಾಂತಿಯುತಗೊಳಿಸುವುದಷ್ಟೇ ಅಲ್ಲದೆ ನಮಗೆ ಎದುರಾಗುವ ಸಮಸ್ಯೆಗಳ ಬಗ್ಗೆ, ಅನುಸರಿಸುವ ಕ್ರಮಗಳ ಬಗ್ಗೆ ತಾಳ್ಮೆಯಿಂದ ವರ್ತಿಸುವ ಪ್ರವೃತ್ತಿಯನ್ನು ಬೆಳೆಸುತ್ತದೆ.

Sanjevani • 22 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga day 2025

3 • PG | 1275 • Sqcm | 42082 • AVE | 50K • Cir | Top Center

Bengaluru

ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ 2025

ದಿನ ನಿತ್ಯ ಯೋಗ ಮಾಡಲು ಸಚಿವೆ ಹೆಬ್ಬಾಳ್ಕರ್ ಕರೆ

ಬೆಂಗಳೂರು ಜೂ.21– ಇಡೀ ವಿಶ್ವವೇ ಭಾರತದ ಆರೋಗ್ಯ ಪದ್ಧತಿಯನ್ನು ಅಳವಡಿಸಿಕೊಂಡಿದೆ. ಪ್ರತಿಯೊಬ್ಬರು ಯೋಗವನ್ನು ನಿತ್ಯ ಪರಂಪರೆಯಾಗಿ ಅಳವಡಿಸಿಕೊಳ್ಳಬೇಕು. ಪ್ರತಿದಿನ ಕನಿಷ್ಠ 30 ನಿಮಿಷವಾದರೂ ಯೋಗ ಮಾಡಬೇಕು ಎಂದು ಮಹಿಳಾ ಮತ್ತು ಮಕ್ಕಳ ಅಭಿವೃದ್ಧಿ ಸಚಿವರು ಹಾಗೂ ಜಿಲ್ಲಾ ಉಸ್ತುವಾರಿ ಸಚಿವರಾದ ಲಕ್ಷ್ಮೀ ಹೆಬ್ಬಾಳಕರ ಹೇಳಿದರು.



ಅಜ್ಜರಕಾಡುಮೈದಾನದಲ್ಲಿರುವ ಮಹಾತ್ಮಗಾಂಧಿ ಜಿಲ್ಲಾ ಕ್ರೀಡಾಂಗಣದಲ್ಲಿ ಶನಿವಾರ ನಡೆದ 11ನೇ ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮದಲ್ಲಿ ಮಾತನಾಡಿದ ಸಚಿವರು, ಯೋಗದಿಂದ ಮಾತ್ರ ಮನಸ್ಸಿಗೆ ಉಲ್ಲಾಸ ಸಿಗುತ್ತದೆ ಎಂದರು.

ನಾನು ಕಳೆದ 25 ವರ್ಷಗಳಿಂದ ಯೋಗಾಭ್ಯಾಸ ಮಾಡುತ್ತಿದ್ದೇನೆ. ನಾನು ದಿನಕ್ಕೆ 15 ಗಂಟೆ ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ ಸಾಮರ್ಥ್ಯದ ಹಿಂದೆ ಯೋಗವಿದೆ. ಇದೇ ಜನವರಿ 14 ರಂದು ನನಗೆ ಅಪಘಾತ ಆಯಿತು. ಬೆನ್ನು ನೋವಿನಿಂದಾಗಿ ಇಂದು ಯೋಗ ಮಾಡಲು ಸಾಧ್ಯವಾಗಿಲ್ಲ ಎಂದು ಹೇಳಿದರು.

ನಾನು ವಾರಕ್ಕೆ ಐದು ದಿನ ಯೋಗ ಮಾಡುತ್ತೇನೆ. ಇವತ್ತಿನ ಆಧುನಿಕ ಜಗತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಯೋಗ ಬೇಕೇ ಬೇಕು. ಪ್ರತಿ ದಿನ 25 ರಿಂದ 50 ಸೂರ್ಯ ನಮಸ್ಕಾರ ಮಾಡುತ್ತಿದ್ದೆ. ಭುಜಂಗಾಸನ, ವೀರಭದ್ರಾಸನ, ಪ್ರಾಣಾಯಾಮ ನನ್ನ ಆರೋಗ್ಯದ ಗುಟ್ಟು ಎಂದು ಸಚಿವೆ ಲಕ್ಷ್ಮೀ ಹೆಬ್ಬಾಳಕರ್ ಹೇಳಿದರು.


ಉಡುಪಿ ಜಿಲ್ಲೆ ಎಸ್.ಎಸ್ ಎಲ್ಸಿಯಲ್ಲಿ ಏರಡನೇ, ಪಿಯುಸಿಯಲ್ಲಿ ಮೊದಲ ಸ್ಥಾನ ಪಡೆದಿದ್ದು, ಶೈಕ್ಷಣಿಕವಾಗಿ ಜಿಲ್ಲೆ ತನ್ನ ಸಾಮರ್ಥ್ಯ ಹೆಚ್ಚಿಸಿಕೊಂಡಿದೆ. ದೇಶದ ಸಂಸ್ಕೃತಿ ಆಚಾರ, ವಿಚಾರವನ್ನು ಎಲ್ಲರೂ ಅಳವಡಿಸಿಕೊಳ್ಳಬೇಕು. ತಂದೆ ತಾಯಂದಿರು ನಮ್ಮ ಮಕ್ಕಳೇ ನಮಗೆ ಆಸ್ತಿ ಎನ್ನುತ್ತಾರೆ. ಮಕ್ಕಳು ಕೂಡ ನಮ್ಮ ತಂದೆ ತಾಯಿಯೇ ನಮ್ಮ ಆಸ್ತಿ ಎನ್ನುವಂತೆ ಆಗಲಿ ಎಂದು ಹೇಳಿದರು.

ಯೋಗವೆಂದರೆ ಕೇವಲ ವ್ಯಾಯಾಮ, ಪ್ರಾಣಾಯಾಮ ಮಾತ್ರ ಅಲ್ಲ, ಅದೊಂದು ಆರೋಗ್ಯಕರ ಜೀವನದ ವಿಧಾನ. ಯೋಗವಿದ್ದಲ್ಲಿ ರೋಗವಿಲ್ಲ, ಯೋಗವೇ ಭೋಗವಾದರೆ ಮನುಷ್ಯನ ಎಲ್ಲಾ ಚಟುವಟಿಕೆಗಳು ಸ್ವಾಭಿಮಾನದ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ಗಳಿಸುತ್ತದೆ. ನಮ್ಮ ಪ್ರಧಾನಿ ಮೋದಿ ಅವರು ಇಡೀ ವಿಶ್ವಕ್ಕೆ ಯೋಗದ ಮಹತ್ವದ ಬಗ್ಗೆ ಹೇಳಿಕೊಟ್ಟರು ಎಂದರು.

ಈ ವೇಳೆ ಶಾಸಕ ಯಶ್ಪಾಲ್ ಸುವರ್ಣ, ಗುರ್ಮೆ ಸುರೇಶ್ ಶೆಟ್ಟಿ, ಜಿಲ್ಲಾ ಗ್ಯಾರಂಟಿ ಯೋಜನೆಗಳ ಅನುಷ್ಠಾನ ಸಮಿತಿ ಅಧ್ಯಕ್ಷರಾದ ಅಶೋಕ್ ಕೊಡವೂರು, ಪ್ರವಾಸ್ ರಾಜ್ ಕಾಂಚನ್, ರಮೇಶ್ ಕಾಂಚನ್, ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿ ಸ್ವರೂಪ.ಟಿ.ಕೆ, ಜಿಲ್ಲಾ ಪಂಚಾಯತ್ ಸಿಇಒ ಪ್ರತೀಕ್ ಬಾಯಲ್, ಡಿವೈ ಎಸ್ ಪಿ ಗಣಪತಿ, ಜಿಲ್ಲಾ ಆಯುಷ್ ಅಧಿಕಾರಿ ಡಾ.ಸತೀಶ್ ಆಚಾರ್ಯ, ಕ್ರೀಡಾ ಇಲಾಖೆ ಉಪ ನಿರ್ದೇಶಕ ರೋಷನ್ ಶೆಟ್ಟಿ ಸೇರಿದಂತೆ ವಿವಿಧ ಇಲಾಖೆಗಳ ಅಧಿಕಾರಿಗಳು, ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಉಪಸ್ಥಿತರಿದ್ದರು.



ವಿಧಾನಸೌಧದ ಮುಂಭಾಗದಲ್ಲಿ ರಾಜ್ಯದ ಆರೋಗ್ಯ ಇಲಾಖೆ ಆಯೋಜಿಸಿದ್ದ ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗದಿನಾಚರಣೆ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮವನ್ನು ಅದ್ದೂರಿಯಲು ಆಗಮಿಸಿದ ರಾಜ್ಯಪಾಲ ಥಾವರ್‌ಚಂದ್ ಗೆಲ್ಲೋಟ್ ಅವರನ್ನು ವಿಧಾನ ಪರಿಷತ್ತಿನ ಸಭಾಪತಿ ಬಸವರಾಜ ಹೊರಟ್ಟಿ ಆರೋಗ್ಯ ಸಚಿವ ದಿನೇಶ್‌ಗುಂಡೂರಾವ್ ಸ್ವಾಗತಿಸಿದರು. ಆರೋಗ್ಯ ಇಲಾಖೆಯ ಪ್ರಧಾನ ಕಾರ್ಯದರ್ಶಿ ಹರ್ಷಗುಪ್ತ ಇದ್ದಾರೆ.



ವಿಧಾನ ಸೌಧದ ಮುಂಭಾಗ ನೂರಾರು ಮಂದಿ ಸಾರ್ವಜನಿಕರು ಯೋಗಾಸನ ಮಾಡುತ್ತಿರುವುದು.



ತಮಿಳುನಾಡಿನ ಸೇಲಂ ಅಮ್ಮ ಕಾಲೇಜಿನ ಆವರಣದಲ್ಲಿ ನಡೆದ ಅಂತರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮದಲ್ಲಿ ಕೇಂದ್ರ ಸಚಿವ. ಎಚ್.ಡಿ ಕುಮಾರಸ್ವಾಮಿ ಪಾಲ್ಗೊಂಡು ಯೋಗಾಸನ ಮಾಡಿದರು.



ಆಹಾರ ಸಚಿವ ಕೆ.ಹೆಚ್. ಮುನಿಯಪ್ಪ ಅವರು ತಮ್ಮ ನಿವಾಸದಲ್ಲಿ ಯೋಗಾಸನ ಮಾಡುತ್ತಿರುವುದು.



ಯೋಗಾಸನದಲ್ಲಿ ನಿರತರಾಗಿರುವ ಜಿಪಿಪಿ ರಾಜ್ಯಾಭ್ಯಕ್ಷ ಹಾಗೂ ಶಾಸಕ ಜಿ.ವಿ ವಿಜಯೇಂದ್ರ.

ಮೈಸೂರು ಅರಮನೆಯಲ್ಲಿ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ

ಮೈಸೂರು,ಜೂ.21–11 ನೇ ಅಂತರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗದಿನಾಚರಣೆ ಅಂಗವಾಗಿ ಇಂದು ಮೈಸೂರು ಅರಮನೆಯಲ್ಲಿ ಯೋಗಪ್ರದರ್ಶನ ಹಮ್ಮಿಕೊಳ್ಳಲಾಗಿತ್ತು.ವಿಶ್ವ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮವನ್ನ ಗಣ್ಯರು ಜ್ಯೋತಿ ಬೆಳಗುವ ಮೂಲಕ ಚಾಲನೆ ನೀಡಿದರು. ಈ ಬಾರಿ ಒಂದು ಭೂಮಿ ಒಂದು ಆರೋಗ್ಯಕ್ಕಾಗಿ ಯೋಗ ಎಂಬ ಘೋಷವಾಕ್ಯದಡಿ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ಆಚರಿಸಲಾಯಿತು. ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆಯಲ್ಲಿ ಸಾವಿರಾರು ಯೋಗಪಟುಗಳು ಭಾಗಿಯಾಗಿ ವಿವಿಧ ಯೋಗ ಭಂಗಿಗಳನ್ನ ಪ್ರದರ್ಶಿಸಿದರು. ಇದೇ ಮೊದಲ ಬಾರಿ ಅಂಧ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ವಿಶ್ವ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆಯಲ್ಲಿ ಭಾಗಿಯಾಗಿದ್ದರು. ಬಂಗಾರು ಬಾರಿ ಕಂಬಿ ನಾದ ಮೊಳಗಿಸುವ ಮೂಲಕ ಯೋಗಾಸನಕ್ಕೆ ಚಾಲನೆ ನೀಡಲಾಯಿತು. ಕಾರ್ಯಕ್ರಮದಲ್ಲಿ ಜಿಲ್ಲಾ ಉಸ್ತುವಾರಿ ಸಚಿವ ಡಾ. ಹೆಚ್ ಸಿ ಮಹದೇವಪ್ಪ, ಸಂಸದ ಯದುವೀರ್ ಕೃಷ್ಣದತ್ತ ಚಾಮರಾಜ ಒಡೆಯರ್, ಶಾಸಕ ಶ್ರೀವತ್ಸ, ಮೈಸೂರು ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿ ಲಕ್ಷ್ಮೀಕಾಂತರೆಡ್ಡಿ, ಜಿಲ್ಲಾ ಎಸ್ಪಿ ವಿಷ್ಣುವರ್ಧನ್, ನಗರ ಪೊಲೀಸ್ ಆಯುಕ್ತ ಸೀಮಾ ಲಾಟ್ಕರ್ ಸೇರಿದಂತೆ ಮತ್ತಿತರ ಪ್ರಮುಖರು ಭಾಗಿಯಾಗಿದ್ದರು.ಹಲವು ಮಂದಿ ವಿದೇಶಿಗರು ಕೂಡ ಭಾಗಿಯಾಗಿದ್ದರು.



ಮೈಸೂರಿನಲ್ಲಾಂದು ನಡೆದ ಯೋಗಾಸನದಲ್ಲಿ ಭಾಗವಹಿಸಿದ್ದ ಮಕ್ಕಳಿಗೆ ಹಸ್ತಲಾಘವ ನೀಡುತ್ತಿರುವ ಸಮಾಜ ಕಲ್ಯಾಣ ಸಚಿವ ಎಚ್.ಸಿ. ಮಹದೇವಪ್ಪ



ಜೆರಾಕ್ಸ್ ಅಂಗಡಿಗೆ ನುಗ್ಗಿದ ಕಾರು ಲಕ್ಷಾಂತರ ನಷ್ಟ

ಬೆಂಗಳೂರು,ಜೂ.21–ವೇಗವಾಗಿ ಹೋಗುತ್ತಿದ್ದ ಸ್ಕಾರ್ಪಿಯೋ ಕಾರು ಜೆರಾಕ್ಸ್ ಅಂಗಡಿಗೆ ನುಗ್ಗಿ ಲಕ್ಷಾಂತರ ಮೌಲ್ಯದ ಯಂತ್ರಗಳು ಹಾನಿಯಾಗಿರುವ ದುರ್ಘಟನೆ ಕೆನಕಪುರ ರಸ್ತೆಯ ಜಂಕ್ಷನ್ ನಲ್ಲಿನ್ನೆ ಮಧ್ಯರಾತ್ರಿ ನಡೆದಿದೆ. ಕನಕಪುರ ರಸ್ತೆಯ ಜಂಕ್ಷನ್ ನಲ್ಲಿ ರಾತ್ರಿ 12.30ರ ವೇಳೆ ವೇಗವಾಗಿ ಬರುತ್ತಿದ್ದ ಸ್ಕಾರ್ಪಿಯೋ ಕಾರು ಚಾಲಕ ತಿರುವು ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳಲು ಹೋಗಿ ಸಂದೀಶ್ ಅವರ ಬನಶಂಕರಿ ಎಂಟರ್ ಪ್ರೈಸಸ್ ಅಂಗಡಿಗೆ ನುಗ್ಗಿದೆ.

ಕಾರು ನುಗ್ಗಿದ ರಭಸಕ್ಕೆ ಅಂಗಡಿಯ ರೋಲಿಂಗ್ ಶಟರ್ ಮುರಿದು ಅರ್ಧಭಾಗ ಒಳನುಗ್ಗಿ ಕಲರ್ ಜೆರಾಕ್ಸ್ ಯಂತ್ರ ಕಂಪ್ಯೂಟರ್ ,ಇನ್ವಿತರ ಎಲೆಕ್ಟ್ರಾನಿಕ್ ಯಂತ್ರಗಳು ಹಾನಿಯಾಗಿದ್ದು ಸುಮಾರು 6 ಲಕ್ಷ ನಷ್ಟ ಉಂಟಾಗಿದೆ. ಈ ಸಂಬಂಧ ಸಂದೀಶ್ ಅವರು ನೀಡಿರುವ ದೂರು ದಾಖಲಿಸಿಕೊಂಡಿರುವ ಬನಶಂಕರಿ ಸಂಚಾರ ಪೊಲೀಸರು ಮುಂದಿನ ತನಿಖೆಯನ್ನು ಕೈಗೊಂಡಿದ್ದಾರೆ.





ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗದಿನದ ಅಂಗವಾಗಿ ಕೇಂದ್ರ ರೈಲ್ವೆಖಾತೆ ರಾಜ್ಯ ಸಚಿವ ವಿ. ಸೋಮಣ್ಣನವರು ಹಾಸನದ ಹಲೇಜೀಡಿನಲ್ಲಿ ಯೋಗಮಾಡುತ್ತಿರುವುದು

ಸಾಂಬಾರು ಪಾತ್ರೆಯಲ್ಲಿ ಬಿದ್ದು ಮಗು ಸಾವು

ಹಾವೇರಿ,ಜೂ.21–ಮೈಮರೆವೆ ಸಮಾರಂಭದಲ್ಲಿ ಕುದಿಯುತ್ತಿದ್ದ ಸಾಂಬಾರು ಪಾತ್ರೆಯಲ್ಲಿ ಬಿದ್ದು ಗಂಭೀರವಾಗಿ ಗಾಯಗೊಂಡಿದ್ದ ಎರಡು ವರ್ಷದ ಮಗು ಚಿಕಿತ್ಸೆ ಫಲಿಸದೆ ಮೃತಪಟ್ಟಿರುವ ಘಟನೆ ಶಿಗ್ಗಾಂವಿ ತಾಲೂಕಿನ ಕುನ್ನೂರು ಗ್ರಾಮದಲ್ಲಿ ನಡೆದಿದೆ.

ಹುಬ್ಬಳ್ಳಿ ತಾಲೂಕಿನ ಚಿನ್ನಾಪುರ ಗ್ರಾಮದ ಮಕ್ತುಮ್ ಸಾಬ್ ಸನದಿ ಅವರ ಪುತ್ರಿ ರುಕ್ಸಾನಾಬಾನು ಸನದಿಮೃತ ಬಾಲಕಿ. ಕಳೆದ ಜೂ.14ರಂದು ಶಿಗ್ಗಾಂವಿ ತಾಲೂಕಿನ ಕುನ್ನೂರು ಗ್ರಾಮದ ಶರೀಫ್‌ಸಾಬ್ ಯರಗುಪ್ಪಿ ಅವರ ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಮದುವೆ ಸಮಾರಂಭಕ್ಕೆಂದು ಪೋಷಕರೊಂದಿಗೆ ಬಾಲಕಿ ಆಗಮಿಸಿದ್ದಳು. ಮನೆಯ ಕಟ್ಟೆ ಮೇಲೆ ಆಟವಾಡುತ್ತಿದ್ದ ಬಾಲಕಿ ಅಲ್ಲಿ ಪಕ್ಕದಲ್ಲಿದ್ದ ದೊಡ್ಡ ಸಾಂಬಾರು ಪಾತ್ರೆಯೊಳಗೆ ಆಕಸ್ಮಿಕವಾಗಿ ಬಿದ್ದಿದ್ದಾಳೆ. ತಕ್ಷಣ ಬಾಲಕಿಯನ್ನು ಸ್ಥಳದಲ್ಲಿದ್ದವರು ಸಾಂಬಾರು ಪಾತ್ರೆಯಿಂದ ಮೇಲಕ್ಕೆ ಎತ್ತಿದ್ದಾರೆ. ಗಂಭೀರ ಸುಟ್ಟ ಗಾಯಗಳಾಗಿದ್ದ ಬಾಲಕಿಯನ್ನು ಹುಬ್ಬಳ್ಳಿಯ ಕಿಮ್ಸ್‌ಗೆ ದಾಖಲಿಸಲಾಗಿತ್ತು. ದುರಾದೃಷ್ಟವಶಾತ್ ಚಿಕಿತ್ಸೆ ಫಲಿಸದೆ ಬಾಲಕಿ ಕೊನೆಯುಸಿರೆಳೆದಿದ್ದಾಳೆ. ಘಟನೆ ಸಂಬಂಧ ತಡಸ ಪೊಲೀಸ್ ಠಾಣೆಯಲ್ಲಿ ಪ್ರಕರಣ ದಾಖಲಾಗಿದೆ.

Sanjevani • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga day in Devanahalli

2 • PG | 153 • Sqcm | 5055 • AVE | 50K • Cir | Bottom Left

Bengaluru

ದೇವನಹಳ್ಳಿಯಲ್ಲಿ ಅಂತರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ



ದೇವನಹಳ್ಳಿ ಬೆಂ ಗ್ರಾ ಜೂ2– ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ ಜಿಲ್ಲಾ ಪಂಚಾಯತ್ ಬೆಂಗಳೂರು ಗ್ರಾಮಾಂತರ ಜಿಲ್ಲೆ ಇವರ ಸಹಯೋಗದಲ್ಲಿ ಮಾನ್ಯ ಎಬಿ ಬಸವರಾಜ್ ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳ ಒಂದು ಭೂಮಿ ಒಂದು ಆರೋಗ್ಯಕ್ಕಾಗಿ ಯೋಗ ಘೋಷವಾಕ್ಯದೊಂದಿಗೆ ಜಿಲ್ಲಾಮಟ್ಟ 11ನೇ ಅಂತರರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ಆಚರಣೆ ಮಾಡಲಾಯಿತು.

ಜಿಲ್ಲಾ ಆಯುಷ್ ಕಚೇರಿ, ಬೆಂಗಳೂರು ಗ್ರಾಮಾಂತರ ಜಿಲ್ಲೆ ಇವರ ಸಹಯೋಗದಲ್ಲಿ ಆರೋಗ್ಯ ಮತ್ತು ಕುಟುಂಬ ಕಲ್ಯಾಣ ಇಲಾಖೆ ಯುವ ಸಬಲೀಕರಣ ಮತ್ತು ಕ್ರೀಡಾ ಇಲಾಖೆ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ ಅಕ್ಷರ ದಾಸೋಹ ವಾರ್ತಾ ಮತ್ತು ಪ್ರಚಾರ ಇಲಾಖೆ ಪರಿಶಿಷ್ಟ ವರ್ಗಗಳ ಕಲ್ಯಾಣ ಇಲಾಖೆ ಸಮಾಜ ಕಲ್ಯಾಣ ಇಲಾಖೆ ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ ಆಹಾರ ನಾಗರಿಕ ಸರಬರಾಜು ಇಲಾಖೆ ಅಬಕಾರಿ ಇಲಾಖೆ ಹಿಂದುಳಿದ ವರ್ಗಗಳ ಕಲ್ಯಾಣ ಇಲಾಖೆ ಪುರಸಭೆ ದೇವನಹಳ್ಳಿ ಇವರ ಸಹಯೋಗದಲ್ಲಿ 11ನೇ ಅಂತರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ದಿನಾಚರಣೆಯನ್ನು ದೇವನಹಳ್ಳಿ ಟೌನ್ ಕ್ರೀಡಾಂಗಣದಲ್ಲಿ ಆಚರಿಸಲಾಯಿತು.

ಸರ್ಕಾರಿ, ಖಾಸಗಿ ಶಾಲೆ ಮಕ್ಕಳು, ಪತಂಜಲಿ ಯೋಗ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಂಸ್ಥೆ, ಹಾಗು ಪುರಸಭೆ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು,ಉಪಾಧ್ಯಕ್ಷರು ಸೇರಿದಂತೆ ಹಲವರು ಉಪಸ್ಥಿತರಿದ್ದರು.

ಪ್ರತಿವರ್ಷವೂ ಶಾಸಕರು ಸಂಸದರು ಹಾಗೂ ತಾಲೂಕು ಜಿಲ್ಲಾ ಮಟ್ಟದ ಇಲಾಖೆಯ ಅಧಿಕಾರಿಗಳು ಬಾಗವಹಿಸುತ್ತಿದ್ದರು ಆದರೆ ಇವತ್ತಿನ 11ನೇ ವರ್ಷದ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ಗೆ ಜನ ಪ್ರತಿನಿಧಿಗಳು , ಜಿಲ್ಲಾ ಉಸ್ತುವಾರಿ ಸಚಿವ, ಶಾಸಕ ಕೆ ಹೆಚ್ ಮುನಿಯಪ್ಪ ಹಾಗು ಸಂಸದ ಸುಧಾಕರ್ ಗೈರು ಹಾಜರಿಯಲ್ಲಿ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ನಿರಾಯಾಸವಾಗಿ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಜರುಗಿತ್ತು.

Samyuktha Karnataka • 22 Jun • Ministry of Ayush

23 World record yoga day

1 • PG | 293 • Sqcm | 117355 • AVE | 84.88K • Cir | Middle Left

Bengaluru

23 ವಿಶ್ವ ದಾಖಲೆಯ ಯೋಗ ದಿನ

ಆಂಧ್ರ ಪ್ರದೇಶದಲ್ಲಿ ೩ ಲಕ್ಷ ಜನರಿಂದ ಯೋಗಾಸನ



ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆ ಪ್ರಯುಕ್ತ ಶನಿವಾರ ಆಂಧ್ರದಲ್ಲಿ ಪ್ರಧಾನಿ ನರೇಂದ್ರ ಮೋದಿ ಯೋಗಾಭ್ಯಾಸ ಮಾಡಿದರು. 23 ವಿಶ್ವ ದಾಖಲೆಗಳಿಗೆ ಈ ಯೋಗ ಸಂಗಮ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಸಾಕ್ಷಿಯಾಯಿತು.

ಯೋಗದಿಂದ ವಿಶ್ವ ಶಾಂತಿ

ಇಂದು ಇಡೀ ಜಗತ್ತು ಒಂದು ರೀತಿಯ ಉದ್ವಿಗ್ನತೆಯನ್ನು ಎದುರಿಸುತ್ತಿದೆ. ಅನೇಕ ಪ್ರದೇಶಗಳಲ್ಲಿ, ಅಶಾಂತಿ ಮತ್ತು ಅಸ್ಥಿರತೆ ಹೆಚ್ಚುತ್ತಿದೆ. ಇಂತಹ ಪರಿಸ್ಥಿತಿಯಲ್ಲಿ ಯೋಗ ನಮಗೆ ಶಾಂತಿಯ ದಿಕ್ಕನ್ನು ತೋರಿಸುತ್ತದೆ. ಮಾನವೀಯತೆಯ ಉಸಿರಿಗೆ, ಜಗತ್ತಿನ ಸಮತೋಲನಕ್ಕೆ ಯೋಗ ಅತ್ಯಗತ್ಯ. ಆಂತರಿಕ ಶಾಂತಿಗೂ ಯೋಗ ಅನಿವಾರ್ಯ.

▪ ನರೇಂದ್ರ ಮೋದಿ, ಪ್ರಧಾನಮಂತ್ರಿ

Samyuktha Karnataka • 22 Jun • Ministry of Ayush
Yoga day celebrations in world wide

7 • PG | 826 • Sqcm | 330400 • AVE | 84.88K • Cir | Middle Center

Bengaluru

ಜಗತ್ತಿನಾದ್ಯಂತ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆಯ ಸಂಭ್ರಮ

ಕೋಟ್ಯಂತರ ಜನರಿಂದ ಯೋಗ ಪ್ರದರ್ಶನ

ನವದೆಹಲಿ: ಭಾರತವೂ ಒಳಗೊಂಡಂತೆ ಜಗತ್ತಿನಾದ್ಯಂತ ಹನ್ನೊಂದನೇ ಅಂತಾರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣೆಯನ್ನು ಶನಿವಾರ ಬಹಳ ಅಮಿತೋತ್ಸಾಹದಿಂದ ನಡೆಸಲಾಯಿತು. ಈ ಬಾರಿಯ ಧ್ಯೇಯವಾಕ್ಯವು ವೈಯಕ್ತಿಕ ಯೋಗಕ್ಷೇಮ ಹಾಗೂ ಪ್ರಾಪಂಚಿಕ ಆರೋಗ್ಯ ನಡುವೆ ಸಂಪರ್ಕ ಕಲ್ಪಿಸುವ ಒಂದೇ ಭೂಮಿಗಾಗಿ ಯೋಗ ಮತ್ತು ಆರೋಗ್ಯ ಎಂಬುದಾಗಿತ್ತು.

ಪ್ರಧಾನಿ ನರೇಂದ್ರ ಮೋದಿ ಅವರು ಆಂಧ್ರಪ್ರದೇಶದ ವಿಶಾಖಪಟ್ಟಣದಲ್ಲಿ ನಿರ್ವಹಿಸಿದ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣಾ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮದಲ್ಲಿ ಮೂರು ಲಕ್ಷಕ್ಕೂ ಹೆಚ್ಚು ಜನರು ಭಾಗವಹಿಸಿದರು. ಯೋಗ ಸಂಗಮ ಉಪಕ್ರಮದಡಿಯಲ್ಲಿ ದೇಶದ ಒಂದು ಲಕ್ಷಕ್ಕೂ ಹೆಚ್ಚು ಸ್ಥಳಗಳಲ್ಲಿ ನಡೆಯುತ್ತಿದ್ದ ಯೋಗ ದಿನಾಚರಣಾ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮಗಳನ್ನು ಸಂಯೋಜಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮಗಳಡಿ ಎರಡು ಕೋಟಿಗಳಿಗೂ ಅಧಿಕ ಯೋಗಪಟುಗಳು ಪಾಲ್ಗೊಂಡರು.

ಆಂಧ್ರಪ್ರದೇಶ ಸರ್ಕಾರ ಈ ಬಾರಿ ತಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ದಾಖಲೆ ಯೋಗಾಭ್ಯಾಸಿಗಳ ಯೋಗ ಪ್ರದರ್ಶನ ಆಯೋಜಿಸುವ ಮೂಲಕ ಗಿನ್ನೆಸ್ ದಾಖಲೆ ಪ್ರವೇಶಿಸಿತು. ಈ ಸಂಬಂಧ 50 ಲಕ್ಷ ಯೋಗಾಭ್ಯಾಸಿಗಳಿಗೆ ಪ್ರಮಾಣಪತ್ರ ವಿತರಿಸಿದೆ. ಆಂಧ್ರಪ್ರದೇಶ ವಿವಿಯಲ್ಲಿ ಬುಡಕಟ್ಟು ಸಮುದಾಯದ 25 ಸಾವಿರ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು 108 ನಿಮಿಷಗಳಲ್ಲಿ 108 ಸೂರ್ಯನಮಸ್ಕಾರ ಮಾಡಿರುವ ಸಾಧನೆಯನ್ನೂ ಮಾಡಿದರು.



ಡೆಹರಾಡೂನ್ ಪೊಲೀಸ್ ಲೈನ್ ಮೈದಾನದಲ್ಲಿ ರಾಷ್ಟ್ರಪತಿ ದ್ರೌಪದಿ ಮುರ್ಮು ಯೋಗಾಭ್ಯಾಸದಲ್ಲಿ ನಿರತರಾದ ಸಂದರ್ಭ.

ರಾಜಧಾನಿ ದೆಹಲಿಯಲ್ಲಿರುವ ಕೆಂಪುಕೋಟೆ ಸೇರಿದಂತೆ ದೇಶದಾದ್ಯಂತ 109 ಪ್ರಮುಖ ಸ್ಥಳಗಳಲ್ಲಿ ಅದ್ಧೂರಿ ಯೋಗ ಪ್ರದರ್ಶನ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮಗಳು ನಡೆದವು. ಆಯುಷ್ ಸಚಿವಾಲಯವು ಸಮಾಜದ ಎಲ್ಲಾ ವರ್ಗಗಳೂ ತೊಡಗಿಕೊಳ್ಳುವ ಯೋಗ ಬಂಧನ್, ಹರಿತ್ಸಾ ಯೋಗ ಹಾಗೂ ಯೋಗ ಅನ್‌ಪ್ಲಗ್ಡ್ ಎನ್ನುವ ಹತ್ತು ವಿಶೇಷ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮಗಳನ್ನು ಆರಂಭಿಸಿದೆ.

ಜಾಗತಿಕ ಮಟ್ಟದಲ್ಲಿ ಭಾರತದ ರಾಯಭಾರ ಕಚೇರಿಗಳು ಹಾಗೂ ಸಾಂಸ್ಕೃತಿಕ ಕೇಂದ್ರಗಳಲ್ಲಿ ಯೋಗ ಪ್ರದರ್ಶನಗಳನ್ನು ಆಯೋಜಿಸಲಾಯಿತು. ನ್ಯೂಯಾರ್ಕ್‌ನಲ್ಲಿನ ವಿಶ್ವಸಂಸ್ಥೆ ಪ್ರಧಾನ ಕಾರ್ಯಾಲಯದಲ್ಲೂ ಯೋಗಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ಪ್ರಮುಖ ಕಾರ্যಕ್ರಮಗಳು ನಡೆದವು.

> 2015ರಿಂದ ಯೋಗವು ಮಾನವೀಯತೆಯ ಸರ್ವೇಸಾಮಾನ್ಯ ಪರಂಪರೆಯಾಗುತ್ತಿದೆ. ಭಾರತದ ಮೃದುಶಕ್ತಿಗೆ ಇದೊಂದು ಪ್ರಮುಖ ಉದಾಹರಣೆ.
> ■ ದ್ರೌಪದಿ ಮುರ್ಮು
> | ರಾಷ್ಟ್ರಪತಿ

> ಯೋಗವು ಎಲ್ಲಾ ಗಡಿಗಳನ್ನೂ ಮೀರಿದೆ. ಆರೋಗ್ಯ, ಸಾಮರಸ್ಯದ ಮೂಲಕ ಜನರನ್ನು ಒಟ್ಟುಗೂಡಿಸುವ ಕಾಲಾತೀತ ಕೊಡುಗೆಯಾಗಿದೆ.
> ■ ನರೇಂದ್ರ ಮೋದಿ,
> | ಪ್ರಧಾನಮಂತ್ರಿ.

Navodaya Times • 22 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day 2025

1 • PG | 573 • Sqcm | 200596 • AVE | 670.26K • Cir | Middle Left

Delhi



विशाखापत्तनम : योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

तनाव से गुजर रही दुनिया में शांति देता है योग : मोदी

विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश), 21 जून (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया तनाव से गुजर रही है, अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति मिलती है। योग हमें दुनिया को जोड़ने का संदेश देता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों से कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। योग एक 'पॉज बटन' है जिसकी मानवता को आवश्यकता है , जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुन: संपूर्ण बन सकें। आइए, हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं, जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए।

आंध्र प्रदेश ने 23 रिकॉर्ड बनाए : मुख्यमंत्री चंद्रबाबू

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि राज्य ने योग दिवस पर 23 विश्व रिकॉर्ड बना लिए हैं। इन में 2 गीनिज रिकार्ड हैं और 21 वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में एक स्थान पर ही 3 .03 लाख लोगों ने योग किया। जनजाति समुदाय के 22122 छात्रों ने 108 मिनट में 108 सूर्य नमस्कार किए।

ऐसे मना योग दिवस

175 से अधिक देशों में आयोजन हुआ

12 लाख स्थानों पर दुनिया में योग

10 करोड़ लोगों की भागीदारी की

Navodaya Times • 21 Jun • Ministry of Ayush
Internationa Yoga Day, 2025

7 • PG | 195 • Sqcm | 68389 • AVE | 670.26K • Cir | Middle Center

Delhi

योग दिवस पर एनडीएमसी करेगा 8 स्थानों कार्यक्रम का आयोजन

नई दिल्ली, 20 जून (नवोदय टाइम्स): नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा शनिवार 21 जून को सुबह 6 से 8 बजे तक 8 प्रमुख स्थानों पर एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन करने जा रहा है।

एनडीएमसी के अनुसार इन 8 स्थानों में चाणक्यपुरी स्थित शांति पथ पर लॉन, लोधी गार्ड्न गेट नंबर-1 से प्रवेश, तालकटोरा गार्डन-गेट नंबर-1 से प्रवेश, कर्तव्य पथ लॉन के दक्षिण की ओर, नया मोती बाग आईएएस आवासीय परिसर, संजय झील -लक्ष्मी बाई नगर, कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क तथा पंडारा पार्क शामिल है। इस आयोजन की पूर्व संध्या पर एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को इन आयोजनों के लिए चिन्हित विभिन्न स्थलों का दौरा कर जमीनी तैयारियों की समीक्षा की।

Navodaya Times • 20 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day

8 • PG | 107 • Sqcm | 37377 • AVE | 670.26K • Cir | Bottom Right

Delhi

योग दिवस पर शनिवार को सुबह 4 बजे से चलेगी मेट्रो

नई दिल्ली, 19 जून (नवोदय टाइम्स): अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर योग के लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए 21 जून 2025 (शनिवार) को सभी आरंभिक स्टेशनों से दिल्ली मेट्रो सुबह 4 बजे से शुरू होगी।



दिल्ली मेट्रो के अनुसार सुबह 4 बजे से लेकर यात्री सेवाओं के शुरू होने तक सभी लाइनों पर 30 मिनट के अंतराल पर सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।


Aaj Samaj • 22 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day 2025

7 • PG | 648 • Sqcm | 97147 • AVE | 898.28K • Cir | Top Right

Delhi

योग से मानव कल्याण का क्रियान्वयन

भारतीय चिंतन में भी यही संदेश दिया गया। प्राचीन भारत के ऋषियों ने सभी के लिए जीवेत शरदः शतम की कामना की थी, अच्छे स्वास्थ्य को सबसे बड़ी पूंजी बताया था। इसके लिए आहार, विहार, योग, यम, प्राणायाम का मंत्र दिया। उस अनाज के सेवन का संदेश दिया, जिसे मोटा अनाज नामकरण से उपेक्षित किया गया। प्रकृति के निकट रहने, उसके संरक्षण व संवर्धन के सुझाव दिया। गौ दुग्ध का महत्व बताया। इसलिए गौ सेवा का मंत्र दिया। आधुनिकता की दौड़ में यह सभी विचार पीछे छूटते गए, बीमारियां बढ़ती गईं



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री
वरिष्ठ स्तंभकार

किसी देश के समग्र विकास में स्वास्थ्य भी शामिल है। इसमें स्वस्थ जीवन शैली का समावेश है। भारतीय चिंतन में भी यही संदेश दिया गया। प्राचीन भारत के ऋषियों ने सभी के लिए जीवेत शरदः शतम की कामना की थी, अच्छे स्वास्थ्य को सबसे बड़ी पूंजी बताया था। इसके लिए आहार, विहार, योग, यम, प्राणायाम का मंत्र दिया। उस अनाज के सेवन का संदेश दिया, जिसे मोटा अनाज नामकरण से उपेक्षित किया गया। प्रकृति के निकट रहने, उसके संरक्षण व संवर्धन के सुझाव दिया। गौ दुग्ध का महत्व बताया। इसलिए गौ सेवा का मंत्र दिया। आधुनिकता की दौड़ में यह सभी विचार पीछे छूटते गए, बीमारियां बढ़ती गईं, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम होती गई। लेकिन समय के साथ दुनिया को इस भूल का अनुभव हो रहा है। ऐसे में भारत की ओर सबका ध्यान आकृष्ट हो रहा है। अब वही मोटा अनाज प्रमुख होता जा रहा है। आयुर्वेद के सूत्र उपयोगी लग रहे हैं। हल्दी, सहजन, तुलसी, काढ़ा, गाय का दूध, योग आदि बहुत कुछ अब आधुनिक जीवन शैली की पहचान बनते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग के प्रति दुनिया को जागरूक किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया को प्रेरणा दे रहा है। इसी प्रकार मोदी ने फिट इंडिया अभियान शुरू किया था। इसके अंतर्गत देश में अनेक कार्यक्रम व योजनाएं चलाई गईं। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। बल्कि इससे मन मस्तिष्क व विचारों में भी संतुलन स्थापित होता है। यह आत्मानुशासन और आत्मसंयम का भाव भी जाग्रत करता है। योग प्राचीन काल से भारत की धरोहर है। एक बार फिर विश्व में इसकी अलख जग रही है। विश्व के प्रत्येक देश योग का महत्व समझ रहे हैं। इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। इसका श्रेय मोदी को है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में उन्होंने इसका प्रस्ताव किया था। न्यूनतम समय में सर्वाधिक देशों के समर्थन का रिकॉर्ड बन गया। विश्व योग के लिए भारत की तरफ देखने लगा। निरोग रहना सबकी चाहत होती है। योग इसमें सहायक है। जब विश्व किसी देश को सकारात्मक विषय पर देखता है तो उस देश की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। भारत की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। योग को अपना कर, जीवन में उतार कर हम विश्व को प्रेरणा दे सकते हैं। भारत जब विश्व गुरु था तब वही था। अन्य देश अपनी समस्याओं के समाधन हेतु भारत की तरफ देखते थे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने हमको पुनः वह अवसर दिया है। योग में यम, नियम, आसन,



प्राणायाम, प्रत्याहार, धरना ध्यान, समाधि तक विस्तार है। यह व्यक्तिगत व समाज जीवन का एक साथ कल्याण करता है। योग को लेकर भारत का आम नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझ रहा है। वह विश्व को सन्देश देना चाहता है। सैंकड़ों देशों में योग दिवस समारोह का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। कुछ लोगों का तंज खुद उन्हें ही हास्यास्पद बना रहा है। योग सामान्य व्यायाम या कसरत नहीं है। यह सम्पूर्ण जीवनशैली को बदल देता है। इससे सकारात्मक विचार बढ़ते हैं। नकारात्मक विचारों से छुटकारा मिलता है। प्राचीन भारत केवल योग की ही शिक्षा नहीं देता था तब वह आर्थिक महाशक्ति भी था। विदेश नीति में भी योग का महत्व है। यह विश्व को सकारात्मक चिंतन से प्रेरित करेगा। वह विश्व को जोड़ने का काम करेगा। अभी तो शुरूआत है। भारत ही नहीं विश्व में योग का माहौल बन रहा है। मोदी की लखनऊ यात्रा विकास और योग के संयोग की भांति थी। यह नीति भारत को सांस्कृतिक व आर्थिक रूप से मजबूत बनावेगी। इक्कीस जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है क्योंकि यह ग्रीष्म अयनांत के साथ संयोग रखता है। यह उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जब सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं। यह दिन अधिकतम प्रकाश लाता है। योग परंपराओं में इसे आध्यात्मिक जागरण के संक्रमण काल के रूप में माना जाता है। यूनेस्को ने योग को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने योग को मानसिक और शारीरिक कल्याण और गैर-संक्रामक रोगों से निपटने के एक प्रभावी साधन के रूप में मान्यता दी है तथा इसे अपने वैश्विक कार्य योजना में शामिल किया है।योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग सिर्फ एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि आत्मिक और मानसिक विकास का रास्ता है, जिससे भारत ने दुनिया को शांति और कल्याण की दिशा दिखाई है। "शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना किसी भी लक्ष्य को पाने की पहली शर्त है। योग हमें न केवल शरीर से, बल्कि मन और आत्मा से भी मजबूत बनाता है।" उन्होंने इसे भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा से जुड़ा हुआ बताया, जिसे वेदों और पुराणों ने जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले आत्म कल्याण और फिर लोक कल्याण के रास्ते से पूरी दुनिया के कल्याण की राह प्रशस्त की है।भारतीय मनीषियों ने योग के महत्व के बारे में प्राचीन काल से ही बताया है। भारतीय मनीषियों का मानना रहा है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम यानी जितने भी धर्म के साधन हैं इन सब की प्राप्ति स्वस्थ शरीर से ही की जा सकती है। देहरादून पुलिस लाइन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुबह योग किया। राष्ट्रपति ने कहा कि योग एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से और एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम करता है। विश्व भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वस्थ रहता है, तो परिवार स्वस्थ रहता है। जब परिवार स्वस्थ रहता है, तो देश स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी को योग को जीवन जीने का माध्यम बनाने की प्रेरणा दी और सभी संस्थाओं से अपील की कि योग को जनसुलभ बनाया जाए। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। यह वैश्विक स्वास्थ्य के भारत के दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करता है और कल्याण के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह सर्वे संतु निरामय के भारतीय लोकाचार से प्रेरित होकर मानव और ग्रह स्वास्थ्य के परस्पर संबंध पर जोर देता है।

Aaj Samaj • 22 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day, 2025

8 • PG | 150 • Sqcm | 22455 • AVE | 898.28K • Cir | Middle Right

Delhi

एनजीटी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

आज समाज नेटवर्क

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा दिनांक 21 जून 2025 को सुबह नई दिल्ली स्थित प्रधान न्यायपीठ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनजीटी के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा अधिकरण के अन्य सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया यह आयोजन इस वर्ष के योग दिवस के वैश्विक विषय - "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" के अनुरूप किया गया, जिसमें आंतरिक कल्याण को बढ़ावा देने और समाज में सामूहिक सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर बल दिया गया। अपने संबोधन में माननीय न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए योग के समग्र लाभों पर बात की। उन्होंने कहा कि, "योग केवल व्यायाम का एक रूप नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक ऐसा माध्यम है जो अनुशासन, सद्भाव और मन की शांति प्रदान करता है।



वे मूल्य व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरण चेतना दोनों के लिए आवश्यक हैं।" कार्यक्रम का शुभारंभ योग्य प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित योग और ध्यान सत्र से हुआ, जिसमें आसन (मुद्राएँ), प्राणायाम (श्वास तकनीक), ध्यान इत्यादि का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की, जिसने आज की तेज-रफ्तार दुनिया में स्वास्थ्य, संतुलन और सचेत जीवन जीने के महत्व की याद दिलाई।

Virat Vaibhav • 22 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day 2025

3 • PG | 114 • Sqcm | 136664 • AVE | 625K • Cir | Middle Right

Delhi

पीएम मोदी के प्रयासों से खादी और योग एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है: मनोज कुमार

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली



खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली के ऐतिहासिक राजघाट स्थित मुख्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने आयोग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं खादी जगत से जुड़े गणमान्यजनों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ रही,जो इस वैश्विक विचार को प्रोत्साहित करती है कि हमारी पृथ्वी और हमारा स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। मनोज कुमार ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज खादी और योग एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है। योग न केवल शरीर और मन को स्वस्थ करता है, बल्कि यह खादी के आत्मशुद्धि और आत्मनिर्भरता के विचार से भी गहराई से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार मन की बात और अन्य माध्यमों से योग व खादी दोनों को जन-जन तक पहुंचाया है, वह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का पुनर्जागरण है। उन्होंने आगे कहा कि आज का आयोजन एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के विचार को आत्मसात करते हुए। आत्मबल और सामाजिक समरसता की भावना को भी पुष्ट करता है। योग अभ्यास कार्यक्रम में केवीआईसी के राज्य कार्यालय नई दिल्ली, खादी एवं ग्रामोद्योग भवन, स्थानीय प्रतिनिधि कार्यालय, आंचलिक कार्यालय उत्तर क्षेत्र, तथा बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के उपरांत अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपने कर-कमलों से सभी उपस्थित योगाभ्यासियों को जलपान वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

Virat Vaibhav • 21 Jun • Ministry of Ayush
Internationa Yoga Day, 2025

3 • PG | 206 • Sqcm | 247041 • AVE | 625K • Cir | Middle Right

Delhi

योग दिवस पर होगी दिल्ली के लाखों लोगों की भागीदारी: रेखा गुप्ता

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

सीएम ने जारी किया योग दिवस पर योग थीम सॉन्ग



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली में लाखों लोग भागीदारी करेंगे। दिल्ली सरकार योग दिवस के अवसर पर तो भव्य आयोजन कर ही रही है, साथ ही दिल्ली की सैंकड़ों योग संस्थाएं, सामाजिक संगठन, शैक्षिक संस्थान, व सैकड़ों ग्रुप आदि शामिल हो रहे हैं। यह कहना है दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का। शुक्रवार को योग थीम सांग भी जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री के अलावा दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार 11 स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके अलावा अन्य संगठन भी ये कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्हें भरोसा है कि पूरी दिल्ली में लाखों लोग योग करते दिखेंगे, जो उनकी योग के प्रति रुचि को दिखाता है। उन्होंने बताया कि जिन 11 स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उनमें यमुना तट, सोनिया विहार के योग कार्यक्रम वह खुद शामिल होंगी। इसके अलावा छत्रसाल स्टेडियम, त्यागराज स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ईस्ट विनोद नगर, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स झिलमिल, राजीव गांधी स्टेडियम बवाना, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स प्रहलादपुर, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भारत नगर, नजफगढ़ स्टेडियम, क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 6 द्वारका, हॉकी स्टेडियम अशोक नगर शामिल हैं। इन सभी कार्यक्रमों में दिल्ली के सांसद, मंत्री, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने जारी योग थीम सॉन्ग के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि इसे जाने-माने गायक अमित त्रिवेदी ने स्वर दिया है। वह राष्ट्रीय पुरस्कार व फिल्म फेयर पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं। इस गीत के गीतकार शैलेंद्र सिंह शैली है। मुख्यमंत्री के अनुसार गीत के बोल हैं भारत ने ही सारे जग का योग परिचय कराया] दिल्ली के कोने कोने में योग दृश्य दिखलाया। उन्होंने यह भी बताया कि इस थीम सॉन्ग में दिल्ली के पर्यटन स्थलों की महत्ता को दर्शाया जा रहा है। इन पर्यटन स्थलों में प्रधानमंत्री संग्रहालय, कर्तव्य पथ, वार मेमोरियल, भारत मंडपम, यशोभूमि, अक्षरधाम, लोटस टेम्पल, पुराना किला, राष्ट्रीय चरखा संग्रहालय, दिल्ली हाट, कुतुब मीनार, बान्सेरा पार्क, असिता पार्क, वासुदेव घाट तथा भारत दर्शन पार्क जैसे मनोरम पर्यटन स्थलों को दिखाया गया है। यह वीडियो सॉन्ग दिल्ली की जनता एवं पर्यटकों को इन दर्शनीय स्थलों पर देखने के लिए प्रेरित करेगी।

Virat Vaibhav • 20 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day

4 • PG	77 • Sqcm	92610 • AVE	625K • Cir	Middle Center

Delhi

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मेज़बानी के लिए जामिया तैयार

नई दिल्ली। जामिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए खेल-कूद एवं क्रीड़ा विभाग तथा संस्कृत विभाग 21 जून को अंतिम समारोह के लिए तैयार होने के लिए विभिन्न योग प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रहे हैं। यह आयोजन जेएमआई के कुलपति प्रो मजहर आसिफ और जेएमआई के रजिस्ट्रार प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी के निर्देशन और नेतृत्व में किया जा रहा है। इसी कड़ी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जामिया योग परिक्रमा, नामक योगाभ्यास नियमित रूप से चल रहे हैं। इसका उद्देश्य कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को उतम बनाना तथा योग के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि इस योग सत्र में प्रतिभागियों को वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार क्रमबद्ध अभ्यास कराए गए, जिनमें ग्रीवा संचालन, स्कंध शक्ति विकासक अभ्यास, ताड़ासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, भुजंगासन जैसे प्रमुख आसनों के साथ-साथ अनुलोम-विलोम एवं भस्त्रिका प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास शामिल था। जामिया योग परिक्रमा अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों में योग सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण निर्माण की दिशा में भी एक सराहनीय प्रयास है। कुर्सी पर बैठकर काम करने वाले नियमित अधिकारियो एवं कर्मचारियों के लिए ये योगाभ्यास बहुत ही लाभदायक होंगे।

Navbharat Times • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day 2025

11 • PG	71 • Sqcm	139200 • AVE	2.68M • Cir	Top Center

Delhi



Navbharat Times • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

2 • PG	105 • Sqcm	119999 • AVE	380K • Cir	Top Left

Mumbai



Navbharat Times • 21 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day, 2025


5 • PG | 126 • Sqcm | 246402 • AVE | 2.68M • Cir | Middle Left

Delhi

योग से PCOS मरीज़ों का हॉर्मोन हुआ बैलेंस

Rahul.Anand@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली :** जो महिलाएं PCOS (पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम) से परेशान हैं, उनके लिए योग राहत की राह बन सकता है। AIIMS की ताजा स्टडी में यह साफ हुआ है कि सिर्फ 12 हफ्ते के नियमित योग प्रैक्टिस से हॉर्मोन संतुलन बेहतर होता है। शरीर में अंदरूनी तनाव यानी ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस घटता है और ओवरी की सेहत में भी सुधार आता है।

पीसीओएस से जूझ रहीं 75 महिलाओं पर की गई इस स्टडी में 32 महिलाओं को योग कराया गया, जबकि 29 महिलाओं को दूसरे ग्रुप में रखा गया। 12 हफ्ते बाद जिन महिलाओं ने योग किया, उनमें हार्मोनल बैलेंस, माइटोकॉन्ड्रियल हेल्थ और मानसिक स्थिति में काफी सुधार देखा गया। यह रिसर्च एम्स की डॉ. रीमा दादा, डॉ. रिचा मिश्रा, डॉ. दीपिका कुमारी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. आशीष दत्त उपाध्याय, डॉ. नीना मल्होत्रा, डॉ वत्सला डडवाल और डॉ. तुषार सहगल ने की है।

> मानसिक सेहत पर भी योग का पॉजिटिव असर दिखा

स्टडी में पाया गया कि पीसीओएस की वजहों में खराब लाइफस्टाइल, उल्टा-सीधा खाना, प्रदूषण, शरीर में जमा चर्बी और गर्भावस्था के दौरान कुछ हॉर्मोन बिगाड़ने वाले केमिकल्स के असर शामिल हैं। इससे शरीर में ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है, जो अंदरूनी अंगों खासकर ओवरी के माइटोकॉन्ड्रिया को नुकसान पहुंचाता है।

क्या कहती है स्टडी?

रिसर्चर्स का कहना है कि नियमित योग से न सिर्फ पीसीओएस के लक्षणों को कंट्रोल किया जा सकता है, बल्कि इसे रोकने या देरी से उभरने से भी रोका जा सकता है। योग एक सस्ता, सुरक्षित और असरदार तरीका है, जिसे हर महिला अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकती है।

नतीजा यह होता है कि पीरियड्स अनियमित होते हैं, ओवुलेशन में दिक्कत आती है और इनफर्टिलिटी जैसी समस्याएं बढ़ती हैं।

योग करने वाली महिलाओं के शरीर में माइटोकॉन्ड्रियल DNA की संख्या बढ़ी जो सेल की ऊर्जा और सेहत के लिए जरूरी है। इसके अलावा शरीर में सूजन के निशान कम हुए, ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस घटा और कोशिकाओं की उम्र बताने वाले टिलोमेयर की लंबाई में भी सुधार देखा गया। मानसिक सेहत पर भी योग ने असर दिखाया। 'बीक डिप्रेशन इन्वेंटरी-II' से मापे गए डिप्रेशन के स्तर में योग करने वाली महिलाओं में कमी पाई गई।

Navbharat Times • 21 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day 2025

16 • PG | 1111 • Sqcm | 2166149 • AVE | 2.68M • Cir | Bottom Center

Delhi

योग करे तो हेल्दी राजधानी बन सकती है दिल्ली



रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली

आज का युग असंतुलन का है। जीवनशैली संबंधी बीमारियां आधुनिक समाज को भीतर से खोखला कर रही हैं। ऐसे में योग वह 'संजीवनी' है, जो शरीर को पुष्ट करने के साथ ही मन को शांत और आत्मा को प्रबुद्ध करता है।

सांस्कृतिक शक्ति । 2014 में जब पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा, तो दुनिया ने राष्ट्र नीति का आध्यात्मिक आयाम देखा। प्रस्ताव का 177 देशों ने समर्थन किया था। यह इस बात का प्रमाण था कि योग अब समस्त मानवता की साझी विरासत है।

सॉफ्ट पावर । आज योग भारत का सबसे बड़ा निर्यात बन चुका है। दुनिया भर में फैली भारतीय संस्थाओं ने योग दिवस को जन आंदोलन में बदल दिया है। यही भारत की सच्ची 'सॉफ्ट पावर' है।

विश्व गुरु की भूमिका । योग दिवस भारत को विश्व गुरु की भूमिका में स्थापित करता है। योग भारत की सांस्कृतिक मुद्रा है। मोदी सरकार ने इसे उत्सव से आगे नीति और व्यवहार का अंग बनाया है। mYoga ऐप, विश्व स्वास्थ्य संगठन की साझेदारी और 'योग लोकेटर' जैसे डिजिटल टूल्स ने योग को सुलभ, सस्ता और सर्वसुलभ बना दिया है।

चिंतन का आधार । योग सदियों से भारतीय दर्शन का अभिन्न अंग रहा है। ऋषियों ने कहा था, 'सत्त्वे स्थिता न सस्यन्ते दुःखेन न विचालयन्।' योग वह स्थिति है जहां मन, बुद्धि और आत्मा समरस हो जाएं। उपनिषदों से लेकर गीता तक, योग भारतीय चिंतन की धुरी रहा है। यह जीवन की कला है - जैसे तुलसीदास की साधना, विवेकानंद की चेतना, गांधी जी का आत्मनियंत्रण या दीनदयाल जी की करुणा।

योग से ताकत । मेरे लिए योग

दुनिया ने माना योग को

- भारतीय ज्ञान परंपरा को सभी ने स्वीकार किया
- नीति और व्यवहार का अंग बन चुका है योग
- जीवन में संतुलन और सटीकता लाने की ताकत

आंतरिक स्थिरता की पूंजी है। निर्णायक क्षणों में, जब दिमाग थक जाता है, तब योग मुझे धीरज की ढाल और दृष्टि की दीपशिखा देता है। यही अनुभव मैं दिल्ली के हर नागरिक तक पहुंचाना चाहती हूं। मेरा संकल्प है कि योग किसी विशेष वर्ग की परिधि में न बंधे, वह हर जगह पहुंचे। हमारा लक्ष्य ऐसी संस्कृति विकसित करना है, जिसमें योग दिल्ली की दिनचर्या का हिस्सा बन जाए, तभी दिल्ली 'स्वस्थ राजधानी' बन पाएगी।

जोड़ने वाला पुल । आज जब समाज वैचारिक विघटन और मानसिक असंतुलन के दौर से गुजर रहा है, तब योग वह साझी भूमि है, जहां विचार, धर्म, वर्ग या जाति की कोई दीवार नहीं। दिल्ली जैसे विविधता भरे महानगर में योग लोगों को जोड़ने वाला भावनात्मक सेतु बन सकता है।

आत्मा का अनुशासन । जहां पश्चिमी सभ्यता ने 'I think, therefore I am' को जीवन का आधार माना, वहीं भारत ने हजारों वर्षों पहले कह दिया था - 'योगः कर्मसु कौशलम्'। योग जीवन के हर कर्म में संतुलन और सटीकता का नाम है। आज दुनिया योग सीख रही है और भारत के भीतर छुपे उस शाश्वत विज्ञान को सम्मान दे रही है, जो न तो समय से बंधा है, न सीमा से। यह 'सांस्कृतिक पुनर्जागरण' का समय है और योग उसकी मशाल है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस 'One Earth, One Health' का आह्वान किया है, वह भारत की आध्यात्मिक दृष्टि का वैश्विक अनुवाद है।



समस्याओं से घिरी दुनिया में आशा का दीपक है योग



स्वामी चिदानन्द सरस्वती

योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग है। यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि इतने वर्षों तक दुनिया में इसका प्रचार-प्रसार कम ही हुआ। पीएम नरेंद्र मोदी ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारत का उपहार । योग का अर्थ है 'जोड़', यानी आत्मा का परमात्मा से मिलन। ऋग्वेद और यजुर्वेद में योग संबंधी अवधारणाएं हैं। श्वेताश्वतर उपनिषद, कठोपनिषद और मुण्डक उपनिषद में योग व ध्यान पर विशेष प्रकाश डाला गया है। योग का सबसे व्यवस्थित रूप महर्षि पतंजलि द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे हम राजयोग या अष्टांग योग कहते हैं।

प्रकृति से नाता । हर साल 21 जून को जब सूर्य उत्तरायण की चरम स्थिति में होता है, संपूर्ण विश्व एक साथ शांति, स्वास्थ्य और संतुलन की साधना करता है। यह दिवस आत्मा, मन और प्रकृति के बीच के गहरे संबंध का भी उत्सव है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह कहीं भी रहें, सुबह उठकर योग के आसन और प्राणायाम जरूर करते हैं।

पूरा विश्व परिवार । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्व को भारत की उस विरासत से परिचित कराता है, जो आत्मिक शांति, शरीर-मन के संतुलन और सर्वभूतहिताय के सिद्धांत पर आधारित है। जब पूरी दुनिय एक साथ योग करती है, तो 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना और भी गहराई से दिखती है।

योग दिवस के मायने

- आत्मा, मन और प्रकृति के बीच गहरा संबंध
- 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना करता है स्थापित
- दुनिया को आध्यात्मिक दिशा दिखाई

सांस्कृतिक गौरव । अंतरराष्ट्रीय मंच पर योग दिवस का स्वीकार होना भारत के लिए आत्मगौरव का प्रतीक है। यह दिखाता है कि भारत की प्राचीन परंपराएं आज भी प्रासंगिक हैं। योग ने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली ने योग को अनिवार्य विषय या पाठ्यक्रम में शामिल किया है।

गुरु राष्ट्र । प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से योग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थान मिला। इसका महत्व तब और बढ़ गया, जब UNESCO ने दिसंबर 2016 में योग को 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में मान्यता दी। योग अहिंसा, संतुलन और आत्म-ज्ञान का प्रतीक है। जब दुनिया ने इसे अपनाया तो भारत को 'गुरु राष्ट्र' के रूप में देखा जाने लगा।

मुश्किलों का समाधान । योग से देश के अन्य गूढ़ विषयों - आयुर्वेद, ध्यान, प्राच्य दर्शन, गीता और उपनिषद की ओर भी लोगों की रुचि बढ़ी। इससे भारत के सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रभाव में वृद्धि हुई। योग ने भारत को आध्यात्मिक मार्गदर्शक, एक विचार, एक जीवन शैली और एक समाधान के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। आज जब विश्व तनाव, प्रदूषण और तमाम रोगों से जूझ रहा है, तब योग शांति, स्वास्थ्य और संतुलन का दीपक बनकर उभरा है।

सांस्कृतिक कूटनीति । योग ने भारत को फिर से 'विश्व गुरु' बनने की दिशा में अग्रसर किया है। आज हम कह सकते हैं कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का भी उत्सव है। यह दिवस दिखाता है कि भारत की संस्कृति पूरे विश्व के कल्याण की सोच रखती है। यही हमारी सनातन परंपरा की सबसे बड़ी विशेषता है।

(लेखक परमार्थ निकेतन के संस्थापक हैं)

Navbharat Times • 20 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

6 • PG | 37 • Sqcm | 72686 • AVE | 2.68M • Cir | Middle Left

Delhi

'योग संगम' के जरिए फिट रहने का संदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर दिल्ली से लेकर गोवा तक योगोत्सव की धूम है। आयुष मंत्रालय ने 10 सिग्नेचर इवेंट्स के साथ योग कार्यक्रम का आगाज किया है। इसका समापन 21 जून को योग संगम के जरिए होगा।

योग दिवस की तैयारियों के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने योग के संदेश, सामंजस्य, स्वास्थ्य और संतुलित जीवन को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक भव्य श्रृंखला की शुरुआत की है। यह आयोजन आयुष मंत्रालय की 10 सिग्नेचर इवेंट्स पहल का हिस्सा है। योग संगम 21 जून 2025 को आयोजित होगा। इस दिन कॉमन योगा प्रोटोकॉल पर आधारित सामूहिक योग प्रदर्शन सुप्रीम कोर्ट परिसर, केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी मैदान और बदरपुर में आयोजित किया जाएगा।

Jansatta • 22 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day 2025

4 • PG | 854 • Sqcm | 576394 • AVE | 223.14K • Cir | Top Left

Delhi

योग दिवस : आम से लेकर खास ने किया योगासन

यमुना नदी हमारे विश्वास का प्रतीक है : रेखा गुप्ता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 21 जून।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में यमुना नदी के किनारे योगाभ्यास किया।

राष्ट्रीय राजधानी में योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में 11 स्थानों पर मंत्रियों, विधायकों और भाजपा के सांसदों ने हिस्सा लिया।

सोनिया विहार में मुख्यमंत्री के साथ भाजपा सांसद मनोज तिवारी और मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल के चुनाव के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जनता को यह दिखाने के लिए इस स्थान का चयन किया कि यमुना नदी की सफाई का कार्य जारी है। उन्होंने कहा, यमुना नदी हमारे विश्वास का प्रतीक है लेकिन पिछली सरकारों ने इसकी उपेक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा, लोग मुझसे पूछते हैं कि 'क्रूज' कहां चलेगी? मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि 'क्रूज' इसी नदी पर चलेगी, जहां आज छात्र नौकाओं पर योग कर रहे थे।

उधर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) की ओर से 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य विषय' के साथ आयुष मंत्रालय के सहयोग से राजधानी में आठ स्थानों पर योग का आयोजन किया। इसमें दस हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, आयुष मंत्रालय के सचिव, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के स्वयंसेवकों के साथ कर्तव्य पथ पर एनडीएमसी की ओर से आयोजित योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

वहीं एमसीडी की ओर से जगह-जगह योगाभ्यास का आयोजन किया गया। महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, आयुक्त अश्विनी कुमार ने स्कूली बच्चों के साथ योग किया।



नई दिल्ली में यमुना किनारे योग करतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य।

दिल्ली पुलिस आयुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने किया योगाभ्यास


दिल्ली : दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आयुक्त संजय अरोड़ा समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को योगाभ्यास किया। साथ ही दिल्ली पुलिस के सभी जिलों, विभिन्न ईकाइयों और झंडोड़ा कलां स्थित पुलिस अकादमी में पुलिसकर्मियों ने योग दिवस के मौके पर योगाभ्याय किया। मुख्यालय में विशेष आयुक्त अतुल कटियार समेत बड़ी संख्या में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया। उधर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर राजधानी के सीजीओ काम्पलेक्स स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के मुख्यालय में भी योग का आयोजन किया गया। यहां पर बल के 100 अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया। सीआइएसएफ के एडीजी (मुख्यालय) पदमाकर आर ने इस शनिवार को इस योगाभ्यास का नेतृत्व किया। वहीं दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर पंकज कुमार सिंह ने राजधानी दिल्ली में योग दिवस समारोह में शामिल हुए 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' का संकल्प पूरा करने के लिए सभी नागरिकों से योग अपनाने की अपील की। उनकी अगुआई में राजधानी के दीन दयाल उपाध्याय पार्क में सैकड़ों लोगों ने 'योग फार वन अर्थ-वन हेल्थ' का संकल्प लिया।

नोएडा : 200 स्थानों पर किया गया आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 21 जून।

नोएडा स्टेडियम के अलावा पूरे शहर में करीब 200 स्थानों पर 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। नोएडा स्टेडियम में प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह और डीएम मनीष वर्मा ने योग किया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों ने योग के फायदों के बारे में जानकारी भी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के महत्त्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें योग के लिए प्रेरित करना था। प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने योग कर देश वासियों को स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग आज के समय में एक साधना के रूप में स्थापित हो चुका है। योग एक शारीरिक क्रिया तो है ही लेकिन वास्तव में योग एक साधना है। जो योगी साधना के तहत योग करता है वो अपने मन को एकाग्र करने में सफल होता है और सकारात्मक सोच के साथ देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि योग जीवन शैली का एक हिस्सा बन चुका है। आज हर सेक्टर, सोसाइटी , पार्क में योग का आयोजन किया गया ।



नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर योग करता बच्चा।

विभिन्न अस्पतालों में योगाभ्यास

दिल्ली : स्वास्थ्य और जागरूकता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में एम्स ,सफदरजंग , आरएमएल, जीटीबी, लेडी हार्डिंग सहित तमाम अस्पतालों में योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। सफदरगंज अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक आराधना पटनायक व अस्पताल के निदेशक डाक्टर संदीप बंसल की अगुआई में 10 पौधे लगाकर पर्यावरण चेतना का संदेश दिया गया। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की स्वास्थ्य सेवाओं की महानिदेशक डाक्टर सुनीता शर्मा व मंत्रालय के संयुक्त सचिव सौरभ जैन अस्पताल के निदेशक डाक्टर अशोक कुमार, डीन डाक्टर आरती मारिया और चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर विवेक दीवान की मौजूदगी में योग दिवस मनाया गया।

Jansatta • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebrations

4 • PG | 103 • Sqcm | 38123 • AVE | 132.36K • Cir | Middle Center

Kolkata

चंदौली में विभिन्न स्थानों पर मनाया गया योग दिवस

चंदौली, 21 जून (जनसत्ता)। जिला मुख्यालय स्थित महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और दीन दयाल उपाध्याय रेलवे मंडल के कार्यालय के साथ जनपद के सभी तहसील क्षेत्रों में शनिवार को योग दिवस मनाया गया। जिसमें योग प्रशिक्षकों ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कराया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग, प्रभारी मंत्री संजीव गोंड़ व राज्यसभा सांसद साधना सिंह मौजूद रही। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योगाभ्यास करने से हर व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है।

Jansatta • 21 Jun • Ministry of Ayush
Internationa Yoga Day, 2025

10 • PG	118 • Sqcm	79425 • AVE	223.14K • Cir	Middle Center

Delhi

भारत आज 191 देशों में करेगा योग दिवस कार्यक्रम आयोजित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 जून।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत आज विश्वभर के 191 देशों के 1,300 से अधिक स्थानों पर 2,000 से अधिक योग कार्यक्रम आयोजित करेगी।


भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आइसीसीआर) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग भी इस्लामाबाद में योग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। आइसीसीआर की महानिदेशक के नंदिनी सिंगला ने कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हम दुनिया के लगभग हर देश को योग से जोड़ रहे हैं। अमेरिका के कई शहरों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आइसीसीआर 'योग बंधन' नामक कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है, जिनमें ब्राजील, अर्जेंटीना, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया सहित 15 देशों के 17 योग गुरुओं और प्रशिक्षकों की भागीदारी रहेगी।

Jansatta • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

13 • PG | 134 • Sqcm | 49752 • AVE | 132.36K • Cir | Top Right

Kolkata



जम्मू में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जम्मू में अमरनाथ यात्रा के राम

Jansatta • 21 Jun • Ministry of Ayush

PM will celebrate international yoga day in Visakhapatnam

1,16 • PG | 650 • Sqcm | 240527 • AVE | 132.36K • Cir | Bottom Right,Top Left

Kolkata

प्रधानमंत्री मोदी आज विशाखापत्तनम में करेंगे योग

नई दिल्ली, 20 जून (ब्यूरो)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो बंदरगाह शहर के आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर लंबे गलियारे में आयोजित किया जाएगा। वहां तीन लाख से अधिक लोग एक साथ योग कर सकेंगे। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि सुबह साढ़े छह बजे से आठ बजे तक निर्धारित कार्यक्रम को इस तरह से आयोजित किया जाएगा कि 'गिनीज वर्ल्ड रेकार्ड' सहित कई रेकार्ड स्थापित हों।

-पूरी खबर पेज 16

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

प्रधानमंत्री मोदी विशाखापत्तनम में करेंगे योग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 20 जून।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे जो बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम के आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर लंबे गलियारे में आयोजित किया जाएगा। वहां तीन लाख से अधिक लोग एक साथ योग कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि सुबह साढ़े छह बजे से आठ बजे तक निर्धारित कार्यक्रम को इस तरह से आयोजित किया जाएगा कि 'गिनीज वर्ल्ड रेकार्ड' सहित कई रेकार्ड स्थापित हों। आंध्र प्रदेश सरकार का 21 जून को न केवल विशाखापत्तनम में बल्कि पूरे राज्य में एक साथ कई गतिविधियों का आयोजन कर, कई लाख लोगों को योगाभ्यास में शामिल कर रेकार्ड बनाने का लक्ष्य है। दुनिया भर के कई देशों द्वारा मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की विषयवस्तु 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। नायडू ने कहा कि 25,000 से अधिक आदिवासी छात्र 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करेंगे। इसका उद्देश्य सबसे अधिक लोगों द्वारा एक साथ सूर्य नमस्कार करने का रेकार्ड बनाना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को योग दिवस पर सुबह छह से साढ़े छह बजे के बीच अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंच जाना चाहिए।

विशाखापत्तनम में कार्यक्रम के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। डीजीपी हरीश कुमार गुप्ता ने पहले कहा कि 1200 से अधिक सीसीटीवी व ड्रोन 26 किलोमीटर के उस हिस्से पर नजर रखेंगे जहां हजारों लोग योग करेंगे। सुरक्षा के लिए करीब 10000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इस आयोजन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च प्रौद्योगिकी से लैस एक पुलिस नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों के भाग लेने की उम्मीद है।



100 पर्यटन व 50 सांस्कृतिक स्थलों पर चलेगा योग सत्र

संस्कृति मंत्रालय 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में 100 प्रसिद्ध स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्र आयोजित करेगा, जिनमें यूनेस्को के कुछ स्थल भी शामिल हैं।

दक्षिण अफ्रीका में मनाया जाएगा योग दिवस

दक्षिण अफ्रीका में हजारों योग प्रेमी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'क्रैडल आफ ह्यूमनकाइंड' में एकत्र होंगे। जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत महेश कुमार ने कहा कि यह स्थल सांस्कृतिक और मानव इतिहास की दृष्टि से अत्यंत मूल्यवान है।

Jansatta • 20 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

4 • PG | 71 • Sqcm | 47618 • AVE | 223.14K • Cir | Middle Right

Delhi • Kolkata

योग दिवस के कारण कल मेट्रो सेवा सुबह चार बजे से

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर दिल्ली मेट्रो सुबह चार बजे से सेवा शुरू करेगी। दिल्ली मेट्रो की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर योग उत्साही लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए दिल्ली मेट्रो सेवाएं 21 जून 2025 (शनिवार) को सभी प्रारंभिक स्टेशनों से सुबह चार बजे से शुरू होंगी। दिल्ली मेट्रो ने यह भी कहा कि दैनिक समय सारिणी के अनुसार सुबह चार बजे से यात्री सेवाएं शुरू होने तक सभी लाइनों पर 30 मिनट के अंतराल पर सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

Odisha Bhaskar • 22 Jun • Ministry of Ayush

TPCODL Observes International Yoga Day

2 • PG | 124 • Sqcm | 33519 • AVE | 475K • Cir | Middle Right

Bhubaneshwar

ଟିପିସିଓଡିଏଲ୍ ପକ୍ଷରୁ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳିତ



ଭୁବନେଶ୍ୱର(ଭାସ୍କର ନ୍ୟୁଜ୍): ଟିପିସିଓଡିଏଲ ପକ୍ଷରୁ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳିତ ହୋଇଯାଇଛି। ଟିପିସିଓଡିଏଲର କର୍ପୋରେଟ କାର୍ଯ୍ୟାଳୟ ସମେତ ସମସ୍ତ ସର୍କଲ, ଡିଭିଜନ ଓ ଟେକନୋଲୋଜି ସେଣ୍ଟରରେ ଏହି ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳିତ ହୋଇଛି। ଟିପିସିଓଡିଏଲ ସିଇଓ ଅରିନ୍ଦିତ୍ ସିଂହଙ୍କ ନେତୃତ୍ୱରେ ଟିପିସିଓଡିଏଲ କର୍ମଚାରୀ ଓ ଅଧିକାରୀମାନେ ସାମିଲ ହୋଇ ଯୋଗ କରିଥିଲେ। ଚଳିତ ବର୍ଷ ଯୋଗ ଦିବସ ଉପଲକ୍ଷେ ଥିମ୍ ରହିଛି 'ଏକ ପୃଥିବୀ, ଏକ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ପାଇଁ ଯୋଗ'। ଏହି ଅବସରରେ ଶ୍ରୀ ସିଂହ କହିଥିଲେ ଯେ ଯୋଗ ଏକ ସୁସ୍ଥ, ଶାରୀରିକ ଓ ମାନସିକସ୍ତରରେ ରହିବା ପାଇଁ ସର୍ବୋତ୍ତମ ଉପାୟ। ଉନ୍ନତ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ, ଶକ୍ତି ଓ ଶାନ୍ତି ପାଇଁ ଯୋଗକୁ ନିୟମିତ ଅଭ୍ୟାସ କରିବା ଆବଶ୍ୟକ। ନିଜର ଓ ପରିବାର ସ୍ତରରେ ଉତ୍ତମ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟର ମହତ୍ୱ ଅତ୍ୟନ୍ତ ଗୁରୁତ୍ୱପୂର୍ଣ୍ଣ। ସୁସ୍ଥ ଶରୀର, ମନ, ସମାଜ ଓ ଆଧ୍ୟାତ୍ମିକ ଜୀବନ ପାଇଁ ଯୋଗ ହେଉଛି ଏକ ସର୍ବୋତ୍କୃଷ୍ଟ ମାଧ୍ୟମ । ଯୋଗ ହିଁ ଏକମାତ୍ର ମାଧ୍ୟମ ଯାହା ମନକୁ ଶାନ୍ତ କରିଥାଏ । ଦୁନିଆକୁ ଆମର ଏହି ପ୍ରାଚୀନ କଳା ଓ ଏହାର ସୁଫଳ ସମ୍ପର୍କରେ ଅବଗତ କରାଇବା ପାଇଁ ଆମ ଦେଶର ନେତୃତ୍ୱରେ ପୁରା ବିଶ୍ୱ ପାଳନ କରୁଛି ଯୋଗ ଦିବସ । ୨୦୧୫ରୁ ଅନ୍ତରାଷ୍ଟ୍ରୀୟ ସ୍ତରରେ ଜୁନ୍ ୨୧ ତାରିଖକୁ ଅନ୍ତରାଷ୍ଟ୍ରୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ଭାବେ ପାଳନ କରାଯାଉଛି ।

Odisha Bhaskar • 22 Jun • Ministry of Ayush

AIIMS Bhubaneswar celebrates International Yoga Day

2 • PG | 79 • Sqcm | 21452 • AVE | 475K • Cir | Middle Center

Bhubaneshwar

ଏମ୍ସ ଭୁବନେଶ୍ୱରରେ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ



ଭୁବନେଶ୍ୱର(ଭାସ୍କର ନ୍ୟୁଜ): ଏମ୍ସ ଭୁବନେଶ୍ୱରରେ ଉତ୍ସାହପୂର୍ଣ୍ଣ ବାତାବରଣ ମଧ୍ୟରେ ୧୧ତମ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳିତ ହୋଇଯାଇଛି। ଆୟୁଷ ବିଭାଗ ଦ୍ୱାରା ଆୟୋଜିତ 'ଏକ ପୃଥିବୀ, ଏକ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ପାଇଁ ଯୋଗ' ଶୀର୍ଷକରେ ଅନୁଷ୍ଠିତ ହୋଇଥିଲା, ଯାହା ପାରମ୍ପରିକ ଯୋଗ ଜ୍ଞାନ ଏବଂ ଆଧୁନିକ ଚିକିତ୍ସା ବିଜ୍ଞାନର ସମନ୍ୱୟ ମାଧ୍ୟମରେ ସାମଗ୍ରିକ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟକୁ ପ୍ରୋତ୍ସାହିତ କରିବା ପାଇଁ ପ୍ରତିଷ୍ଠାନର ପ୍ରତିବଦ୍ଧତାକୁ ପ୍ରତିଫଳିତ କରିଥିଲା। କାର୍ଯ୍ୟନିର୍ବାହୀ ନିର୍ଦ୍ଦେଶକ ଡ. ଆଶୁତୋଷ ବିଶ୍ୱାସ ଅତ୍ୟାଧୁନିକ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟସେବା ସହ ଯୋଗ-ଆଧାରିତ ପଦ୍ଧତିକୁ ସଂଯୋଜିତ କରିବା ପାଇଁ ପ୍ରତିଷ୍ଠାନର ଚାଲିଥିବା ପ୍ରୟାସ ଉପରେ ଗୁରୁତ୍ୱାରୋପ କରିଥିଲେ।

Odisha Bhaskar • 21 Jun • Ministry of Ayush

PM Modi to Lead Record-Breaking Yoga Day Event in Visakhapatnam

6 • PG | 241 • Sqcm | 64963 • AVE | 475K • Cir | Top Right

Bhubaneshwar

ବିଶାଖାପାଟଣାର ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସର ନେତୃତ୍ୱ ନେବେ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ

ନୂଆଦିଲ୍ଲୀ: ୨୧ ଜୁନ୍ ୨୦୨୫ ରେ ମହାସମାରୋହରେ ପାଳନ ହେବାକୁ ଥିବା ଏକାଦଶ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ (ଆଇଡିୱାଇ) ପାଇଁ ମଞ୍ଚ ପ୍ରସ୍ତୁତ ହୋଇଛି । ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ନରେନ୍ଦ୍ର ମୋଦୀ ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶର ବିଶାଖାପାଟଣାରୁ ଜାତୀୟ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମର ନେତୃତ୍ୱ ନେଇ ମୁଖ୍ୟ ସ୍ଥାନରେ ୩ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ଅଂଶଗ୍ରହଣକାରୀଙ୍କ ସହିତ ସାଧାରଣ ଯୋଗ ପ୍ରୋଟୋକଲ (ସିଓ୍ୱାଇପି) ପ୍ରଦର୍ଶନ କରିବେ। ତାଙ୍କ ସହିତ ଭାରତର ବିଶ୍ୱ ସୁସ୍ଥତା ଦୃଷ୍ଟିକୋଣର ଏହି ବିଶାଳ ପ୍ରଦର୍ଶନରେ କେନ୍ଦ୍ର ରାଷ୍ଟ୍ରମନ୍ତ୍ରୀ (ଆୟୁଷ) ପ୍ରତାପରାଓ ଜାଧବ ଏବଂ ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶ ମୁଖ୍ୟମନ୍ତ୍ରୀ ଏନ. ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ନାଇଡୁ ଯୋଗଦେବେ ।ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ବିଶାଖାପାଟଣାର ନିର୍ଦ୍ଧାରିତ ସ୍ଥାନରେ ୩ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ଅଂଶଗ୍ରହଣକାରୀଙ୍କ ସହିତ ସାଧାରଣ ଯୋଗ ପ୍ରୋଟୋକଲ (ସିଓ୍ୱାଇପି) ପ୍ରଦର୍ଶନ କରିବେ, ଯାହା 'ଯୋଗ ସଙ୍ଗମ' ପଦକ୍ଷେପ ଅଧୀନରେ ଦେଶର ୧୦ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ସ୍ଥାନ ସହିତ ସମନ୍ୱୟ ରକ୍ଷା କରିବ । ଏହି ସାମୂହିକ ପ୍ରଦର୍ଶନ ସକାଳ ୬ ଟା ୩୦ ମିନିଟ୍ରୁ ସକାଳ ୭ ଟା ୪୫ ମିନିଟ୍ ପର୍ଯ୍ୟନ୍ତ ଅନୁଷ୍ଠିତ ହେବ ଏବଂ ଏଥିରେ ଦେଶର ସମସ୍ତ କୋଣ-ଅନୁକୋଣରୁ ଅଭୂତପୂର୍ବ ସମାବେଶର ଆଶା କରାଯାଉଛି । ଏକ ଅଭୂତପୂର୍ବ



ସମାବେଶରେ, ରାଜ୍ୟର ୧ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ସ୍ଥାନରେ ୨ କୋଟିରୁ ଅଧିକ ଲୋକ ଯୋଗ ଅଧିବେଶନରେ ଅଂଶଗ୍ରହଣ କରିବାର ଆଶା କରାଯାଉଛି । ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶ ସରକାର ଏହି ଉତ୍ସବକୁ ପାଳନ କରିବା ପାଇଁ ଏକ ଗିନିଜ୍ ୱାର୍ଲ୍ଡ ରେକର୍ଡ ପାଇଁ ପ୍ରୟାସ ମଧ୍ୟ କରୁଛନ୍ତି । ଏହା ସହିତ, ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶ ସରକାର ପଞ୍ଜୀକୃତ ଅଂଶଗ୍ରହଣକାରୀଙ୍କୁ ୫୦ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ଯୋଗ ପ୍ରମାଣପତ୍ର ପ୍ରଦାନ କରିବେ, ଯାହା ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସର ଏହି ଦଶନ୍ଧି ସଂସ୍କରଣକୁ ଭାରତର ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ଏବଂ ସୁସ୍ଥତା ଯାତ୍ରାରେ ଏକ ପ୍ରକୃତ ଐତିହାସିକ ମୁହୂର୍ତ୍ତ ଭାବରେ ପରିଗଣିତ କରିବ। ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ପାଳନର ଅଂଶ ସ୍ୱରୂପ, ଆଜି ଆନ୍ଧ୍ର ବିଶ୍ୱବିଦ୍ୟାଳୟରେ ଏକ ଉଲ୍ଲେଖନୀୟ ସୂର୍ଯ୍ୟ ନମସ୍କାର କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମର ଆୟୋଜନ କରାଯାଇଥିଲା, ଯେଉଁଠାରେ ପ୍ରାୟ ୨୫,୦୦୦ ଆଦିବାସୀ ପିଲା ୧୦୮ ମିନିଟରେ ୧୦୮ଟି ସୂର୍ଯ୍ୟ ନମସ୍କାର ପ୍ରଦର୍ଶନ କରିଥିଲେ। ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ୨୦୨୫ ପାଇଁ ସାଧାରଣ ଅଂଶଗ୍ରହଣ ହାସଲ କରିବା ପାଇଁ ୧୦ ଟି ଦସ୍ତଖତ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଆରମ୍ଭ ହେବା ଫଳରେ ଦେଶ ଏବଂ ବିଦେଶରୁ ଅଭୂତପୂର୍ବ ପ୍ରତିକ୍ରିୟା ମିଳିଛି । ଦେଶରେ ଜୁନ୍ ମାସ ୨୧ ତାରିଖରେ ହେବାକୁ ଥିବା କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ପାଇଁ ୧ ଲକ୍ଷ ପଞ୍ଜୀକରଣ ଲକ୍ଷ୍ୟ ସତ୍ତ୍ୱେ, ୧୧ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ସଂଗଠନ ଏବଂ ଗୋଷ୍ଠୀ ଆୟୁଷ ମନ୍ତ୍ରଣାଳୟର ଯୋଗ ପୋର୍ଟାଲ୍ ମାଧ୍ୟମରେ ନିଜ ନିଜ ସ୍ଥାନରେ ଯୋଗ ସଙ୍ଗମ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ପାଇଁ ପଞ୍ଜୀକରଣ କରିଛନ୍ତି । ରାଜସ୍ଥାନ ୨.୨୫ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ପଞ୍ଜୀକରଣ କରି ତାଲିକାର ଶୀର୍ଷରେ ରହିଛି ଏବଂ ତା'ପରେ ଆଉ ତିନୋଟି ରାଜ୍ୟ ୧ ଲକ୍ଷ ପଞ୍ଜୀକରଣ ଲକ୍ଷ୍ୟ ଅତିକ୍ରମ କରିପାରିଛନ୍ତି।

Veer Arjun • 22 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day 2025

3 • PG | 364 • Sqcm | 27292 • AVE | 60K • Cir | Middle Center

Delhi

मेरा युवा भारत नई दिल्ली जिला में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ



नई दिल्ली, (वीअ)। कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रहा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती इंदिरा गांधी छावनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुरानी नांगल , दिल्ली छावनी में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी किए गए सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत योग प्रशिक्षक श्रीमती अनुराधा जी के द्वारा कराया गया जिसमें लगभग स्कूल के 100 बच्चों की भागीदारी रही। इसके अलावा नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्रों ने योग के महत्व पर नारे लिखकर अपनी प्रतिभा दिखाई।वहीं दूसरी ओर मेरा युवा भारत नई दिल्ली जिला के 50 स्वयंसेवकों ने कर्तव्य पथ पर आयोजित योग संगम समारोह में भी भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा जी भी उपस्थित थे। उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ योग किया और लोगों को योग के महत्व के बारे में जागरूक किया। वहीं दूसरी ओर आईजी स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित योग दिवस में मेरा युवा भारत, नई दिल्ली जिला के 50 स्वयंसेवकों ने अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीया, (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ योग अभ्यास किया ।

Veer Arjun • 21 Jun • Ministry of Ayush
Internationa Yoga Day, 2025

1 • PG | 296 • Sqcm | 22169 • AVE | 60K • Cir | Top Right

Delhi

सौ पर्यटन स्थलों, 50 सांस्कृतिक स्थलों पर आयोजित होगा योग सत्र

प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम में आयोजित मुख्य समारोह में लेंगे भाग

विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली। संस्कृति मंत्रालय 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में 100 प्रसिद्ध स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्र आयोजित करेगा, जिनमें यूनेस्को के कुछ विरासत स्थल भी शामिल हैं।

ये सत्र आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किए जा रहे मुख्य समारोहों के साथ पूरक कार्यक्रमों के रूप में आयोजित किए जाएंगे। विशाखापत्तनम में आयोजित मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी शामिल होंगे। यूनेस्को के जिन विश्व धरोहर स्थलों में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, उनमें चराईदेव मोइदम (असम), रानी की वाव और धोलावीरा (गुजरात), हम्पी व पट्टाडकल (कर्नाटक), खजुराहो स्मारक समूह और सांची स्तूप (मप्र), कोणार्क का सूर्य मंदिर (ओडिशा), एलीफेंटा गुफाएं (महाराष्ट्र) और तंजावुर का बृहदीश्वर मंदिर (तमिलनाडु) शामिल हैं। देश भर में 100 पर्यटन-आधारित प्रसिद्ध स्थलों और 50 से अधिक सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्र आयोजित होंगे। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत राजस्थान के जोधपुर में ऐतिहासिक मेहरानगढ़ किले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। मंत्रालय ने कहा कि कुछ अन्य प्रमुख सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थल जैसे गोलकुंडा किला और सालारजंग संग्रहालय (हैदराबाद), हुमायूं का मकबरा, पुराना किला और सफदरजंग मकबरा (दिल्ली), जलियांवाला बाग (पंजाब), चित्तौड़गढ़ और कुंभलगढ़ किले (राजस्थान), लेह पैलेस (लद्दाख), परी महल (श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर), बेकल किला (केरल), और हजारद्वारी तथा कूच बिहार पैलेस (पश्चिम बंगाल) जैसे अन्य स्थलों पर भी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

▶जिन सांस्कृतिक स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित होंगे उनमें यूनेस्को के कुछ विरासत स्थल भी शामिल

Veer Arjun • 20 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day

3 • PG | 294 • Sqcm | 22032 • AVE | 60K • Cir | Middle Center

Delhi

योग अभ्यास से रहता है स्वस्थ मन और शरीर निरोग : मनोज तिवारी

नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। योग करने से मन स्वस्थ रहता है और नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रोग से मुक्त रहता है इसलिए हम सबको नियमित रूप से योग अभ्यास करना चाहिए और अपने जीवन को आदर्श तथा स्वस्थ शरीर से दैनिक जीवन की क्रियाओं में अपने आप को आदर्श साबित करना है यह कहना है उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी का उन्होंने यह उद्गार सोनिया विहार ढाई पुस्ता यमुना तट के किनारे नव जागृति योग समिति द्वारा आयोजित योग अभ्यास शिविर में आए लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये उन्होंने कहा योग क्रियाएं हमारी पुरातन संस्कृति ऋषि महर्षियों की अमूल्य धरोहर है जो न सिर्फ हमें स्वस्थ रखती है बल्कि हमें लंबी आयु का वरदान भी देती है मनोज तिवारी ने कहा कि बरसों पुरानी योग अभ्यास की परंपरा को दशकों तक जनहित और जन कल्याण से दूर रखा गया और पूरे विश्व के अरबों लोग अंग्रेजी दवाइयां पर निर्भर हो गए लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ना सिर्फ वरदान सिद्ध योग को भारत के जन जन तक पहुंचाया बल्कि विश्व के 100 से अधिक देशों में इसके



महत्व को पहुंचाया और आज योग अभ्यास कर करोड़ों लोग न सिर्फ बीमारियों से मुक्ति पा रहे हैं बल्कि उन्हें अंग्रेजी दवाइयां के बड़े खर्च और दुष्प्रभाव से भी मुक्ति मिल रही है संस्था द्वारा विश्व योग दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी के अलावा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ज्योति चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश राज निगम पार्षद सोनी पांडे एवं बृजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

Sandhya Times • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day 2025

6 • PG | 2906 • Sqcm | 770116 • AVE | 106.19K • Cir | Top Left

Delhi

योग का कोई एक चेहरा नहीं है, बल्कि यह एक बहुरंगी कैनवास है, जिसे समय-समय पर महान कलाकारों ने अपने ज्ञान के रंगों से संवारा है। एक ओर जहां महर्षि पतंजलि ने इसके दर्शन की नींव रखी, तो वहीं बाबा रामदेव ने इसे घर-घर का मंत्र बना दिया। एक तरफ बीकेएस अयंगर ने शरीर को साधना सिखाया, तो महर्षि महेश योगी ने मन को शांत करने का रास्ता दिखाया

ये हैं भारत के 10 योग गुरु जिनकी दीवानी हुई पूरी दुनिया


आज के दिन पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का डंका बज रहा है। योग, जो भारत की प्राचीन धरोहर है, आज वैश्विक मंच पर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का प्रतीक बन चुका है। आज दुनिया के हर कोने में योग स्टूडियो, आश्रम और ऑनलाइन क्लासेस योग की लोकप्रियता का सबूत हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, योग तनाव, अवसाद और हृदय रोग जैसी समस्याओं में प्रभावी है। भारत के इन गुरुओं ने साबित किया कि योग सिर्फ भारत की धरोहर नहीं, बल्कि पूरी मानवता का खजाना है। लेकिन इस प्राचीन विज्ञान को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने का श्रेय उन योग गुरुओं को जाता है, जिन्होंने अपनी साधना, शिक्षण और नवाचार से योग को न केवल जीवित रखा, बल्कि इसे आधुनिक युग की जरूरत बनाया। महर्षि पतंजलि से लेकर बाबा रामदेव तक, भारत में योग गुरुओं की एक लंबी श्रृंखला है जिन्होंने योग की लौ को जलाए रखा और दुनिया को सिखाया कि योग सिर्फ आसन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है...






बाबा रामदेव: योग को जन-जन तक पहुंचाने वाला क्रांतिकारी

बाबा रामदेव ने योग को भारत के हर घर तक पहुंचाया और इसे वैश्विक मंच पर एक आंदोलन बनाया। उनके अनुलोम-विलोम, कपालभाति और दूसरे प्राणायामों ने करोड़ों लोगों को स्वस्थ जीवन की राह दिखाई। हरिद्वार में स्थापित पतंजलि योगपीठ ने योग और आयुर्वेद को एकसाथ बढ़ावा दिया। उनके प्रयासों का नतीजा है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया।




के. पट्टाभी जोईस: आष्टांग योग के मास्टर

के. पट्टाभी जोइस ने आष्टांग विन्यास योग को दुनिया के सामने लाकर योग को एक गतिशील और शक्तिशाली अभ्यास बनाया। मैसूर में उनके आश्रम में प्रशिक्षण लेने वाले शिष्यों में हॉलीवुड के कई सितारे शामिल थे, जैसे मैडोना, स्टिंग, और ग्वेनेथ पाल्ट्रो। जोइस का आष्टांग योग शारीरिक शक्ति, लचीलापन, और मानसिक एकाग्रता पर केंद्रित है। उनकी शिक्षाएं आज भी दुनिया भर के योग स्टूडियो में गूंजती हैं। जोइस ने सिखाया कि योग एक अनुशासित जीवनशैली है, जो शरीर और मन को एकसाथ जोड़ती है।




महर्षि महेश योगी: ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन के प्रणेता

महर्षि महेश योगी ने 'ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन' (TM) के जरिए योग को पश्चिमी दुनिया में लोकप्रिय बनाया। यह ध्यान तकनीक, जिसमें आंखें बंद करके मंत्र जप के साथ ध्यान किया जाता है, दुनिया से परे ले जाती है। 1960 के दशक में बीटल्स जैसे पॉप सितारों ने उनके आश्रम में समय बिताया, जिससे TM को वैश्विक ख्याति दिलाई। महर्षि ने योग को एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण दिया और इसे तनावमुक्त जीवन का साधन बनाया। आज TM दुनिया भर में लाखों लोगों द्वारा अपनाया जाता है और इसका प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से अध्ययन किया गया है।



श्री श्री रविशंकर: योग और ध्यान के वैश्विक दूत

इन्हें दुनिया 'गुरुदेव' के नाम से जानती है। 1956 में तमिलनाडु के पापनासम में जन्मे रविशंकर ने अपनी साधना और शिक्षाओं से लाखों लोगों को शांति और आनंद का मार्ग दिखाया। उनकी स्थापना, 'आर्ट ऑफ लिविंग' (Art of Living), आज योग, ध्यान, और सुदर्शन क्रिया के जरिए वैश्विक स्तर पर तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन का प्रतीक बन चुकी है। 1982 में, कर्नाटक के शिमोगा में एक दस दिन के मौन साधना के दौरान श्री श्री रविशंकर को सुदर्शन क्रिया की प्रेरणा मिली। यह एक शक्तिशाली श्वास-आधारित तकनीक है, जो शारीरिक, मानसिक, और भावनात्मक तनाव को कम करती है। सुदर्शन क्रिया योग और प्राणायाम का एक अनूठा मिश्रण है, जो शरीर में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाता है और मन को शांत करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों ने साबित किया है कि यह तकनीक अवसाद, चिंता, और अनिद्रा जैसी समस्याओं में प्रभावी है।



SunilJha@timesofindia.com


महर्षि पतंजलि: योग के जनक

योग की बात हो और महर्षि पतंजलि का नाम न आए, यह असंभव है। उन्हें 'फादर ऑफ योग' यानी योग का जनक कहा जाता है, जिन्होंने 2,000 साल पहले 'योग सूत्र' लिखकर योग को एक व्यवस्थित दर्शन का रूप दिया। उनके 195 सूत्र योग के आधार हैं, जो अष्टांग योग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) की नींव रखते हैं। पतंजलि ने सिखाया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन और आत्मा का संतुलन है। आज भी उनके सूत्र योग शिक्षकों और साधकों के लिए मार्गदर्शक हैं। उनकी शिक्षाएं समय की सीमाओं को पार कर आज भी प्रासंगिक हैं और विश्व भर में योग की लोकप्रियता उनके योगदान का जीवंत प्रमाण है।




तिरुमलाई कृष्णमाचार्य: आधुनिक योग के पितामह

20वीं सदी में योग को पुनर्जनम देने वाले तिरुमलाई कृष्णमाचार्य को 'आधुनिक योग का पितामह' माना जाता है। आयुर्वेद और योग के विद्वान कृष्णमाचार्य ने मैसूर के महाराजा के संरक्षण में योग को पुनर्जीवित किया। उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण कर योग स्कूल स्थापित किए और इसे जन-जन तक पहुंचाया। उनकी खासियत थी योग को व्यक्ति की जरूरतों के अनुसार ढालना। उनके शिष्य बीकेएस अयंगर और के. पट्टाभी जोईस ने बाद में योग को वैश्विक मंच पर ले गए। कृष्णमाचार्य की शिक्षाएं आज भी विन्यास और हठ योग के रूप में दुनिया भर में प्रचलित हैं।




स्वामी शिवानंद: हास्य और योग का मेल

स्वामी शिवानंद, जो पेशे से डॉक्टर थे, ने योग को एक आनंदमय यात्रा बनाया। उनका मानना था कि एक योगी को हास्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने 'त्रिमूर्ति योग' की अवधारणा दी, जिसमें हठ योग, कर्म योग और मास्टर योग शामिल हैं। स्वामी शिवानंद ने योग को आध्यात्मिकता के साथ जोड़ा और इसे जीवन का दर्शन बनाया। उनका पैंतीस, जिसमें 18 गुणों की चर्चा है, आज भी उनके शिष्यों के बीच लोकप्रिय है। ऋषिकेश में स्थापित उनके शिवानंद आश्रम ने दुनिया भर से साधकों को आकर्षित किया और योग को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




बीकेएस अयंगर: योग को वैश्विक मंच तक ले जाने वाले गुरु

बीकेएस अयंगर ने योग को भारत की सीमाओं से निकालकर दुनिया के हर कोने में पहुंचाया। तिरुमलाई कृष्णमाचार्य के शिष्य अयंगर ने 'अयंगर योग' की स्थापना की, जो सटीकता, संरेखण और प्रॉप्स (जैसे ब्लॉक और बेल्ट) के उपयोग के लिए जाना जाता है। उन्होंने पतंजलि के योग सूत्रों को आधुनिक संदर्भ में पुनः परिभाषित किया। 95 साल की उम्र तक वे आठ घंटा शीर्षासन कर सकते थे, जो उनकी साधना का प्रमाण है। 2014 में उनका निधन हुआ, लेकिन पुणे में स्थापित उनका सम्मणी अयंगर मेमोरियल योग इंस्टीट्यूट आज भी योग साधकों के लिए तीर्थस्थल है।



जग्गी वासुदेव (सद्गुरु): आधुनिक युग के योग दूत

सद्गुरु के नाम से मशहूर जग्गी वासुदेव ने योग को आधुनिक युग में नया आयाम दिया। कर्नाटक के रहने वाले सद्गुरु ने 1992 में ईशा फाउंडेशन की स्थापना की, जो योग और ध्यान के जरिए आंतरिक परिवर्तन को बढ़ावा देता है। उनकी 'इनर इंजीनियरिंग' तकनीक ने लाखों लोगों को योग से जोड़ा। 2017 में कोयंबटूर में भगवान शिव की 112 फीट ऊंची प्रतिमा का उद्घाटन, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, सद्गुरु की पहल थी। उनकी शिक्षाएं योग को जीवन का एक समग्र दर्शन बनाती हैं और उनकी वैश्विक लोकप्रियता भारत के योग प्रभाव को दर्शाती है।



भारत भूषण: पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु


उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के योग गुरु भारत भूषण ने योग को देश-विदेश में लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शुरुआत में बॉडी बिल्डिंग से जुड़े भारत भूषण जल्द ही योग की ओर मुड़े और इसे अपने मिशन बना लिया। उनकी उपलब्धियों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे पहले योग गुरु हैं, जिन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया। उनके योग स्कूल, मैक्सीवातन इंटरनैशनल योगाश्रम, ने हजारों लोगों को योग सिखाया। भारत भूषण की सादगी और समर्पण ने उन्हें लाखों लोगों का प्रिय बनाया।

Sandhya Times • 21 Jun • Ministry of Ayush
Internationa Yoga Day, 2025
9 • PG | 833 • Sqcm | 220779 • AVE | 106.19K • Cir | Top Left
Delhi

पुलिस से लेकर कॉरपोरेट प्रफेशनल्स तक... योग से बदल डालीं जिंदगियां

योगगुरु मीनाक्षी कौशिक ने योग को बनाया पेशा और जीवन का मिशन

Priyanka.Singh5@timesofindia.com




आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां तनाव और बीमारियां आम हो गई हैं, वहीं नोएडा की योग गुरु मीनाक्षी कौशिक योग के जरिए लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। 2008 से योग का अभ्यास कर रहीं मीनाक्षी ने इसे अपना पेशा और जीवन का मिशन बना लिया है। वह न सिर्फ आम लोगों को, बल्कि पुलिस बटालियन के जवानों और कॉरपोरेट कर्मचारियों को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद कर रही हैं।

जापान यात्रा से मिली प्रेरणा

मीनाक्षी बताती हैं कि योग उन्हें विरासत में मिला है, क्योंकि उनकी मां ने भी धीरेंद्र ब्रह्मचारी से योग सीखा था। लेकिन इस विरासत को मिशन बनाने की असली प्रेरणा उन्हें 2005 में जापान यात्रा के दौरान मिली। उन्होंने देखा कि कैसे तोक्यो में विदेशी लोग भारत की इस प्राचीन धरोहर को उत्साह से अपना रहे हैं। मीनाक्षी कहती हैं, जब मैंने देखा कि दूसरे देशों के लोग हमारी संस्कृति को इतना सम्मान दे रहे हैं, तो मुझे लगा कि हमें भी इसकी ताकत को पहचानना चाहिए। बस वहीं से मेरा यह सफर शुरू हुआ।

पुलिस जवानों की बदली जीवनशैली

मीनाक्षी पुलिस अधिकारियों के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने यूपी पुलिस की 49वीं बटालियन के साथ अभी काम चल रहा है। इससे पहले 47वीं बटालियन में पुलिस जवानों के लाइफस्टाइल और स्लीप साइकल पर काम किया है। उन्होंने बताया, पुलिस जवानों का शेड्यूल बहुत व्यस्त होता है। मैंने देखा कि कई जवान साइटिका, हाई ब्लड प्रेशर (BP) और डायबिटीज जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, एक जवान का बीपी 170-180 रहता था, जो योग के नियमित अभ्यास से 110 पर आ गया। योग ने न केवल उनकी शारीरिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक सेहत में भी जबरदस्त सुधार किया है।



सही योग का ज्ञान है बेहद जरूरी

मीनाक्षी कौशिक इस बात पर जोर देती हैं कि हर किसी के लिए एक ही योगासन फायदेमंद नहीं होता। वह बीमारी और शरीर की जरूरत के हिसाब से योग सिखाती हैं। अगर किसी को हाई बीपी है और वह कपालभाति करता है, तो उसका बीपी और बढ़ जाएगा। यह जानना बहुत जरूरी है कि किस बीमारी में कौन सा आसन करना है और कौन सा नहीं। उदाहरण के लिए भुजंगासन पीठ दर्द और पेट के लिए फायदेमंद है, लेकिन हर्निया के मरीज को इसे करने से बचना चाहिए।

मीनाक्षी का योग सत्र, मंत्रों से ध्यान तक

उनका सत्र गायत्री मंत्र के साथ शुरू होता है। इसमें ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, वीरभद्रासन, मकरासन और गोमुखासन जैसे आसन शामिल होते हैं। तनाव और अनिद्रा (Insomnia) जैसी समस्याओं के लिए वह भ्रामरी प्राणायाम को बहुत प्रभावी मानती हैं। सत्र का अंत शवासन से होता है, जो मन को पूरी तरह शांत कर देता है। मीनाक्षी का मानना है कि आपके पास कितना भी पैसा हो, लेकिन अगर स्वास्थ्य अच्छा नहीं है तो सब व्यर्थ है। आज वह ऑनलाइन माध्यमों से भी योग की जागरूकता फैला रही हैं, ताकि महामारी जैसे मुश्किल समय में लोग डिप्रेशन से दूर रहें और अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बना सकें।

अपनी बिजनेस स्टोरी शेयर करने के लिए सान्ध्य टाइम्स से संपर्क करें इस ईमेल पर : Sandhyatimes4u@gmail.com या वॉट्सऐप करें 9870532779

Sandhya Times • 20 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day

6 • PG | 138 • Sqcm | 36534 • AVE | 106.19K • Cir | Bottom Left

Delhi

'योग से रहता है मन स्वस्थ और शरीर निरोग'

■ **सान्ध्य टाइम्स ब्यूरो।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार ढाई पुश्ते पर यमुना के किनारे नव जागृति योग समिति की ओर से योग अभ्यास शिविर लगाया गया। 21 जून को योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम से पहले अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया था।

आज सुबह उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने भी यहां पहुंचकर योग अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग करने से मन स्वस्थ रहता है और नियमित योग अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रोग से मुक्त



रहता है। इसलिए हम सबको नियमित रूप से योग अभ्यास करना चाहिए। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों के अलावा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, ज्योति चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश राज, निगम पार्षद सोनी पांडे और बृजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। **(नस)**

Amar Ujala • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day 2025

4 • PG | 111 • Sqcm | 236132 • AVE | 564.4K • Cir | Middle Left
Delhi

जयपुर मेट्रो ने योग दिवस पर शिविर लगाया

नई दिल्ली (वि)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के मेट्रो डिपो स्थित परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर महेश भुराडिया, (निदेशक, कंपनी मामलात), ओम प्रकाश, (निदेशक, परिचालन एवं प्रणाली), मेट्रो पुलिस एवं मेट्रो कार्मिकों ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक मुस्कान और सपना ने योग की विभिन्न मुद्राओं, विधियों व आसनों का अभ्यास करवाया। इस मौके पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वैभव गालरिया ने योग शिविर के सफल संचालन के लिए सभी को बधाई दी।



व्यावसायिक गतिविधि

Amar Ujala • 21 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga Day 2025
1 • PG | 526 • Sqcm | 1114649 • AVE | 564.4K • Cir | Top Left
Delhi

मोदी आज तीन लाख लोगों के साथ विशाखापत्तनम में करेंगे योग

11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : 191 देशों के 1,300 शहरों में होंगे योग कार्यक्रम

नई दिल्ली/अमरावती। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को योग के महाकुंभ में शामिल होंगे। पीएम मोदी यहां तीन लाख से अधिक लोगों के साथ योग करेंगे। योग के इस आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। भारत इस मौके पर 191 देशों के 1,300 शहरों में योग कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की विषयवस्तु एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, तय की गई है। विशाखापत्तनम में आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर के क्षेत्र में एकसाथ 3.19 लाख लोगों के योग करने की व्यवस्था की गई है। यहां 1,000 लोगों की क्षमता वाले 326 कम्पार्टमेंट तैयार किए गए हैं। ब्यूरो >> 17 देशों के योगगुरु करेंगे नेतृत्व : पेज 16



विशाखापत्तनम में सूर्य नमस्कार कर 25 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। आंध्र विश्वविद्यालय में 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार किया।

25,000 आदिवासी विद्यार्थियों ने 108 मिनट तक किया सूर्य नमस्कार

विशाखापत्तनम में योग महाकुंभ में 25,000 से अधिक आदिवासी छात्र-छात्राओं ने 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार किया। इसका उद्देश्य सबसे बड़े समूह और सबसे अधिक लोगों के एकसाथ सूर्य नमस्कार करने का रिकॉर्ड बनाना है।

सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन रहेंगे तैनात

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरीश कुमार गुप्ता के मुताबिक, 1,200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन 26 किलोमीटर के उस हिस्से पर नजर रखेंगे, जहां हजारों लोग योग करेंगे। सुरक्षा के लिए करीब 10,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

81 स्मारक स्थलों पर योग सत्र शाह अहमदाबाद में होंगे शामिल

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण शनिवार को देशभर में 81 स्मारक स्थलों पर योग सत्र आयोजित करेगा, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद के निकट अडालज वाव में आयोजित समारोह में भाग लेंगे। हजारों प्रतिभागी ऐतिहासिक स्थलों जैसे पुराना किला (दिल्ली), गोल गुम्बज (कर्नाटक), कोणार्क सूर्य मंदिर (ओडिशा), चित्तौड़गढ़ किला (राजस्थान), एलीफेंटा गुफाएं (महाराष्ट्र) और एएसआई के 76 अन्य स्थलों पर योग अभ्यास करेंगे।

Amar Ujala • 20 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

8 • PG | 338 • Sqcm | 716435 • AVE | 564.4K • Cir | Top Right

Delhi

करें योग रहें निरोग...



पंचशील पार्क में बच्चों को योग अभ्यास करातीं मंजू सिंह। फोटो : स्वयं



हौजखास स्थित पार्क में योग करतीं महिलाएं। फोटो : स्वयं

योग दिवस (21 जून) की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आपमे से कई लोग सेहतमंद रहने के लिए नियमित तौर पर सामूहिक योग करते हैं। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो हम ग्रुप में योग करते हुए आपकी तस्वीरों को समाचार पत्र में स्थान देंगे। हमें आप इस नंबर 9873687563 पर फोटो व्हाट्सएप कर सकते हैं।

Samaj • 22 Jun • Ministry of Ayush

23 global records set on Yoga Day in Vizag

7 • PG	210 • Sqcm	111443 • AVE	1.11M • Cir	Middle Right

Bhubaneshwar

ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗଦିବସ

ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ୨୩ ବିଶ୍ୱ ରେକର୍ଡ

ବିଶାଖାପାଟଣା,୨୧।୬ : ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳନ ପାଇଁ ଶନିବାର ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ବ୍ୟାପକ ଆୟୋଜନ କରାଯାଇଥିଲା। ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ନରେନ୍ଦ୍ର ମୋଦୀଙ୍କ ସହ ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶ ମୁଖ୍ୟମନ୍ତ୍ରୀ ଏନ୍. ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ନାଇଡୁ ଓ ଅନ୍ୟମାନେ ଯୋଗାସନ କରିଥିଲେ। ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ଆୟୋଜିତ ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମରେ ୨୩ଟି ନୂଆ ବିଶ୍ୱ ରେକର୍ଡ ସୃଷ୍ଟି ହୋଇଥିବା ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ନାଇଡୁ ଗଣମାଧ୍ୟମକୁ ସୂଚନା ଦେଇଛନ୍ତି। ସେଥିମଧ୍ୟରୁ ୨ଟି ଗିନିଜ ୱାଇର୍ଲ୍ଡ ରେକର୍ଡ୍ସ ହୋଇଥିବା ବେଳେ ୨୧ଟି ୱାଇର୍ଲ୍ଡ ବୁକ୍ ଅଫ୍ ରେକର୍ଡ୍ସରେ ସ୍ଥାନ ପାଇଛି।

ସ୍ୱାମାଦିକ ସମ୍ମିଳନୀରେ ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ କହିଥିଲେ ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ୩ ଲକ୍ଷ ୩ ହଜାର ଲୋକ ଏକାଠି ଯୋଗ କରିଥିଲେ। ଗୋଟିଏ ସ୍ଥାନରେ ସର୍ବାଧିକ ଲୋକ ଏକତ୍ର ଯୋଗ କରିବା ଯୋଗୁଁ ତାହା ଗିନିଜ ୱାଇର୍ଲ୍ଡ ରେକର୍ଡ୍ସରେ ସ୍ଥାନ ପାଇଛି। ସେହିପରି ଆନ୍ଧ୍ର ବିଶ୍ୱବିଦ୍ୟାଳୟରେ ୨୨ ହଜାର ୧୨୨ଜଣ ଜନଜାତି ଛାତ୍ର ୧୦୮ ମିନିଟ୍ ପର୍ଯ୍ୟନ୍ତ ୧୦୮ଥର ସୂର୍ଯ୍ୟ ନମସ୍କାର କରି ଆଉ ଏକ ଗିନିଜ ରେକର୍ଡ କରିଥିବା ସେ ସୂଚନା ଦେଇଥିଲେ। ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ଆୟୋଜିତ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳନ ବିପୁଳ ସଫଳତା ହାସଲ କରିଥିବା ସେ କହିଥିଲେ। ବିଶାଖାପାଟଣା ଆସି ଯୋଗ ଦିବସରେ ସାମିଲ ହୋଇଥିବାରୁ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ନରେନ୍ଦ୍ର ମୋଦୀଙ୍କୁ ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ଧନ୍ୟବାଦ ଅର୍ପଣ କରିଥିଲେ। ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ଆୟୋଜିତ ଯୋଗ ଦିବସକୁ ସଫଳ କରାଇଥିବାରୁ ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ଅଂଶଗ୍ରହଣକାରୀ, ଆୟୋଜକ ଓ ସ୍ୱେଚ୍ଛାସେବୀଙ୍କୁ ଧନ୍ୟବାଦ ଜଣାଇଥିଲେ। ଯୋଗ ଦିବସ ଅବସରରେ



ସମଗ୍ର ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶରେ ୨ କୋଟି ୪୫ ଲକ୍ଷ ବ୍ୟକ୍ତି ଯୋଗାସନ କରିଥିବା ସେ ସୂଚନା ଦେଇଥିଲେ। ସେମାନଙ୍କ ମଧ୍ୟରୁ ୧ କୋଟି ୮୦ ଲକ୍ଷ ବ୍ୟକ୍ତିଙ୍କୁ ରାଜ୍ୟ ସରକାରଙ୍କ ତରଫରୁ ସାର୍ଟିଫିକେଟ୍ ପ୍ରଦାନ କରାଯିବ ବୋଲି ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ଘୋଷଣା କରିଥିଲେ। ଯୋଗ ଭାରତୀୟ ପରମ୍ପରା ହୋଇଥିବା ବେଳେ ଏହା ଅଭ୍ୟାସ କରିବା ଫଳରେ ଶାରୀରିକ ଓ ମାନସିକ ସୁସ୍ଥତା ମିଳି ପାରୁଛି। ତେଣୁ କୋଟିକୋଟି ଲୋକ ଯୋଗ ଦିବସରେ ନିଜକୁ ସାମିଲ କରିଥିବା ସେ କହିଥିଲେ। ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ନରେନ୍ଦ୍ର ମୋଦୀଙ୍କ ଉଦ୍ୟମ ଯୋଗୁଁ ଯୋଗ ବିଶ୍ୱରେ ଅଧିକ ଲୋକପ୍ରିୟତା ହାସଲ କରିଥିବା ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ଦର୍ଶାଇଥିଲେ। ୧୭୦ଟି ଦେଶରେ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳନ ହେଉଛି ଏବଂ ବହୁସଂଖ୍ୟକ ବ୍ୟକ୍ତି ଏଥିରେ ସାମିଲ ହୋଇଥିବା ସେ କହିଥିଲେ।

ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶର ୨୬ଟି ଜିଲ୍ଲା ଓ ୧୦୧ଟି ପର୍ଯ୍ୟଟନସ୍ଥଳୀରେ ଯୋଗ ଶିବିର ଆୟୋଜିତ ହୋଇଥିଲା। ଯୋଗକୁ ଅଧିକ ଲୋକାଭିମୁଖୀ କରିବା ନିମନ୍ତେ ରାଜ୍ୟ ସରକାର ଖୁବ୍‌ଶୀଘ୍ର ଏକାଧିକ ପଦକ୍ଷେପ ଗ୍ରହଣ କରିବେ ବୋଲି ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ଘୋଷଣା କରିବା ସହ ପ୍ରତ୍ୟେକ ବ୍ୟକ୍ତି ସବୁଦିନ ଯୋଗ କରିବାକୁ ପରାମର୍ଶ ଦେଇଥିଲେ। ରାଜ୍ୟ ସରକାର ଯୋଗ ଅଧ୍ୟୟନ ପରିଷଦ ଗଠନ କରିବାକୁ ନିଷ୍ପତ୍ତି ନେଇଥିବା ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ଘୋଷଣା କରିଥିଲେ।

Samaj • 21 Jun • Ministry of Ayush

Nalco pre preparation International Yoga Day

17 • PG	115 • Sqcm	60834 • AVE	1.11M • Cir	Middle Center

Bhubaneshwar

ନାଲକୋ ପକ୍ଷରୁ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ପ୍ରାକ୍ ପ୍ରସ୍ତୁତି

ଭୁବନେଶ୍ୱର,୨୦।୬: ନାଲକୋ ପକ୍ଷରୁ ଚଳିତ ବର୍ଷର ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳନ ତଥା ଯୋଗର ପ୍ରଚାର ପ୍ରସାର ନିମନ୍ତେ ସଚେତନତା ସ୍ୱମନ୍ଧୀୟ ବିଭିନ୍ନ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଆୟୋଜନ କରାଯାଉଛି । ଆଜି କମ୍ପାନୀ ପକ୍ଷରୁ ବିଭିନ୍ନ ୟୁନିଟରେ ବୃହତ୍ ଯୋଗ ଶିବିର ଆୟୋଜନ କରାଯାଉଛି । ଏଥିସହ ଗତ ଏକ ମାସ ଧରି ପ୍ରାକ-ପ୍ରସ୍ତୁତି ରୂପେ କମ୍ପାନୀର ସମସ୍ତ ପରିଚାଳନା ୟୁନିଟରେ 'ଯୋଗ ବୁଟ-କ୍ୟାମ୍ପ', 'ୱାଇ-ବ୍ରେକ ଆଟ ୱାର୍କପ୍ଲେସ' ଓ 'ଯୋଗାଭ୍ୟାସ' ଅଧିବେଶନ ଆୟୋଜନ କରାଯାଉଛି । ଏଥିରେ



ପରିବାର ସହିତ କର୍ମଚାରୀମାନେ ଅଂଶଗ୍ରହଣ କରିଛନ୍ତି । 'ଜନ ଭାଗୀଦାରୀ'କୁ ପ୍ରୋତ୍ସାହିତ କରିବା ନିମନ୍ତେ କୋରାପୁଟଠାରେ ନାଲକୋ ଖଣି ଓ ପରିଶୋଧନ ପ୍ରକଳ୍ପ ତଥା ଅନୁଗୋଳର ସ୍ମେଲଟର ଓ ପାୱାର କମ୍ପ୍ଲେକ୍ସ ନିକଟବର୍ତ୍ତୀ ଗ୍ରାମଗୁଡ଼ିକରେ ମଧ୍ୟ ଯୋଗାଭ୍ୟାସ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଆୟୋଜନ କରାଯାଉଛି । କମ୍ପାନୀରେ କାର୍ଯ୍ୟରତ ମହିଳା ତଥା ସ୍କୁଲ ଛାତ୍ରୀଙ୍କ ନିମନ୍ତେ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ସଚେତନତା ଅଧିବେଶନ ଆୟୋଜନ କରାଯାଉଥିବା କମ୍ପାନୀର କର୍ପୋରେଟ ଯୋଗାଯୋଗ ବିଭାଗ ଦ୍ୱାରା ପ୍ରକାଶ କରାଯାଇଛି ।

Matrubhasa • 22 Jun • Ministry of Ayush

PM Modi leads historic Yoga Day gathering in Visakhapatnam

7 • PG | 375 • Sqcm | 37492 • AVE | 180K • Cir | Top Left

Bhubaneshwar

ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶର ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ଏକାଦଶ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ସମାରୋହରେ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀଙ୍କ ଉଦବୋଧନ

ନୂଆଦିଲ୍ଲୀ (ପିଆଇବି) : ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ନରେନ୍ଦ୍ର ମୋଦୀ ଆଜି ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶର ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ଏକାଦଶ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ (ଆଇଓ୍ୱାଇଡି) କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମରେ ଉଦବୋଧନ ଦେଇଛନ୍ତି। ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳନର ନେତୃତ୍ୱ ନେଇଥିଲେ ଏବଂ ଯୋଗ ଅଧିବେଶନରେ ଅଂଶଗ୍ରହଣ କରିଥିଲେ। ଏହି ଅବସରରେ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ଭାରତ ଏବଂ ବିଶ୍ୱର ଲୋକମାନଙ୍କୁ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସରେ ହାର୍ଦ୍ଦିକ ଶୁଭେଚ୍ଛା ଜଣାଇଥିଲେ । ସେ କହିଥିଲେ, ଚଳିତ ବର୍ଷ ଏକାଦଶ ଯୋଗ ଦିବସରେ ସାମୂହିକ ଭାବରେ ଯୋଗ ଅଭ୍ୟାସ କରିବା ପାଇଁ ସାରା ବିଶ୍ୱ ଏକତ୍ରିତ ହୋଇଛି। ଯୋଗର ବିଶେଷତ୍ୱ ହେଉଛି ''ଏକତ୍ୱ ହେବା'' ଏବଂ ଯୋଗ କିପରି ବିଶ୍ୱକୁ ଏକତ୍ରିତ କରିଛି, ତାହା ହୃଦୟଙ୍ଗମ କରିବା ଉତ୍ସାହଜନକ। ଗତ ଦଶନ୍ଧି ଧରି ଯୋଗର ନିରନ୍ତର ଯାତ୍ରା ଉପରେ ଗୁରୁତ୍ୱାରୋପ କରି ଶ୍ରୀ ମୋଦୀ ସେହି ମୁହୂର୍ତ୍ତକୁ ମନେ ପକାଇଥିଲେ ଯେତେବେଳେ ଭାରତ ମିଳିତ ଜାତିସଂଘରେ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳନର ପ୍ରସ୍ତାବ ଦେଇଥିଲା। ସେ ଉଲ୍ଲେଖ କରିଥିଲେ, ୧୭୫ଟି ଦେଶ ଏହି ପ୍ରସ୍ତାବକୁ ସମର୍ଥନ କରିଥିଲେ, ଯାହା ବ୍ୟାପକ ବିଶ୍ୱ ଏକତାର ଏକ ଅନନ୍ୟ ଉଦାହରଣ। ଏହି ସମର୍ଥନ କେବଳ ଏକ ପ୍ରସ୍ତାବ ପାଇଁ ନୁହେଁ ବରଂ ମାନବତାର ବୃହତ୍ତର ମଙ୍ଗଳ ପାଇଁ ବିଶ୍ୱର ସାମୂହିକ ପ୍ରୟାସର ନିଦର୍ଶନ ବୋଲି ସେ ଜୋର ଦେଇ କହିଥିଲେ । ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ଆହୁରି ମଧ୍ୟ କହିଥିଲେ, ଏଗାର ବର୍ଷ ପରେ, ଯୋଗ ବିଶ୍ୱର ଲକ୍ଷ ଲକ୍ଷ ଲୋକଙ୍କ ଜୀବନଶୈଳୀର ଏକ ଅବିଚ୍ଛେଦ୍ୟ ଅଂଶ ପାଲଟିଛି। ବିଭିନ୍ନ ଜନମାନେ ବ୍ରେରିରେ ଯୋଗ ପାଠ ପଢ଼ିବା ଏବଂ ବୈଜ୍ଞାନିକମାନେ ମହାକାଶରେ ଯୋଗ ଅଭ୍ୟାସ କରିବା ଗୌରବର ବିଷୟ। ଯୋଗ ଅଲିମ୍ପିଆଡରେ ଗ୍ରାମାଞ୍ଚଳର ଯୁବକମାନଙ୍କ ଉତ୍ସାହଜନକ ଅଂଶଗ୍ରହଣକୁ ମଧ୍ୟ ସେ ଉଲ୍ଲେଖ କରିଥିଲେ। ଶ୍ରୀ ମୋଦୀ ଗୁରୁତ୍ୱାରୋପ କରି କହିଥିଲେ ଯେ ସିଡନୀ ଅପେରା ହାଉସର ପଦକ୍ଷେପ ହେଉ, ମାଉଣ୍ଟ ଏଭରେଷ୍ଟର ଶିଖର ହେଉ, କିମ୍ବା ସମୁଦ୍ରର ବିଶାଳ ବିସ୍ତୃତି, ସବୁଠି ବାର୍ତ୍ତା ଗୋଟିଏ, ''ଯୋଗ ସମସ୍ତଙ୍କ ପାଇଁ, ଯୋଗ ସୀମା, ପୃଷ୍ଠଭୂମି, ବୟସ ଓ କ୍ଷମତାଠାରୁ ଉର୍ଦ୍ଧ୍ୱରେ।'' ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ଉପସ୍ଥିତ ଥିବାରୁ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ସନ୍ତୋଷ ପ୍ରକାଶ କରିଥିଲେ । ସେ ଏହି ସହରକୁ ପ୍ରକୃତି ଏବଂ ପ୍ରଗତିର ସଙ୍ଗମସ୍ଥଳ ଭାବରେ ବର୍ଣ୍ଣନା କରିଥିଲେ। ଶ୍ରୀ ମୋଦୀ ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମର ଉତ୍କୃଷ୍ଟ ଆୟୋଜନ ପାଇଁ ଏଥିରେ ସମ୍ପୃକ୍ତ ଲୋକମାନଙ୍କୁ ପ୍ରଶଂସା କରିଥିଲେ। ସେ ମଧ୍ୟ ଶ୍ରୀ ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ନାଇଡୁ ଓ ଶ୍ରୀ ପବନ କଲ୍ୟାଣଙ୍କୁ ସେମାନଙ୍କର ନେତୃତ୍ୱ ପାଇଁ ଅଭିନନ୍ଦନ ଜଣାଇଥିଲେ। ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ଆଲୋକପାତ କରି କହିଥିଲେ ଯେ ସେମାନଙ୍କ ନେତୃତ୍ୱରେ ଆନ୍ଧ୍ର ପ୍ରଦେଶ ଏକ ଉଲ୍ଲେଖନୀୟ ପଦକ୍ଷେପ ସ୍ୱରୂପ 'ଯୋଗାନ୍ଧ୍ର ଅଭିଯାନ' ଆରମ୍ଭ କରିଥିଲା। ଶ୍ରୀ ନାରା ଲୋକେଶଙ୍କ ପ୍ରୟାସକୁ ମଧ୍ୟ ବିଶେଷ ଭାବରେ ପ୍ରଶଂସା କରି ସେ କହିଥିଲେ, ଯୋଗ କିପରି ଏକ ପ୍ରକୃତ ସାମାଜିକ ଉତ୍ସବ ହୋଇପାରେ ଏବଂ ସମାଜର ପ୍ରତ୍ୟେକ ବର୍ଗକୁ ଏଥିରେ କିଭଳି ସାମିଲ କରାଯାଇପାରିବ ତାହା ଶ୍ରୀ ଲୋକେଶ ପ୍ରଦର୍ଶନ କରିଛନ୍ତି। ଗତ ଏକରୁ ଦେଢ଼ ମାସ ମଧ୍ୟରେ, ଶ୍ରୀ ଲୋକେଶ ଯୋଗାନ୍ଧ୍ର ଅଭିଯାନ ମାଧ୍ୟମରେ ଅନନ୍ୟ ପ୍ରତିବଦ୍ଧତା ଦେଖାଇଛନ୍ତି ଏବଂ ତାଙ୍କ ପ୍ରୟାସ ପାଇଁ ସେ ପ୍ରଶଂସାର ପାତ୍ର ବୋଲି ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ମତ ଦେଇଥିଲେ। ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ଜୋର ଦେଇ କହିଥିଲେ, ଯୋଗାନ୍ଧ୍ର ଅଭିଯାନରେ ଦୁଇ କୋଟିରୁ ଅଧିକ ଲୋକ ସାମିଲ ହୋଇଛନ୍ତି, ଯାହା ଦୃଢ଼ ଜନ ଭାଗୀଦାରୀ ଭାବନାକୁ ପ୍ରତିଫଳିତ କରୁଛି । ଏହି ଭାବନା ଏକ ବିକଶିତ ଭାରତ ପାଇଁ ମୂଳଦୁଆ ଗଠନ କରିଛି। ଯେତେବେଳେ ନାଗରିକମାନେ କୌଣସି ଏକ ଅଭିଯାନର ନେତୃତ୍ୱକୁ ସ୍ୱୀକୃତି ଦିଅନ୍ତି ଏବଂ ସକ୍ରିୟ ଭାବରେ ଅଂଶଗ୍ରହଣ କରନ୍ତି, ସେତେବେଳେ କୌଣସି ଲକ୍ଷ୍ୟରେ ପହଞ୍ଚିବା ଆଉ ଅସମ୍ଭବ ହୋଇ ରହେ ନାହିଁ। ବିଶାଖାପାଟଣାର ସମସ୍ତ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମରେ ଲୋକଙ୍କ ସବିଚ୍ଛା ଏବଂ ଉତ୍ସାହଜନକ ପ୍ରୟାସ ଦୃଶ୍ୟମାନ ହୋଇପାରିଛି ବୋଲି ଶ୍ରୀ ମୋଦୀ କହିଥିଲେ। ଚଳିତ ବର୍ଷର ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସର ବାର୍ତ୍ତା, ''ଏକ ପୃଥିବୀ, ଏକ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ପାଇଁ ଯୋଗ'' ଉପରେ ଆଲୋକପାତ କରି ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ କହିଥିଲେ, ଏହା ଏକ ଗଭୀର ସତ୍ୟକୁ ପ୍ରତିଫଳିତ କରେ ଏବଂ ତାହା ହେଉଛି ପୃଥିବୀର ପ୍ରତ୍ୟେକ ପ୍ରାଣୀର ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ପରସ୍ପର ସହିତ ଜଡିତ। ଆମର ଖାଦ୍ୟ ଉତ୍ପାଦନ କରୁଥିବା ମାଟି, ଆମକୁ ଜଳ ଯୋଗାଉଥିବା ନଦୀ, ଆମର ପରିଘଂସ୍ଥାକୁ ପରିଚାଳିତ କରୁଥିବା ପ୍ରାଣୀ ଏବଂ ଆମକୁ ପୋଷଣ ଦେଉଥିବା ଉଦ୍ଭିଦଗୁଡ଼ିକର ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ଉପରେ ମାନବ କଲ୍ୟାଣ ନିର୍ଭର କରେ। ଯୋଗ ଆମକୁ ଏହି ସମ୍ପର୍କ ଉପରେ ସଚେତନ କରାଏ । ବିଶ୍ୱ ସହିତ ଏକରୂପତା ଆଡକୁ ଯାତ୍ରା ଦିଗରେ ମାର୍ଗଦର୍ଶନ କରେ। ଯୋଗ ଆମକୁ ଶିଖାଏ ଯେ ଆମେ ପୃଥକ ବ୍ୟକ୍ତି ନୋହୁଁ ବରଂ ପ୍ରକୃତିର ଅବିନ୍ୟୁ ଅଂଶବିଶେଷ। ପ୍ରାରମ୍ଭରେ, ଆମେ ଆମର ନିଜସ୍ୱ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ଏବଂ ସୁସ୍ଥତାର ଯତ୍ନ ନେବାକୁ ଶିଖୁ, କିନ୍ତୁ ଧୀରେ ଧୀରେ, ଏହି ଯତ୍ନ ଆମର ପରିବେଶ, ସମାଜ ଏବଂ ପୃଥିବୀ ଆଡକୁ ବିସ୍ତାରିତ ହୁଏ ବୋଲି ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ କହିଥିଲେ। ଯୋଗ ଏକ ଗଭୀର ବ୍ୟକ୍ତିଗତ ଶୃଙ୍ଖଳା ଯାହା, ସେହି ସମୟରେ, ଏକ ସାମୂହିକ ବ୍ୟବସ୍ଥା ଭାବରେ କାର୍ଯ୍ୟ କରେ - ଯାହା ବ୍ୟକ୍ତିକୁ ମୋ ଠାରୁ ଆମେ ପର୍ଯ୍ୟନ୍ତ ଯାତ୍ରା ଆଡକୁ ନେଇ ଯାଏ ବୋଲି ଶ୍ରୀ ମୋଦୀ କହିଥିଲେ । ଶ୍ରୀ ମୋଦୀ କହିଥିଲେ,'ମୁଁରୁ ଆମେ'ର ଭାବନା ଭାରତର ଆତ୍ମାକୁ ପରିପୂର୍ଣ୍ଣ କରିଥାଏ। ଯେତେବେଳେ ଜଣେ ବ୍ୟକ୍ତି ସ୍ୱାର୍ଥରୁ ଉର୍ଦ୍ଧ୍ୱକୁ ଉଠି ସମାଜ ବିଷୟରେ ଚିନ୍ତା କରିବା ଆରମ୍ଭ କରେ, ସେତେବେଳେ ସମଗ୍ର ମାନବତାର କଲ୍ୟାଣ ସମ୍ଭବ ହୋଇପାରିଥାଏ। ସେ ଭାରତୀୟ ସଂସ୍କୃତି ସମ୍ପର୍କରେ ଉଲ୍ଲେଖ କରି କହିଥିଲେ, ଏହା ଆମକୁ ଛତ୍ତଳଙ୍କଡ଼ଗ୍ଧ;ସବେଁ ଭବନ୍ତୁ ସୁଖିନଃଛତ୍ତଳଙ୍କଡ଼ଗ୍ଧ;ର ମୂଲ୍ୟ ଶିକ୍ଷା ଦିଏ। ସମସ୍ତଙ୍କ କଲ୍ୟାଣ ହେଉଛି ମନୁଷ୍ୟର ପରମ କର୍ତ୍ତବ୍ୟ। 'ମୁଁ' ରୁ 'ଆମେ' ପର୍ଯ୍ୟନ୍ତ ଏହି ଯାତ୍ରା ସେବା, ସମର୍ପଣ ଏବଂ ସହାବସ୍ଥାନର ମୂଳଦୁଆ ପ୍ରତିଷ୍ଠା କରେ।



Matrubhasa • 21 Jun • Ministry of Ayush

PM Modi to Lead Record-Breaking Yoga Day Event in Visakhapatnam

7 • PG | 145 • Sqcm | 14471 • AVE | 180K • Cir | Middle Right

Bhubaneshwar

ବିଶାଖାପାଟଣାରୁ ଏକାଦଶ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ ସମାରୋହର ନେତୃତ୍ୱ ନେବେ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ

ନୂଆଦିଲ୍ଲୀ(ପିଆଇବି): ୨୧ ଜୁନ୍ ୨୦୨୫ ରେ ମହାସମାରୋହରେ ପାଳନ ହେବାକୁ ଥିବା ଏକାଦଶ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ (ଆଇଡିୱାର) ପାଇଁ ମଞ୍ଚ ପ୍ରସ୍ତୁତ ହୋଇଛି । ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ଶ୍ରୀ ନରେନ୍ଦ୍ର ମୋଦୀ ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶର ବିଶାଖାପାଟଣାରୁ ଜାତୀୟ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମର ନେତୃତ୍ୱ ନେଇ ମୁଖ୍ୟ ସ୍ଥାନରେ ୩ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ଅଂଶଗ୍ରହଣକାରୀଙ୍କ ସହିତ ସାଧାରଣ ଯୋଗ ପ୍ରୋଟୋକଲ (ସିଓ୍ୱାଇପି) ପ୍ରଦର୍ଶନ କରିବେ। ତାଙ୍କ ସହିତ ଭାରତର ବିଶ୍ୱ ସୁସ୍ଥତା ଦୃଷ୍ଟିକୋଣର ଏହି ବିଶାଳ ପ୍ରଦର୍ଶନରେ କେନ୍ଦ୍ର ରାଷ୍ଟ୍ରମନ୍ତ୍ରୀ (ଆୟୁଷ) ଶ୍ରୀ ପ୍ରତାପରାଓ ଜାଧବ ଏବଂ ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶ ମୁଖ୍ୟମନ୍ତ୍ରୀ ଶ୍ରୀ ଏନ. ଚନ୍ଦ୍ରବାବୁ ନାଇଡୁ ଯୋଗଦେବେ।

ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ବିଶାଖାପାଟଣାର ନିର୍ଦ୍ଧାରିତ ସ୍ଥାନରେ ୩ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ଅଂଶଗ୍ରହଣକାରୀଙ୍କ ସହିତ ସାଧାରଣ ଯୋଗ ପ୍ରୋଟୋକଲ (ସିଓ୍ୱାଇପି) ପ୍ରଦର୍ଶନ କରିବେ, ଯାହା 'ଯୋଗ ସଙ୍ଗମ' ପଦକ୍ଷେପ ଅଧୀନରେ ଦେଶର ୧୦ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ସ୍ଥାନ ସହିତ ସମନ୍ୱୟ ରକ୍ଷା କରିବ। ଏହି ସାମୂହିକ ପ୍ରଦର୍ଶନ ସକାଳ ୬ ଟା ୩୦ ମିନିଟ୍‌ରୁ ସକାଳ ୭ ଟା ୪୫ ମିନିଟ୍ ପର୍ଯ୍ୟନ୍ତ ଅନୁଷ୍ଠିତ ହେବ ଏବଂ ଏଥିରେ ଦେଶର ସମସ୍ତ କୋଣ-ଅନୁକୋଣରୁ ଅଭୂତପୂର୍ବ ସମାବେଶର ଆଶା କରାଯାଉଛି।

ଏକ ଅଭୂତପୂର୍ବ ସମାବେଶରେ, ରାଜ୍ୟର ୧ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ସ୍ଥାନରେ ୨ କୋଟିରୁ ଅଧିକ ଲୋକ ଯୋଗ ଅଧିବେଶନରେ ଅଂଶଗ୍ରହଣ କରିବାର ଆଶା କରାଯାଉଛି । ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶ ସରକାର ଏହି ଉତ୍ସବକୁ ପାଳନ କରିବା ପାଇଁ ଏକ ଗିନିଜ୍ ୱାର୍ଲ୍ଡ ରେକର୍ଡ ପାଇଁ ପ୍ରୟାସ ମଧ୍ୟ କରୁଛନ୍ତି। ଏହା ସହିତ, ଆନ୍ଧ୍ରପ୍ରଦେଶ ସରକାର ପଞ୍ଜୀକୃତ ଅଂଶଗ୍ରହଣକାରୀଙ୍କୁ ୫୦ ଲକ୍ଷରୁ ଅଧିକ ଯୋଗ ପ୍ରମାଣପତ୍ର ପ୍ରଦାନ କରିବେ, ଯାହା ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସର ଏହି ଦଶନ୍ଧି ସଂସ୍କରଣକୁ ଭାରତର ସାସ୍ଥ୍ୟ ଏବଂ ସୁସ୍ଥତା ଯାତ୍ରାରେ ଏକ ପ୍ରକୃତ ଐତିହାସିକ ମୁହୂର୍ତ୍ତ ଭାବରେ ପରିଗଣିତ କରିବ।

ବିଶାଖାପାଟଣାରେ ପାଳନର ଅଂଶ ସ୍ୱରୂପ, ଆଜି ଆନ୍ଧ୍ର ବିଶ୍ୱବିଦ୍ୟାଳୟରେ ଏକ ଉଲ୍ଲେଖନୀୟ ସୂର୍ଯ୍ୟ ନମସ୍କାର କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମର ଆୟୋଜନ କରାଯାଇଥିଲା, ଯେଉଁଠାରେ ପ୍ରାୟ ୨୫,୦୦୦ ଆଦିବାସୀ ପିଲା ୧୦୮ ମିନିଟରେ ୧୦୮ଟି ସୂର୍ଯ୍ୟ ନମସ୍କାର ପ୍ରଦର୍ଶନ କରିଥିଲେ। ଏହି ଅନନ୍ୟ ପଦକ୍ଷେପ ଆଦିବାସୀ ସମ୍ପ୍ରଦାୟର ଉତ୍ସାହୀ ଅଂଶଗ୍ରହଣକୁ ଉଜ୍ଜୀବିତ କରିଥିଲା ଏବଂ ତୃଣମୂଳ ସ୍ତରରେ ଯୋଗର ଗଭୀର ବ୍ୟାପକତାକୁ ପ୍ରତିଫଳିତ କରିଥିଲା।

ଦିଲ୍ଲୀ ମଧ୍ୟ ଏହି ଜାତୀୟ ଉତ୍ସବରେ ସକ୍ରିୟ ଭାବରେ ଅଂଶଗ୍ରହଣ କରିବାକୁ ପ୍ରସ୍ତୁତ। ଜୁନ୍ ମାସ ୨୧ ତାରିଖରେ, ରାଜଧାନୀର ୧୦୯ଟି ସ୍ଥାନରେ ଯୋଗ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଅନୁଷ୍ଠିତ ହେବ, ଯେଉଁଥିରେ ଐତିହାସିକ ଲାଲକିଲ୍ଲାରେ ଏକ ଭବ୍ୟ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଅନ୍ତର୍ଭୁକ୍ତ। ଆୟୁଷ ମନ୍ତ୍ରଣାଳୟର ସହଯୋଗରେ ଡ୍ରୁକୁମାରୀମାନଙ୍କ ଦ୍ୱାରା ଆୟୋଜିତ ଏବଂ ମୋରାରଜୀ ଦେଶାଇ ଜାତୀୟ ଯୋଗ ପ୍ରତିଷ୍ଠାନ ଓ ଭାରତୀୟ ପ୍ରତ୍ନତତ୍ତ୍ୱ ସର୍ବେକ୍ଷଣ ସଂସ୍ଥା ଦ୍ୱାରା ଗୃହୀତ, ଲାଲକିଲ୍ଲା କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ 'ଏକ ପୃଥିବୀ, ଏକ ସାସ୍ଥ୍ୟ ପାଇଁ ଯୋଗ' ବିଷୟବସ୍ତୁକୁ ଉଜ୍ଜୀବିତ କରିବ।

Nitidin • 22 Jun • Ministry of Ayush

Union Minister Dharmendra Pradhan Marks Yoga Day In Sambalpur

3 • PG | 333 • Sqcm | 266436 • AVE | 505.03K • Cir | Top Center

Bhubaneshwar

ସମ୍ବଲପୁରରେ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗଦିବସ ପାଳିଲେ କେନ୍ଦ୍ରମନ୍ତ୍ରୀ

ଆଧ୍ୟାତ୍ମିକ ଚେତନାର ବୈଜ୍ଞାନିକ ପ୍ରୟୋଗ ହେଉଛି ଯୋଗ: ଧର୍ମେନ୍ଦ୍ର

ସମ୍ବଲପୁର,୨୧/୬(ଏନ୍‌ଏନ୍‌ଏସ୍‌): ଯୋଗ ; ଶାରିରୀକ, ମାନସିକ ଓ ଆଧ୍ୟାତ୍ମିକ ଚେତନାର ବୈଜ୍ଞାନିକ ପ୍ରୟୋଗ ବୋଲି ଶନିବାର ସମ୍ବଲପୁରରେ ୧୧ତମ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ'ପାଳନ କରିବା ଅବସରରେ କେନ୍ଦ୍ର ଶିକ୍ଷା ମନ୍ତ୍ରୀ ଧର୍ମେନ୍ଦ୍ର ପ୍ରଧାନ କହିଛନ୍ତି। କେନ୍ଦ୍ର ଶିକ୍ଷା ମନ୍ତ୍ରୀ ସମ୍ବଲପୁରର ମାଆ ସମଲେଶ୍ୱରୀଙ୍କ ପୀଠ ଓ ମହାନଦୀର ଉପକୂଳ ଅଞ୍ଚଳରେ ସମ୍ବଲପୁରର ଜନସାଧାରଣଙ୍କ ସହ ଯୋଗ କରିଥିଲେ। ବିଶେଷ ଭାବରେ ସ୍କୁଲରୁ ବିଶ୍ୱବିଦ୍ୟାଳୟ ସ୍ତରର ଛାତ୍ରଛାତ୍ରୀ, ସ୍ୱେଚ୍ଛାସେବୀ, ସାମାଜିକ ସଂଗଠନ, ସରକାରୀ ସଂସ୍ଥା ଏବଂ ଅନ୍ୟାନ୍ୟ ସଂଗଠନର ସଦସ୍ୟମାନେ କେନ୍ଦ୍ରମନ୍ତ୍ରୀଙ୍କ ସହ ସମବେତ ହୋଇ ଯୋଗ କରିଥିଲେ। ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ନରେନ୍ଦ୍ର ମୋଦୀଙ୍କ ଦ୍ୱାରା ଘୋଷିତ ଯୋଗ ଦିବସ -୨୦୨୫ ବିଷୟବସ୍ତୁ 'ଏକ ପୃଥିବୀ, ଏକ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ପାଇଁ ଯୋଗ' ଉପରେ ଶ୍ରୀ ପ୍ରଧାନ ଆଲୋକପାତ କରିବା ସହ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀଙ୍କୁ ଧନ୍ୟବାଦ ଜଣାଇଥିଲେ।

ସେ କହିଥିଲେ ଯୋଗ ଭାରତର ପ୍ରାଚୀନ ସଂସ୍କୃତିର ଏକ ଅମୂଲ୍ୟ ଉପହାର। ୨୦୧୪ରେ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀ ଜୁନ ୨୧କୁ ଆନ୍ତର୍ଜାତିକ ସ୍ତରରେ ଯୋଗ ଅଭ୍ୟାସ ପୂର୍ବକ ଯୋଗ ଦିବସ



ପାଳନ ପାଇଁ ପ୍ରଥମେ ପ୍ରସ୍ତାବ ଦେଇଥିଲେ। ଭାରତର ପ୍ରସ୍ତାବକୁ ୧୫୦ରୁ ଅଧିକ ଦେଶ ସମର୍ଥନ ଦେଇଥିଲେ। ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ଏବଂ ସମୃଦ୍ଧି ପାଇଁ ଯୋଗ ଏକ ସିଦ୍ଧ ଉପଚାର ଅଟେ। ବୃତ ପ୍ରେସର, ମଧୁମେହ ଭଳି ରୋଗକୁ ପ୍ରତିହତ କରିବା ପାଇଁ ଆମକୁ ଏକ ସୁସ୍ଥ ଜୀବନଶୈଳୀକୁ ବିକଶିତ କରିବା ପାଇଁ ପଡ଼ିବ। ଏଥିପାଇଁ ଜାତୀୟ ଶିକ୍ଷା ନୀତିରେ ମଧ୍ୟ ଛାତ୍ରଛାତ୍ରୀ ଏବଂ ଶିକ୍ଷକଙ୍କ ଶାରୀରିକ ଏବଂ ମାନସିକ ସୁସ୍ଥତା ଉପରେ ବିଶେଷ ଗୁରୁତ୍ୱ ଦିଆଯାଇଛି। ସମ୍ବଲପୁରର ଗୋଟିଏ ଚରିତ୍ର, ସଂସ୍କୃତି ଓ ଉତ୍ସାହ ଅଛି। ଶାରିରୀକ ସୁସ୍ଥତାରେ ସମ୍ବଲପୁର ରାଜ୍ୟ ଓ ଦେଶର ପ୍ରମୁଖ ଅଞ୍ଚଳ ଭାବରେ ଉଭା ହେଉଛି। କ୍ରୀଡ଼ା, ବ୍ୟାୟମ, କୁସ୍ତି ତଥା ପ୍ରାତଃ ଭ୍ରମଣ ଓ ସଂଧ୍ୟା ଭ୍ରମଣ ଲୋକମାନଙ୍କ ଦୈନନ୍ଦିନ ଜୀବନର ଅବିଚ୍ଛେଦ୍ୟ ଅଙ୍ଗ ହୋଇଛି। ସମସାମୟିକ ସମୟରେ ଆମକୁ ସମ୍ବଲପୁରକୁ ସୁସ୍ଥ ଓ ସୁନ୍ଦର ରଖିବା ପାଇଁ ପଡ଼ିବ। ଆଗାମୀ ଦିନରେ ଯେପରି ସମ୍ବଲପୁର ଜିଲ୍ଲାର ପ୍ରତିଟି ଗାଁର ନାଗରିକମାନେ ଯୋଗ ଦିବସ ପାଳନ କରିବେ, ସେ ଦିଗରେ ଆମେ ପ୍ରସ୍ତୁତି କରିବା ଦରକାର। ମା'ସମଲେଶ୍ୱରୀଙ୍କ ଆଶୀର୍ବାଦରେ ଜିଲ୍ଲାର ନାଗରିକଙ୍କ ମଧ୍ୟରେ ସମ୍ପନ୍ନତା ଆଣିବା ପାଇଁ ପ୍ରୟାସ କରିବା ସହ ସୁସ୍ଥ ଓ ସୁଖୀ ଜୀବନଯାପନ ପାଇଁ ଯୋଗକୁ ଗ୍ରହଣ କରିବା ପାଇଁ ଶ୍ରୀ ପ୍ରଧାନ ନାଗରିକମାନଙ୍କୁ ଆହ୍ୱାନ କରିଥିଲେ। କେନ୍ଦ୍ରମନ୍ତ୍ରୀଙ୍କ ସହ ଓଡ଼ିଶା ଗ୍ରାମ୍ୟ ଉନ୍ନୟନ, ପଞ୍ଚାୟତି ରାଜ ଓ ପାନୀୟ ଜଳ ବିଭାଗର ମନ୍ତ୍ରୀ ରବି ନାରାୟଣ ନାଏକ ମଧ୍ୟ ଯୋଗ ପାଳିଥିଲେ। ଉଲ୍ଲେଖନୀୟ ଯେ ବିଶାଖପାଟଣାରୁ ପ୍ରଧାନମନ୍ତ୍ରୀଙ୍କ ଯୋଗ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମର ସିଧା ପ୍ରସାରଣ ମଧ୍ୟ ଏଠାରେ ପ୍ରସାରିତ ହୋଇଥିଲା ।

Nitidin • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day is being celebrated at Healthville, an ODM

4 • PG | 227 • Sqcm | 181777 • AVE | 505.03K • Cir | Bottom Left

Bhubaneshwar

ହେଲ୍ଥଭିଲେ, ଓଡିଏମ୍‌ରେ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ





ଭୁବନେଶ୍ୱର ,୨୦।୬/ଏନ୍‌ଏନ୍‌ଏସ୍‌: ମୋରାରଜୀ ଦେସାଇ ଜାତୀୟ ଯୋଗ ସଂସ୍ଥା, ଆୟୁଷ୍ ମନ୍ତ୍ରାଳୟ, ଭାରତ ସରକାର ଓ ପୂର୍ବ ଭାରତର ସବୁଠାରୁ ବଡ଼ ପ୍ରାକୃତିକ ଚିକିତ୍ସାକେନ୍ଦ୍ର ହେଲ୍ଥଭିଲେଙ୍କ ସଂଯୁକ୍ତ ପ୍ରୟାସରେ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମର ଶୁଭାରମ୍ଭ ହୋଇଛି, ଯାହା ଆସନ୍ତକାଲି ସମାପନ ହେବ। ଏହି ୧୧ତମ ଅନ୍ତର୍ଜାତୀୟ ଯୋଗ ଦିବସ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମରେ 'ହରିତ ଯୋଗ' ନାମକ ଏକ ବୈଶିଷ୍ଟ୍ୟପୂର୍ଣ୍ଣ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଆୟୋଜିତ ହେଲା ଯାହାର ମୂଳ ଉଦ୍ଦେଶ୍ୟ ଥିଲା 'ଏକ୍ ପେଡ୍ ମା'କେ ନାମ୍' - ମାଆ ଓ ମା ଧରିତ୍ରୀ ପାଇଁ ସ୍ନେହ, ସମ୍ମାନ ଓ ସମର୍ପଣ ଜଣାଇବା ସହିତ ପରିବେଶ ସଂରକ୍ଷଣ ଓ ମାନବ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟ ଉନ୍ନତିରେ ହରିତ କ୍ରାନ୍ତି ଓ ଯୋଗର ଭୂମିକାକୁ ପ୍ରଚାର, ପ୍ରସାର କରିବା।

ଏହି ଅବସରରେ ଓଡ଼ିଆ ଚଳଚ୍ଚିତ୍ର ଅଭିନେତା ସବ୍ୟସାଚୀ ମିଶ୍ର ମୁଖ୍ୟ ଅତିଥି ଭାବେ ଯୋଗଦେଇ ପରିବେଶ ସଂରକ୍ଷଣ ଓ ମାନବ ସ୍ୱାସ୍ଥ୍ୟର ଜାଗରୁକତା, ଆବଶ୍ୟକତା ବିଷୟରେ ବକ୍ତବ୍ୟ ରଖିଥିଲେ। ଓଡିଏମ୍ ଶିକ୍ଷା ସମୂହ ଓ ହେଲ୍ଥଭିଲ୍‌ର ପ୍ରତିଷ୍ଠାତା ଅଧ୍ୟକ୍ଷ ଡଃ ସତ୍ୟବ୍ରତ ମୀନକେତନ ସ୍ୱାଗତ ଭାଷଣ ଦେବା ସହ ଯୋଗ, ଶିକ୍ଷା ଓ ପର୍ଯ୍ୟାବରଣର ସମନ୍ୱୟତା ସମ୍ବନ୍ଧରେ ବିଶେଷ ଆଲୋକପାତ କରିଥିଲେ।ହେଲ୍ଥଭିଲ୍‌ର ମୁଖ୍ୟ ଚିକିତ୍ସା ଅଧିକାରୀ ଓ ନିର୍ଦ୍ଦେଶକ ଡ଼ ମିଲିନ୍ଦ ପରାଶରଙ୍କ ନିର୍ଦ୍ଦେଶନାରେ କମନ୍ ଯୋଗ ପ୍ରୋଟୋକଲ୍ ଅନୁଷ୍ଠିତ ହୋଇଥିଲା, ଯେଉଁଥିରେ ଛାତ୍ରଛାତ୍ରୀ, କର୍ମଚାରୀ ଓ ଯୋଗ ଆସକ୍ତମାନେ ଅଂଶଗ୍ରହଣ କରିଥିଲେ। ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମରେ ହେଲ୍ଥଭିଲ୍ କ୍ୟାମ୍ପସ ଓ ରାସ୍ତାପାଖରେ ବୃକ୍ଷ ରୋପଣ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ମଧ୍ୟ ଅନୁଷ୍ଠିତ ହୋଇଥିଲା।

ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମର ଦ୍ୱିତୀୟ ପର୍ଯ୍ୟାୟରେ ଓଡ଼ିଏମ୍ ଏମେରାଲ୍ଡ ପ୍ରେକ୍ଷାଳୟରେ ଏକ ସେମିନାର ଓ ପ୍ୟାନେଲ୍ ଆଲୋଚନା ମଧ୍ୟ ଆୟୋଜିତ ହୋଇଥିଲା। ଯାହାର ବିଷୟ ବସ୍ତୁ ଥିଲା 'ବିଦ୍ୟାଳୟ ପାଠ୍ୟକ୍ରମରେ ଯୋଗ ଏବଂ ପର୍ଯ୍ୟାବରଣ ଶିକ୍ଷା ଓ ରକ୍ଷାର ଆବଶ୍ୟକତା। ଏହି ଆଲୋଚନାରେ ପ୍ରକ୍ଷାତ ପରିବେଶବିତ୍ ଓ ଯୋଗ ଉତ୍ସାହୀ ମମତା ବିଶ୍ନାଇ, ରମାଦେବୀ ମହିଳା ବିଶ୍ୱବିଦ୍ୟାଳୟର ଆସୋସିଏଟ୍ ପ୍ରଫେସର ଡକ୍ଟର ସସ୍ମିତା କର, ପ୍ରାକୃତିକ ଚିକିତ୍ସା କେନ୍ଦ୍ର ହେଲ୍ଥଭିଲେର ନିର୍ଦ୍ଦେଶକ ଡକ୍ଟର ମିଲିଣ୍ଡ ପରାଶର, ହେଲ୍ଥଭିଲେର ଅନ୍ୟ କର୍ମକର୍ତ୍ତା, ଅନ୍ତଃରାଷ୍ଟ୍ରୀୟ ପ୍ରକୃତିକ ଚିକିତ୍ସା ସଂସ୍ଥାର ପ୍ରତିନିଧି ତଥା ଓ.ଡ଼ି.ଏମ୍ ପବ୍ଲିକ୍ ସ୍କୁଲର ଶିକ୍ଷକ-ଶିକ୍ଷିକା ଓ ଛାତ୍ରଛାତ୍ରୀ ଭାଗ ନେଇଥିଲେ।

Kesari • 22 Jun • Ministry of Ayush

Yoga Day celebrated all over the world including India

7 • PG | 572 • Sqcm | 371805 • AVE | 392.81K • Cir | Top Left

Pune

भारतासह जगभर योगदिन साजरा

आंध्र प्रदेशात कार्यक्रमांचा विक्रम; गिनीज बुकमध्ये नोंद

नवी दिल्ली : आंतरराष्ट्रीय योग दिन -२०२५ शनिवारी भारतापासून अमेरिकेपर्यंत जगभर अपूर्व उत्साहात साजरा झाला. नागरिकांनी योगाद्वारे केवळ शरीर आणि मन संतुलित करण्याचा संकल्प केला नाही तर निरोगी जीवनशैली स्वीकारण्याचा संदेशही विविध ठिकाणी कार्यक्रम आयोजित करुन दिला.

Ekdin • 22 Jun • Ministry of Ayush

11th International Yoga Day celebrations

7 • PG	369 • Sqcm	94082 • AVE	150K • Cir	Bottom Left

Kolkata



একাদশতম আন্তর্জাতিক যোগদিবস উপলক্ষে সাধারণের পাশাপাশি যোগ করেন রাজনৈতিক বিশিষ্টরাও। (বাম থেকে ডাইনে) কেন্দ্রীয় অর্থমন্ত্রী নির্মলা সীতারমণ, মহারাষ্ট্রের মুখ্যমন্ত্রী দেবেন্দ্র ফড়নবিশ, উত্তরপ্রদেশের মুখ্যমন্ত্রী যোগী আদিত্যনাথ, অসমের মুখ্যমন্ত্রী হিমন্ত বিশ্বশর্মা, বিজেপি নেত্রী হেমা মালিনী।

Ekdin • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

7 • PG | 292 • Sqcm | 74554 • AVE | 150K • Cir | Top Left

Kolkata



আজ আন্তর্জাতিক যোগ দিবস। সেই উপলক্ষে শুক্রবার সকালে জম্মু এবং কাশ্মীরের উধমপুরের ১৩ নম্বর ব্যাটালিয়নে চলছিল যোগ প্রশিক্ষণ। বাহিনীর সদস্যদের সঙ্গে প্রশিক্ষণে অংশগ্রহণ করে তাঁদের দত্তক নেওয়া কুকুরটি। সমাজমাধ্যমের পাতায় সেই কুকুরটির যোগাসনের ভিডিয়োও ছড়িয়ে পড়েছে।

Ekdin • 21 Jun • Ministry of Ayush

PM will celebrate international yoga day in Visakhapatnam


7 • PG | 354 • Sqcm | 90384 • AVE | 150K • Cir | Middle Left

Kolkata

আজ যোগ দিবসে বিশাখাপত্তনমে মোদী

নয়াদিল্লি, ২০ জুন: আন্তর্জাতিক যোগ দিবস এবার পা দেবে একাদশতম বর্ষে। এবারের থিম এক পৃথিবী, এক স্বাস্থ্যের জন্য যোগ। আজ প্রধানমন্ত্রী নরেন্দ্র মোদী যোগ ব্যায়াম করবেন অন্ধ্রপ্রদেশের বিশাখাপত্তনমে। এই বিষয়ে নিজেই জানিয়েছেন প্রধানমন্ত্রী। তিনি এক্স হ্যান্ডলে জানিয়েছেন, ২১ তারিখে সুন্দর শহর বিশাখাপত্তনমে যোগ দিবসের অনুষ্ঠানে অংশ নেব।

উল্লেখ্য, মোদী সরকারের উদ্যোগে ২০১৫ সালে অনুষ্ঠিত হয় প্রথম আন্তর্জাতিক যোগ দিবস। এবার তার দশ পেরিয়ে এগারোয় পা। যোগব্যায়ামের নানাবিধ উপকারিতা সম্পর্কে বিশ্বব্যাপী সচেতনতা বৃদ্ধির লক্ষ্যে এই দিবস পালন হয়।



Kalom • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebration

1,2 • PG | 488 • Sqcm | 24391 • AVE | 75.5K • Cir | Bottom Left,Top Left

Kolkata



শান্তি ফেরাতে পারে যোগা: নরেন্দ্র মোদি

নয়াদিল্লি, ২১ জুন: 'এই মুহূর্তে বিশ্বের বিভিন্ন জায়গায় অশান্তির ছায়া। হিংস্রতাকে দূরে সরিয়ে অশান্ত পৃথিবীতে শান্তি ফিরিয়ে আনতে পারে যোগাসনই।' শনিবার আন্তর্জাতিক যোগ দিবসে এমনই বার্তা দিলেন প্রধানমন্ত্রী নরেন্দ্র মোদি। শনিবার ছিল একাদশতম আন্তর্জাতিক যোগ দিবস। এবারের থিম—'এক পৃথিবী, এক স্বাস্থ্য'। এ দিন অন্ধ্রপ্রদেশের বিশাখাপত্তনমে আয়োজিত এক যোগা অনুষ্ঠানে অংশ নেন প্রধানমন্ত্রী। আর কে বিচে এই কর্মসূচি আয়োজিত হয়। প্রধানমন্ত্রী নিজে যোগা করেন। যোগের গুরুত্ব তুলে ধরে তিনি বলেন, ''আজকের অস্থির বিশ্বের মাঝে শান্তির দিশা দেখায় যোগ। এটি শুধু শরীরের অনুশীলন নয়, বরং জীবনযাপনের একটি বিজ্ঞান। এটা আমাদের আমি থেকে 'আমরা' হয়ে ওঠার পথ দেখায়।'' উল্লেখ্য, ২০১৪ সালে প্রধানমন্ত্রী মোদির প্রস্তাবের পর রাষ্ট্রসঙ্ঘ ২১ জুনকে আন্তর্জাতিক যোগ দিবস হিসেবে ঘোষণা করে। সে কথা স্মরণ করিয়ে দিয়ে মোদি বলেন, ''ভারতের প্রস্তাবের পর বিশ্বের ১৭৫টি দেশ একসঙ্গে এই উদ্যোগকে সমর্থন করেছিল।

➤ এরপর দু'য়ের পাতায়

শান্তি ফেরাতে পারে যোগা

■ প্রথম পাতার পর

আজ ১১ বছর পর যোগ কোটি কোটি মানুষের জীবনের অবিচ্ছেদ্য অঙ্গ হয়ে উঠেছে। এই অস্থির সময়ে শান্তির সবচেয়ে বড় হাতিয়ার হতে পারে যোগ। আজকের দিনটিকে আমরা মানবতা ২.০-র সূচনা হিসেবেও দেখতে পারি, যেখানে ব্যক্তিগত শান্তি আন্তর্জাতিক নীতিতে রূপান্তরিত হবে।"

Samagya • 22 Jun • Ministry of Ayush

11th International Yoga Day celebrations

4 • PG | 91 • Sqcm | 12729 • AVE | 100K • Cir | Middle Center

Kolkata

चिरेका में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उत्साहपूर्वक योग शिविर का आयोजन



चित्तरंजन, समाज्ञा : चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) एवं उसकी सहायक इकाइयों डानकुनी और हावड़ा कार्यालय में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाया गया। चिरेका में विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग शिविरों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास किया। मुख्य कार्यक्रम चित्तरंजन क्लब में योगगुरु योगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें महाप्रबंधक विजय कुमार, अध्यक्षा चिरेका महिला कल्याण संगठन श्रीमती किरण बधान सहित वरिष्ठ अधिकारियों और उनके परिवारजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशाखापट्टनम से प्रसारित राष्ट्रीय योग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इसके अलावा, वर्क्स ऑफिस, चिकित्सा भवन, लोको कारखाना, डानकुनी और सीएमएम हावड़ा कार्यालय में भी योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता दिखाई।

Samagya • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebrations

4 • PG | 93 • Sqcm | 13005 • AVE | 100K • Cir | Middle Left

Kolkata

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मेट्रो रेलवे में हुआ योग अभ्यास, 'एक धरती, एक स्वास्थ्य' रहा थीम



कोलकाता : आज मेट्रो रेलवे कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह-पूर्वक मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम रही एक धरती, एक स्वास्थ्य। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक श्री पी. उदय कुमार रेड्डी, सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने मेट्रो रेल भवन में देशभर के साथ वीडियो लिंक के माध्यम से आयोजित योग सत्र में भाग लिया। इस सत्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी विशाखापत्तनम से भागीदारी की। इस अवसर पर श्री रेड्डी ने सभी से रोजाना योग अभ्यास करने की अपील की ताकि वे स्वस्थ और फिट रह सकें। योग दिवस को और व्यापक रूप देने के लिए ग्रीन लाइन के सेंट्रल पार्क डिपो और पर्पल लाइन के जोका डिपो में भी आज सुबह विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में रेल सुरक्षा बल (ठझक्र) और मेट्रो रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हुए। इसके अलावा, नोआपाड़ा कारशेड में भी योग दिवस मनाया गया जहाँ अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक और योग सत्र में भाग लेकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और सामूहिकता का संदेश देने का संकल्प लिया।

Samagya • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

1,2 • PG	529 • Sqcm	74029 • AVE	100K • Cir	Top Center,Top Right

Kolkata



योग–क्रांति से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव

पृष्ठ 2

योग-क्रांति से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव



ललित गर्ग

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून, 2025 पर विशेष



हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा के दौर में दुनिया शांति एवं अमन चाहती है और इसका सशक्त माध्यम है योग। इंसान से इंसान को जोड़ने, शांति का जीवन जीने एवं स्वस्थ जीवन के लिये भारतीय योग के महत्व को दुनिया ने स्वीकारा है। योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है, यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य का आधार है, संयम और अहिंसा प्रदान करने वाला तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है। योग के व्यापक मानवहितकारी महत्व के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिये गये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सर्वप्रथम इसे 21 जून 2015 को पूरे विश्व में मनाया गया। इस वर्ष 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' रखी है। इसे आसान भाषा में समझें तो 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगा' है। इसका मतलब है कि जिस तरह से पृथ्वी एक है ठीक उसी प्रकार से हमारा स्वास्थ्य भी एकमात्र है, जिसे हमें दुरुस्त रखने की जरूरत है। इसी से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव है।

आज जबकि मनुष्य जीवन अनेक असाध्य बीमारियों से जूझ रहा है, ऐसे जटिल स्वास्थ्य-संकट के दौर में इस थीम का मुख्य उद्देश्य है कि हमें हमारे स्वास्थ्य की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य एकमात्र ऐसी चीज है, जिसके सहारे आप अपना स्वस्थ जीवन जीते हुए न केवल परिवार, समाज, राष्ट्र बल्कि विश्व के लिये एक ऊर्जा, एक शक्ति एवं एक गति बन सकते हो। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने वाली जीवनशैली के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों में योग की पहुंच बढ़ाने और स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण विश्व के निर्माण के लिए योग को एक साधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में संयुक्त प्रयासों की अपील की। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि अपने भीतर एकता की भावना, अहिंसा एवं शांति, दुनिया और प्रकृति की खोज है। हमारी बदलती जीवन-शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न महासंकट से निपटने में मदद कर सकता है।

योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख स्वस्थ-शांतिपूर्ण जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है, जिसकी आज विश्व मानवता को सर्वाधिक अपेक्षा है।

एक ऐसे विश्व में रहने की कल्पना करें जहां आपकी प्रत्येक सांस मानसिक शांति, शारीरिक शक्ति और हमारे साझा ग्रह पर सद्भाव को बढ़ावा देती हो। एक समय में एक मुद्रा, एक श्वास, एक क्षण, यह जानने के लिए कि योग किस प्रकार आपके जीवन और आपके आस-पास की दुनिया को बदल सकता है, योग दिवस का मुख्य ध्येय है। मनुष्य, पशु और पौधे सहित सभी जीवित प्राणी हमारे ग्रह को अपना घर मानते हैं। हमें प्राकृतिक दुनिया के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व बनाए रखते हुए इसकी देखभाल करनी चाहिए। योग हमें सद्भावना से रहना, सचेत रहना और समझदारी-विवेक से निर्णय लेना सिखाता है। हम योग का अभ्यास करके पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। पर्यावरण की स्थिति का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जब हम अपने पर्यावरण और खुद का ख्याल रखते हैं तो सभी को फायदा होता है। विश्व अनेक स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें प्रदूषण, तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ शामिल हैं। योग शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक त्वरित, प्राकृतिक साधन है।

अभी कुछ दिन पहले ही समाचारपत्रों में पढ़ा कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते, उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है। सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है।

हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम अपनी कमजोरियों पर ही नहीं, बल्कि उनसे उबरने के रास्तों पर भी विचार करेंगे। यहीं से हमारी तरक्की का रास्ता खुलता है और इसके लिये योग ही प्रभावी माध्यम है। हम अपनी समस्या को समझें और अपना समाधान खोजें। समस्याएं परेशान करती हैं। जरूरत खुद को काबू में रखने की होती है, हम दूसरों को काबू में करने में जुटे रहते हैं। आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्वेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी हैं, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लडने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे।

योग एवं ध्यान एक ऐसी विधा है जो हमें भीड़ से हटाकर स्वयं की श्रेष्ठताओं से पहचान कराती है। हममें स्वयं पुरुषार्थ करने का जज्बा जगाती है। स्वयं की कमियों से रू-ब-रू होने को प्रेरित करती है। स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार कराती है। आज जरूरत है कि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिये औरों के मुंहताज न बने। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। भगवान महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- 'पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। आधुनिक भौतिकवादी एवं सुविधावादी जिंदगी मनुष्य को अशांति, असंतुलन, तनाव, थकान तथा चिड़चिड़ाहट की ओर धकेल रही हैं, जिससे अस्त-व्यस्तता बढ़ रही है। ऐसी विषमता एवं विसंगतिपूर्ण जिंदगी को स्वस्थ तथा ऊर्जावान बनाये रखने के लिये योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो माईंड को कूल तथा बॉडी को फिट रखता है। योग से जीवन की गति को एक संगीत एवं शांतिमय रफ्तार दी जा सकती है। योग में गहरी दिलचस्पी लेने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महान संकल्प लेकर उसे कार्यान्वित किया है। निश्चित ही उनकी योग-क्रांति विश्व मानवता के जीवन में विकास, अहिंसा, सुख और शांति का माध्यम बन रही है। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण से जुड़ा यह विज्ञान सम्पूर्ण दुनिया के लिए एक महान तोहफा है।

Samagya • 20 Jun • Ministry of Ayush
International Yoga day

4 • PG | 207 • Sqcm | 29024 • AVE | 100K • Cir | Bottom Left

Kolkata

एनसीईआरटी योग ओलंपियाड में हेरिटेज स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की सफलता

कोलकाता : द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता की दो छात्राओं ने विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी में आयोजित एनसीईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2025 में अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रथम रनर-अप का स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। छात्राओं का नाम अन्नया सेनगुप्ता और अदित्री डे है। यह प्रतियोगिता 15 से 18 जून तक आयोजित हुई, जिसमें देशभर से 500 से अधिक विद्यार्थियों ने 33 टीमों के माध्यम से भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय था एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, जो भारत की प्राचीन योग परंपरा को आधुनिक जीवन से जोड़ते हुए स्वास्थ्य और संतुलन की सार्वभौमिक अवधारणा को रेखांकित करता है। अन्नया और अदित्री ने देहरादून में आयोजित सीआईएससीई राष्ट्रीय योग प्री-ओलंपियाड जीतने के बाद इस राष्ट्रीय स्तर पर सीआईएससीई का प्रतिनिधित्व किया।



इस दौरान हनुमंत राव, प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, ईश्वर वी. बसवरड्डी, मुकेश वर्मा, अतुल दुबे, द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता की अन्नया सेनगुप्ता और अदित्री डे, द हाउस हाई स्कूल, पुणे के देवंशी शिंदे और सेंट स्टीफन्स स्कूल, चंडीगढ़ के सबेरा मीजूद रहे।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर द हेरिटेज स्कूल की प्राचार्या सीमा सप्रू ने कहा, यह सफलता केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि उन मूल्यों और अनुशासन का प्रमाण है जिन्हें हम अपने विद्यार्थियों में सुदृढ़ करते हैं। वहीं, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, यह सम्मान हमारे समग्र शिक्षा मॉडल की सफलता है। अन्नया और अदित्री ने योग के क्षेत्र में युवाओं की प्रेरणास्रोत बनकर हमारी संस्था को गौरवान्वित किया है।

दोनों छात्राओं की मार्गदर्शिका और योग एवं मूल्य शिक्षा की शिक्षिका, इला खंडेलिया ने उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा, उनकी साधना सुबह की कठिन प्रैक्टिस से लेकर योग दर्शन की गहन समझ तक विस्तृत है। उन्हें मंच पर आत्मविश्वास से भरा देखना मेरे लिए एक भावुक और गौरवपूर्ण क्षण था।

समापन समारोह में एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के पूर्व निदेशक ईश्वर वी. बसवरड्डी, विवेकानंद केंद्र के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष हनुमंत राव, कार्यक्रम निदेशक मुकेश वर्मा तथा सह-कार्यक्रम निदेशक अतुल दुबे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व अन्नया और अदित्री की यह उपलब्धि भारत के युवा वर्ग के लिए एक प्रेरणा बनकर सामने आई है। उनकी यह यात्रा यह सिद्ध करती है कि प्राचीन भारतीय परंपरा आज भी नवयुवकों के आत्मविकास और राष्ट्र निर्माण में एक प्रभावशाली मार्गदर्शक है।

Dainik Vishamitra • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebrations

11 • PG | 91 • Sqcm | 13722 • AVE | 750K • Cir | Middle Right

Kolkata

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय में योग दिवस



कोलकाता, 21 जून (नि.प्र.)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 2025 की थीम के अनुसार, एक पृथ्वी के लिए योग और स्वास्थ्य के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय के छात्र विभाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग कार्यशाला का संचालन श्री प्रकाश चंद नाहर (छात्र विभाग के अध्यक्ष) और श्रीमती जयश्री डागा (छात्र विभाग की सचिव) ने किया। विद्यार्थियों ने योग के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लाभों के प्रति समग्र दृष्टिकोण और इसे दैनिक जीवन में कैसे अभ्यास में लाया जाए, यह सीखा। इस योग सत्र के दौरान कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। जैन ट्यूटोरियल, हावड़ा, के श्री गौतम डुगर ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य के विकास के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा श्रीमती संतोष जैन (छात्र विभाग की प्रबंध समिति की सदस्य), श्री प्रदीप सिंघी (पूर्व अध्यक्ष अणुव्रत समिति), श्री अशोक संचेती (अणुव्रत समिति के सदस्य), श्री सुरिंदर मनोत (अहिंसा क्रांति के रिपोर्टर), प्रधानाध्यापिका श्रीमती पूनम सिंह, शिक्षक और सभी छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उल्लेखनीय संचालन, पापिया समाद्दार (छात्र विभाग की इंचार्ज) द्वारा संचालित किया गया।

Dainik Vishamitra • 22 Jun • Ministry of Ayush

11th International Yoga Day celebrations

11 • PG | 32 • Sqcm | 4794 • AVE | 750K • Cir | Top Left

Kolkata



● 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पटना में गंगा नदी में योग करते युवा।

Dainik Vishamitra • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

2 • PG | 147 • Sqcm | 22250 • AVE | 750K • Cir | Top Left

Kolkata

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

आज पूरा देश व दुनिया ग्यारहवां विश्व योग दिवस उल्लास के साथ मना रही है। लाखों लोगों का बड़े आयोजनों के साथ उत्साह व उल्लास से जुड़ना, इस बात का प्रमाण है कि देश ने अपनी सदियों पुरानी योग की विरासत का अंगीकार कर लिया है। सुखद संयोग देखिए कि जल-थल और नभ में योग करते चित्र मीडिया में तैर रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकारों के मंत्री से लेकर संत्री तक योग करते नजर आ रहे हैं। सेना के तीनों अंगों व अर्द्ध सैनिक बलों की अनुशासित टुकड़ियां जब योग करती नजर आती हैं तो योगमय आभा निखर आती है। राष्ट्रीय राजधानी व राज्यों की राजधानियों में विशेष योग समारोह आयोजित हो रहे हैं। हरियाणा सरकार ने तो पिछले एक महीने से कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले मुख्य योग समारोह के लिये पूरी ताकत लगा दी है। यूं तो सारे राज्य में योग चेतना अभियान, रैलियां,मैराथन के साथ स्कूल-कालेजों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम योग प्रोटोकॉल के तहत आयोजित किए जाते रहे हैं, लेकिन सरकार का खास ध्यान कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर में होने वाले कार्यक्रम पर केंद्रित है। जिसमें एक लाख लोगों के जुटने की तैयारी युद्ध स्तर पर की गई है। सरकार की कोशिश है कि ग्यारहवें विश्व योग दिवस पर राज्यभर में होने वाले योग समारोहों में ग्यारह लाख लोग भाग लें। कोशिश है नया विश्व रिकॉर्ड बने, जब ग्यारह लाख लोग राज्य के बाईस जनपदों और 121 खंडों के विभिन्न स्थानों पर एक साथ योगाभ्यास करेंगे। कमोबेश, ऐसा ही उत्साह देश के अन्य राज्यों में नजर आ रहा है और मुख्यमंत्री, मंत्रियों से लेकर तमाम बड़े अधिकारी योग दिवस समारोहों में शिरकत करते नजर आएंगे। निश्चित रूप से विश्व योग दिवस पर समारोहपूर्वक आयोजन योग के प्रति उत्साह जगाएंगे। लेकिन जरूरी है कि स्वस्थ जीवन शैली के लिये बाकी 364 दिन भी योग हमारी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बने। निस्संदेह, स्वस्थ नागरिक किसी भी देश की अमूल्य पूंजी है। वहीं रोगग्रस्त नागरिक किसी राष्ट्र की बड़ी क्षति है। ऐसे समय में जब हमारी जीवन शैली में आए आमूल-चूल बदलावों से मनोकायिक रोगों का उफान है, योग ही हमें स्वस्थ जीवन की गारंटी दे सकता है। योग गुरु कहते भी हैं कि यह समय दवा से नहीं, विचार से उपचार का है। दवाओं के साइड इफेक्ट सर्वविदित हैं। लगातार महंगी होती चिकित्सा प्रणाली रोग के तात्कालिक उपचार में तो सक्षम है लेकिन रह-रहकर रोग भी उभर आते हैं। जरूरी है कि हमारी योगमय जीवन शैली ऐसी हो कि रोगवर्धक तत्व हमारे शरीर को अपना घर न बना सकें, जो रोग फैलाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। योग हमारी सकारात्मक सोच व सात्विक जीवन शैली को वरीयता देता है। जिससे हमारा तन-मन शुद्ध हो सके। आज अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों के शोध बता रहे हैं कि हमारे प्रदूषित विचार पहले मन को बीमार करते हैं, फिर बीमार मन हमारे शरीर को रोगी बनाता है। अष्टांग योग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि पर बल देता है। जब हम इसके पहले अंग यम के अंतर्गत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह का पालन करते हैं तो योग साधने में सफल होते हैं। हमारे समाज में बढ़ता तनाव व आक्रामकता तमाम तरह के अपराधों की जननी है। यदि हम योग-ध्यान से मन को शांत रख पाते हैं तो कई तरह के विकारों से मुक्ति पा सकते हैं।

Dainik Vishamitra • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebration

2 • PG | 59 • Sqcm | 8851 • AVE | 750K • Cir | Bottom Center

Kolkata

कोयला मंत्री ने किया योग महोत्सव का उद्घाटन



रानीगंज, 21 जून (निप्र)। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्वाधान में ईसीएल के झांझरा व बांकोला क्षेत्र में विश्व योग दिवस पर योग शिविर आयोजित की गई। इस शिविर में केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी, कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव रुपिंदर बरार, कोल इंडिया के चैयरमैन पीएम प्रसाद, इसीएल के सीएमडी सतीश झा, डीटी पीपी गिरिश गोपी नाथ नायर, डीटी ओपी नीलाद्री राय,डीएफ अंजार आलम, डीटी सीआईएल अचूत घटक,सीवीओ दिप्ती पटेल,महाप्रबंधक आरसी महापात्र, कार्मिक प्रबंधक पुष्पा पति साहनी तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने इस योग शिविर में भाग लिया। इस शिविर के माध्यम से एक योग पुस्तिका का विमोचन भी मंत्री के हांथों किया गया। योग शिविर में प्रशिक्षण के रुप मे योग की जानकारी अंतराष्ट्रीय योग शिक्षक प्रदीप पाठक और राष्ट्रीय शिक्षक सुशील सिंह ने सभी को योग कराया।

Dainik Vishamitra • 22 Jun • Ministry of Ayush

Yoga day by IRCC

2 • PG	48 • Sqcm	7201 • AVE	750K • Cir	Middle Center

Kolkata



आईआरसीसी द्वारा योग दिवस

कोलकाता, 21 जून (निप्र)। द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के ईस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल (आईआरसीसी) द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कोलकाता स्थित मेवाड़ बैंक्वेट्स, साल्टलेक में किया गया। यह कार्यक्रम सन टू ह्यूमन फाउन्डेशन के सहयोग से संपन्न हुआ। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रही, जिसमें लगभग 250 सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय परिषद सदस्य सीए आर. के. अग्रवाल, सीए के. पी. खंडेलवाल, वर्तमान ईआइआरसी चेयरमैन सीए विष्णु कुमार तुल्सयान, उप चेयरमैन सीए मयूर अग्रवाल एवं सेक्रेटरी सीए हरी राम अग्रवाल गरिमामयी की उपस्थिति से आयोजन को और भी गौरव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान और योग से संबंधित जानकारी साझा की गई।

Dainik Vishamitra • 22 Jun • Ministry of Ayush

Yoga day organized at Sri Sri Academy

2 • PG | 159 • Sqcm | 24023 • AVE | 750K • Cir | Bottom Left

Kolkata

श्री श्री एकेडमी में योग दिवस का आयोजन



आसनसोल, 21 जून (निप्र)। योग करो और निरोग रहो। इसी तथ्य को आधार बनाकर आज आसनसोल स्थित श्री श्री एकेडमी ने प्राचीन ज्ञान और सार्वभौमिक अभिव्यक्ति के एक शानदार संगम को चिह्नित करते हुए विश्व संगीत दिवस के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पूरा एकेडमी परिसर आत्मीय लय और शांत स्थिरता से गूंज उठा साथ ही आंतरिक शांति और वैश्विक एकता के कालातीत मूल्यों के लिए एक श्रद्धांजलि भी दी गई। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर बीएमए फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष, मैथन अलॉयज लिमिटेड के सीएमडी और अध्यक्ष व श्री श्री अकादमी के मुख्य संरक्षक श्री सुभाष अग्रवाला उपस्थित थे। सुभाष अग्रवाला ने श्री श्री रविशंकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर आयोजन की शुरुआत की। एकेडमी के सदस्यों ने बताया कि सुभाष अग्रवाला की गरिमामय उपस्थिति और हार्दिक संबोधन ने उपस्थित प्रत्येक आत्मा को प्रेरित किया, जिसने हमें सचेत जीवन और रचनात्मक अभिव्यक्ति की शक्ति की याद दिलाई। ध्यान की गहरी चुप्पी से लेकर संगीत के जीवंत स्वरों तक, यह दिन समग्र शिक्षा और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक सुंदर अवतार था। एकेडमी की डायरेक्टर सिमी चटर्जी आयोजन में उपस्थित थी और योग व व्यायाम को लेकर कुछ सार्थक शब्द भी अपने वक्तव्य में रखा। छात्रों की भी बहुत अधिक संख्या देखी गई और सभी ने योग शिक्षक की उपस्थिति में योग भी किया। आयोजन में श्री श्री एकेडमी के सदस्यों के साथ साथ अभिभावक भी उपस्थित थे।

Dainik Vishamitra • 20 Jun • Ministry of Ayush

International yoga day

4 • PG | 72 • Sqcm | 10939 • AVE | 750K • Cir | Bottom Left

Kolkata

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

कोलकाता, 19 जून (नि.प्र.)। खान मंत्रालय के तहत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) देश भर में भागीदारी के साथ 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाने के लिए तैयार है। इस वर्ष की थीम, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को चिह्नित करते हुए, जीएसआई ने अपने कर्मियों और जनता के बीच समग्र कल्याण और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 46 स्थानों पर 50 कार्यक्रमों की योजना बनाई है। प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, जीएसआई कोलकाता में अपने केंद्रीय मुख्यालय, क्षेत्रीय और राज्य इकाई कार्यालयों, 12 भू-विरासत स्थलों, 6 ड्रिलिंग फील्ड कैंपों और 3 प्रशिक्षण केंद्रों में निर्देशित योग सत्र आयोजित करेगा। इस पहल में जीएसआई कर्मियों, स्कूली छात्रों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों सहित 3,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। जीएसआई अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए 1-दिवसीय उलटी गिनती कार्यक्रम में भी भाग लेगा, जो कि माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी के साथ एक लाइव योग सत्र है, जो 20 जून 2025 को हैदराबाद में होने वाला है। इस समन्वित पहल के माध्यम से, जीएसआई स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जबकि अपने वैज्ञानिक समुदाय और व्यापक जनता के बीच जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देता है, जो योग के सिद्धांतों और अभ्यास को आगे बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करता है।

Ei Samay • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebrations

2 • PG	282 • Sqcm	243885 • AVE	1.3M • Cir	Top Center

Kolkata

সুস্বাস্থ্যের যোগাযোগ



বিশ্ব যোগ দিবস নিউ টাউনের ইকো পার্কে শনিবার সকালে শরীরচর্চায় ব্যস্ত নাগরিকরা — অর্ণব চক্রবর্তী

Duranta Barta • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebrations

2 • PG | 96 • Sqcm | 33722 • AVE | 225K • Cir | Top Left

Kolkata

যোগের বৈজ্ঞানিক গুরুত্ব বিশ্ব স্বীকৃতি দিয়েছেঃওম বিড়লা



নয়াদিল্লি, ২১ জুন ঃ শনিবার ১১তম আন্তর্জাতিক যোগ দিবস উদযাপনের অংশ হিসেবে দিল্লির সংসদ প্রাঙ্গণে যোগ দিবসের অনুষ্ঠানে লোকসভার স্পিকার ওম বিড়লা অংশগ্রহণ করেন। তিনি সংসদ প্রাঙ্গণে যোগ দিবসের অনুষ্ঠানের নেতৃত্ব দেন। সাংসদ, লোকসভা ও রাজ্যসভা সচিবালয়ের উর্ধ্বতন কর্মকর্তা ও কর্মীরা সংসদ ভবন প্রাঙ্গণে আয়োজিত যোগ অনুশীলনে অংশগ্রহণ করেন। লোকসভার স্পিকার ওম বিড়লা বলেন, আন্তর্জাতিক যোগ দিবসে আমি শুভেচ্ছা জানাই। যোগ এখন মানুষের দৈনন্দিন জীবনযাত্রার একটি অবিচ্ছেদ্য অংশ হয়ে উঠেছে। আধুনিক বৈজ্ঞানিক বিশ্বেও যোগের গুরুত্ব ব্যাপকভাবে স্বীকৃত। যোগ ভারতের ঐতিহ্য। বিশ্বও এর বৈজ্ঞানিক গুরুত্ব স্বীকার করেছে।

Duranta Barta • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day

2 • PG | 120 • Sqcm | 41922 • AVE | 225K • Cir | Middle Center

Kolkata

জয়পুর পুলিশ কমিশনারেটে যোগব্যায়াম পুলিশ কর্মীদের



জয়পুর, ২০ জুন ঃ আন্তর্জাতিক যোগ সপ্তাহ উপলক্ষে শুক্রবার রাজস্থানের জয়পুর পুলিশ কমিশনারেটে যোগব্যায়াম করলেন পুলিশ আধিকারিক থেকে শুরু করে সর্বস্তরের পুলিশ কর্মীরা। ব্রহ্মকুমারী ইনস্টিটিউটের যোগ প্রশিক্ষকরা পুলিশ কমিশনারেটে যোগব্যায়াম পরিচালনা করেন।এই অনুষ্ঠানে, ডেপুটি কমিশনার অফ পুলিশ (সদর) দেবেন্দ্র কুমার বিষ্ণোই, অতিরিক্ত ডেপুটি কমিশনার অফ পুলিশ (সদর) শিল্পা চৌধুরী সহ অন্যান্য পুলিশ আধিকারিক ও পুলিশ কর্মীরা উপস্থিত ছিলেন। উল্লেখ্য, যোগব্যায়াম বিশ্বকে দেওয়া ভারতীয় ঐতিহ্য ও সংস্কৃতির এক অনন্য উপহার। প্রাচীন ভারতীয় এই যোগ পদ্ধতি আমাদের শারীরিক, মানসিক, নৈতিক এবং আধ্যাত্মিক সুস্বাস্থ্য নিশ্চিত করে। প্রতিকূল পরিস্থিতিতে কাজ করার কারণে পুলিশকর্মীদের শারীরিক ও মানসিক চাপ দূর করতে যোগব্যায়াম গুরুত্বপূর্ণ ভূমিকা পালন করে বলে মনে করেন যোগ প্রশিক্ষকরা। তাই আজ আমরা যোগ শিক্ষকের কাজে গিয়ে যোগ শিক্ষা দরকার যাতে রোগ দুর হয়

Duranta Barta • 21 Jun • Ministry of Ayush

PM will celebrate international yoga day in Visakhapatnam

2 • PG | 140 • Sqcm | 49090 • AVE | 225K • Cir | Top Center

Kolkata

যোগ দিবসে বিশাখা পত্তনমে প্রধানমন্ত্রী



নয়াদিল্লি, ২০ জুন ঃ আন্তর্জাতিক যোগ দিবস এবার পা দেবে এগারোতম বর্ষে। এবারের থিম এক পৃথিবী, এক স্বাস্থ্যের জন্য যোগ। ২১ জুন প্রধানমন্ত্রী নরেন্দ্র মোদী যোগ ব্যায়াম করবেন অন্ধ্রপ্রদেশের বিশাখাপত্তনমে। এই বিষয়ে নিজেই জানিয়েছেন প্রধানমন্ত্রী। তিনি এক্স হ্যান্ডেলে জানিয়েছেন, ২১ তারিখে সুন্দর শহর বিশাখাপত্তনমে যোগ দিবসের অনুষ্ঠানে অংশ নেব।উল্লেখ্য, মোদী সরকারের উদ্যোগে ২০১৫ সালে অনুষ্ঠিত হয় প্রথম আন্তর্জাতিক যোগ দিবস। এবার তার দশ পেরিয়ে এগারোয় পা। যোগব্যায়ামের নানাবিধ উপকারিতা সম্পর্কে বিশ্বব্যাপী সচেতনতা বৃদ্ধির লক্ষ্যে এই দিবস পালন হয়।

Ananda Bazar Patrika • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day celebrations

6 • PG | 145 • Sqcm | 864338 • AVE | 3.71M • Cir | Middle Center

Kolkata

দুনিয়ায় শান্তি ফেরাতে পারে যোগাভ্যাস: মোদী

বিশাখাপত্তনম, ২১ জুন: যোগাভ্যাস বর্তমানের অশান্ত বিশ্বে শান্তি ফিরিয়ে আনতে পারে বলে দাবি করলেন প্রধানমন্ত্রী নরেন্দ্র মোদী।

আজ আন্তর্জাতিক যোগ দিবসে বিশাখাপত্তনমে একটি যোগ শিবিরে অংশগ্রহণ করেন মোদী। এর পরেই সংবাদমাধ্যমে তাঁর মন্তব্য, "দুর্ভাগ্যজনক ভাবে আজ গোটা বিশ্বকে উত্তেজনা, অধৈর্য্যের মধ্যে দিয়ে যেতে হচ্ছে। অনেক জায়গায় এই অস্থিরতা বেড়েই চলেছে। তবে যোগাভ্যাস শান্তির দিশা দেখাতে পারে। ভারসাম্যহীনতা দূর করে মানবজাতির বিকাশের পূর্ণতার জন্য যোগাভ্যাস কার্যকরী ভূমিকা নিতে পারে।" গোটা দুনিয়ার উদ্দেশে মোদীর আহ্বান, মানুষের ভিতরের শান্তির ভাবনাকে গ্রাধান্য দিতে 'মানবজাতির জন্য যোগাভ্যাস'কে বিশ্বের নীতি হিসেবে তুলে ধরা হোক। যোগাভ্যাস যে ভাবে আন্তর্জাতিক স্তরে গুরুত্ব পাচ্ছে, তার জন্য বিশ্বের মানুষকে ধন্যবাদ দেন প্রধানমন্ত্রী। তাঁর দাবি, যোগাভ্যাস এখন গোটা দুনিয়াকে এক সুতোয় বাঁধতে সাহায্য করছে।

মোদী এ দিন দাবি করেন, যোগাভ্যাস ব্যক্তিগত শৃঙ্খলাকে গড়ে তুলতে যেমন সাহায্য করে তেমনি ব্যক্তি মানুষকে সামাজিক ভাবনা ভাবতেও শেখায়। তাঁর কথায়, "এটা এমন একটি প্রক্রিয়া, যাতে আমি থেকে আমরা হওয়া যায়।" এই বছরের আন্তর্জাতিক যোগ দিবসের ভাবনা ছিল, 'এক বিশ্ব, এক স্বাস্থ্যের জন্য যোগাভ্যাস'। মোদী জানান, ২১ জুনকে আন্তর্জাতিক যোগ দিবস হিসেবে তুলে ধরতে নয়াদিল্লি রাষ্ট্রপুঞ্জে প্রস্তাব দেওয়ার পরে খুব অল্প সময়ের মধ্যেই ১৭৫টি দেশ ভারতের পাশে দাঁড়িয়েছে।

আন্তর্জাতিক যোগ দিবস উপলক্ষে আজ উধমপুরে পৌঁছন প্রতিরক্ষামন্ত্রী রাজনাথ সিংহ। সেখানে সেনাবাহিনীর জওয়ান ও আধিকারিকদের সঙ্গে দেখা করে 'অপারেশন সিঁদুর' অভিযানে তাঁদের ভূমিকার প্রশংসা করেন তিনি। রাজনাথ দাবি করেন, অপারেশন সিঁদুর ভারতের তরফে শুধুমাত্র কোনও প্রতিক্রিয়া নয়, এই অভিযান এখনও শেষ হয়নি। প্রতিরক্ষামন্ত্রীর কথায়, "পহেলগামের হত্যা সীমান্তপার থেকে ঘটানো জঙ্গি হামলার কোনও বিচ্ছিন্ন ঘটনা নয়, এটা সরাসরি ভারতের সামাজিক ও সাম্প্রদায়িক সম্প্রীতি নষ্ট করার চেষ্টা। এই চক্রান্তকে প্রতিহত করেছি, এতটাই জোরালো ভাবে জবাব দিয়েছি যে, পাকিস্তান হাঁটু মুড়তে বাধ্য হয়েছে।" রাজনাথ জানান, অপারেশন সিঁদুর সাময়িক ভাবে স্থগিত করা হয়েছে, সেই অভিযান এখনও শেষ হয়ে যায়নি। প্রতিরক্ষামন্ত্রীর কথায়, "ভারতের মাটিতে জঙ্গি হামলা চালালে পাকিস্তানকে এখন অনেক মূল্য চোকাতে হবে। এ জন্য প্রস্তুত ভারত।" *সংবাদ সংস্থা*

Madhyamam • 22 Jun • Ministry of Ayush
World observed Yoga day

7 • PG | 711 • Sqcm | 234681 • AVE | 135.2K • Cir | Middle Center

Kochi



വിശാഖപട്ടണത്ത് നടന്ന അന്താരാഷ്ട്ര യോഗ ദിനാചരണ ചടങ്ങിൽ പ്രധാനമന്ത്രി നരേന്ദ്ര മോദി

യോഗ ദിനാചരണവുമായി ലോകം

» ലോകത്തിന്റെ പിരിമുറുക്കം അവസാനിപ്പിക്കാനുള്ള വഴി യോഗ -മോദി

വിശാഖപട്ടണം/ന്യൂയോർക്: യോഗദിനാചരണത്തിന്റെ ഭാഗമായി ന്യൂയോർക്കിലെ ഐക്യരാഷ്ട്രസഭ ആസ്ഥാനത്ത് ഉൾപ്പെടെ ലോകത്തിന്റെ വിവിധ ഭാഗങ്ങളിൽ പരിപാടികൾ നടന്നു. യു.എൻ ആസ്ഥാനത്ത് പ്രശസ്ത എഴുത്തുകാരൻ ദീപക് ചോപ്ര നേതൃത്വം നൽകി. 1,200ലധികം യോഗ പ്രാക്ടീഷനർമാർ, നയതന്ത്രജ്ഞർ, യു. എൻ ഉദ്യോഗസ്ഥർ, നയതന്ത്ര പ്രതിനിധികൾ എന്നിവർ പങ്കെടുത്തു. ന്യൂയോർക്കിലും ലണ്ടനിലും ചൈനയിലും സിംഗപ്പൂരിലും ഉൾപ്പെടെ യോഗദിനാചരണം നടന്നു.

ലോകം പിരിമുറുക്കത്തിലൂടെ കടന്നുപോവുന്ന ഘട്ടത്തിൽ സമാധാനവും ഐക്യവും കൈവരിക്കാനുള്ള മാർഗമാണ് യോഗയെന്ന് പ്രധാനമന്ത്രി നരേന്ദ്ര മോദി. വിശാഖപട്ടണത്ത് അന്താരാഷ്ട്ര യോഗ ദിനാചരണ ചടങ്ങിൽ സംസാരിക്കുകയായിരുന്നു മോദി. ജൂൺ 21 അന്താരാഷ്ട്ര യോഗ ദിനമായി ആചരിക്കണമെന്ന് ഇന്ത്യ ഐക്യരാഷ്ട്രസഭയോട് നിർദേശിച്ചപ്പോൾ ചുരുങ്ങിയ സമയത്തിനുള്ളിൽ 175 രാജ്യങ്ങൾ അത് അംഗീകരിച്ചു. 11 വർഷത്തിനുശേഷം ഇപ്പോൾ യോഗ ലോകമെമ്പാടുമുള്ള കോടിക്കണക്കിന് ആളുകളുടെ ജീവിതത്തിന്റെ ഭാഗമായി മാറി. യോഗ ലോകത്തെ സംഘർഷത്തിൽനിന്ന് സഹകരണത്തിലേക്കും സമ്മർദത്തിൽനിന്ന് പരിഹാരങ്ങളിലേക്കും നയിക്കും. യോഗയെ ഒരു ജനകീയ പ്രസ്ഥാനമാക്കി മാറ്റണമെന്നും മോദി പറഞ്ഞു. യോഗയെ മോദി ഒരു ആഗോള ക്ഷേമ പ്രസ്ഥാനമാക്കി മാറ്റിയതായി ആന്ധ്രപ്രദേശ് മുഖ്യമന്ത്രി എൻ. ചന്ദ്രബാബു നായിഡു പറഞ്ഞു.

Madhyamam • 21 Jun • Ministry of Ayush

Yoga day today: PM participating programme at Visakhapatanam

8 • PG | 203 • Sqcm | 66887 • AVE | 135.2K • Cir | Top Right

Kochi

യോഗ ദിനം ഇന്ന്; പ്രധാനമന്ത്രി വിശാഖപട്ടണത്ത് പങ്കെടുക്കും



ന്യൂഡൽഹി: അന്താരാഷ്ട്ര യോഗ ദിനം ഇന്ന് രാജ്യത്ത് വിവിധ പരിപാടികളോടെ ആചരിക്കും. ഒരു ഭൂമിക്ക്, ഒരു ആരോഗ്യത്തിന് യോഗ എന്നതാണ് ഈ വർഷത്തെ യോഗദിന മുദ്രാവാക്യം.

യോഗ ദിനാചരണത്തിന്റെ 11ാം വർഷം കൂടിയാണിത്. ഒരു ലക്ഷം കേന്ദ്രങ്ങളിൽ യോഗ സംഗമം എന്ന ചടങ്ങുകൾ നടക്കും. സാംസ്കാരിക വകുപ്പിന്റെ ആഭിമുഖ്യത്തിൽ 100 സാംസ്കാരിക കേന്ദ്രങ്ങളിൽ ആഘോഷം നടത്തും.

വിശാഖപട്ടണത്ത് നടക്കുന്ന പരിപാടിയിലാണ് പ്രധാനമന്ത്രി നരേന്ദ്ര മോദി പങ്കെടുക്കുക. ആർ.കെ ബീച്ചിലാണ് ചടങ്ങുകൾ. 3.19 ലക്ഷം പേർക്ക് ഇവിടെ ഒരുമിച്ച് യോഗാഭ്യാസം നടത്താനുള്ള സൗകര്യമുണ്ട്.

രാവിലെ 6.30 മുതൽ 8.30 വരെ നടക്കുന്ന പരിപാടി ഗിന്നസ് ബുക്ക് ഓഫ് റെക്കോഡ്സും ലക്ഷ്യമിടുന്നുണ്ട്. വിവിധ സൈനിക വിഭാഗങ്ങളും ചടങ്ങുകൾ നടത്തുന്നുണ്ട്.

Deshabhimani • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga day observed

10 • PG | 113 • Sqcm | 47620 • AVE | 303.15K • Cir | Middle Right
Kochi

അന്താരാഷ്ട്ര യോഗാ ദിനം ആചരിച്ചു

ന്യൂഡൽഹി


രാജ്യത്ത് അന്താരാഷ്ട്ര യോഗാ ദിനം ആചരിച്ചു. ആന്ധ്രാപ്രദേശ് വിശാഖപട്ടണത്ത് ദിനാചരണത്തിന് പ്രധാനമന്ത്രി നരേന്ദ്രമോദി നേതൃത്വം നൽകി. ലോകം മുഴുവൻ അസ്വസ്ഥതകളിലൂടെ കടന്നുപോകുമ്പോൾ യോഗ സമാധാനം പകരുന്നുവെന്ന് മോദി പറഞ്ഞു. ഡൽഹിയിൽ വിവിധ രാജ്യങ്ങളുടെ എംബസികളിലും യോഗ ദിനം ആചരിച്ചു. ജപ്പാനിലെ ഇന്ത്യൻ എംബസിയിൽ നടന്ന പരിപാടിയിൽ ജപ്പാൻ പ്രധാനമന്ത്രിയുടെ ഭാര്യ പങ്കെടുത്തു.

Mangalam • 22 Jun • Ministry of Ayush

Yoga day oberved

1 • PG	378 • Sqcm	28376 • AVE	164.12K • Cir	Top Left

Kochi



■ 11-ാമത് രാജ്യാന്തര യോഗാദിനാചരണത്തിൽ ആന്ധ്രാപ്രദേശിലെ വിശാഖപട്ടണത്ത് പ്രധാനമന്ത്രി നരേന്ദ്ര മോദി പങ്കാളിയായപ്പോൾ.

Suprabatham • 22 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga day observed

8 • PG | 216 • Sqcm | 47492 • AVE | N/A • Cir | Top Left
Kochi

അന്താരാഷ്ട്ര യോഗദിനം ആചരിച്ചു

ന്യൂഡൽഹി ▸ പതിനൊന്നാമത് അന്താരാഷ്ട്ര യോഗ ദിനം ഇന്ത്യ ആചരിച്ചു. പ്രധാനമന്ത്രി നരേന്ദ്രമോദിയുടെ നേതൃത്വത്തിൽ വിശാഖപട്ടണത്ത് നിവധി പേർ പങ്കെടുത്ത യോഗ സംഗമം നടന്നു. വിശാഖപട്ടണത്തെ ആർ. കെ ബീച്ചിൽ നിന്ന് ഭോഗപുരം വരെ നീളുന്ന 26 കിലോമീറ്റർ ഇടനാഴിയിലാണ് പരിപാടി സംഘടിപ്പിച്ചത്. മൂന്ന് ലക്ഷത്തോളം പങ്കെടുത്തതായി സംഘാടകർ പറഞ്ഞു. യോഗ ലോകത്തെ ഒന്നിപ്പിക്കുന്നുവെന്ന് ചടങ്ങിൽ സംസാരിച്ച പ്രധാനമന്ത്രി പറഞ്ഞു. 'യോഗ ഭൂമിക്കും ആരോഗ്യത്തിനും' എന്നതായിരുന്നു ഈ വർഷത്തെ പ്രമേയം. 2014 മുതലാണ് ഹിന്ദുത്വ താത്വികാചാര്യൻ ഹെഡ്ഗെവാറിന്റെ ചരമവാർഷികദിനമായ ജൂൺ 21ന് യോഗ ദിനം ആചരിച്ചുവരുന്നത്.

Rashtradoot • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day today, more than one lakh people will practice yoga

5 • PG | 242 • Sqcm | 240751 • AVE | 999.38K • Cir | Top Center

Jaipur

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज, एक लाख से अधिक लोग करेंगे योगाभ्यास

टोंक। ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 आज मनाया जा रहा है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत टोंक जिले में एक लाख से अधिक लोग योगाभ्यास करेंगे। जिला प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीना ने जिला प्रशासन द्वारा योग दिवस पर की गई तैयारियां को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली तथा अधिकारियों को सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, एडीएम रामरतन सौंकरिया, सीईओ परशुराम धानका समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत टोंक जिले में एक लाख से अधिक लोग योगाभ्यास करेंगे



जिला प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीना ने जिला प्रशासन द्वारा योग दिवस पर की गई तैयारियां को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर किया जाएगा। इसके तहत तहसील टोंक में डॉ. बी.आर. अंबेडकर खेल स्टेडियम के इंडोर हॉल में, देवली तहसील में बीसलपुर बांध पर, मालपुरा उपखंड की डिग्गी तहसील में विजय सागर की पाल, नगर फोर्ट तहसील में मांडकलां, उनियारा तहसील के हाथी भाटा पर योगाभ्यास किया जाएगा। साथ ही, जिले के सभी प्रमुख कस्बों एवं ग्राम पंचायतों में भी बड़ी संख्या में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में अपने आसपास आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हो और इसे अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य एवं मजबूत बनाता है।

Rashtradoot • 20 Jun • Ministry of Ayush

Yoga practice before Yoga Day

2 • PG | 49 • Sqcm | 49094 • AVE | 999.38K • Cir | Middle Center

Jaipur

योग दिवस से पूर्व योगाभ्यास

टोंक। भाजपा कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के तत्वाधान में नेहरू पार्क टोंक में योग अभ्यास किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को देश ही नहीं पूरे विश्व में स्थान दिलाया है, मोदी ने वसुधैव कुटुंबकम के तहत योग को पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस के रूप में स्थापित किया है, जिससे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों को लाभ मिला है।

उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए यह गर्व की बात है, कि योग प्राचीन काल से लोगों के स्वस्थ रहने में सबसे अधिक प्रभावित दवा के रूप में कारगर साबित हुआ है, जिसे लोग भूलते जा रहे थे। इस अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, नरेश, विष्णु, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष भगवान दास, कार्यक्रम जिला संयोजक बीना छामुनिया, सहसंयोजक हरिराम यादव, राजेश, हंसराज धाकड, रत्तीराम पहाड़िया, संजय, चरण, रामावतार धाभाई, महावीर, योग गुरु मदन, शम्भू सहित अन्य मौजूद रहे।

Punjab Kesari • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day today: State level program will be held in SMS Stadium, CM will do

2 • PG | 723 • Sqcm | 36166 • AVE | 370.92K • Cir | Top Left

Jaipur

अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस आज : एसएमएस स्टेडियम में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

सीएम जैसलमेर तो डिप्टी सीएम जयपुर में करेंगे योग; उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने लिया एसएमएस स्टेडियम में तैयारियों का जायजा

जयपुर,20 जून (ब्यूरो): अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रदेशभर में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सत्ता व संगठन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर में योग करेंगे और तनोट माता के दर्शन कर बीएसएफ के जवानों से मुलाकात करेंगे।

उप मुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को एसएमएस स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। डिप्टी सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के सतत प्रयासों के फलस्वरूप



21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है। यह दिवस न केवल भारत में, अपितु विश्वभर में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य अंग बनाएं और समाज में योग के प्रचार-प्रसार हेतु प्रेरक भूमिका निभाएं, ताकि हम सभी मिलकर स्वस्थ राजस्थान एवं समर्थ भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दे सकें।

सीएम दीया सिटी पैलेस में करेंगी योग

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सिटी पैलेस, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एसएमएस स्टेडियम में आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रभारी मंत्री संबंधित जिलों में रहेंगे

कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल जयपुर के प्रभारी मंत्री हैं। पार्टी की ओर से जोधपुर में ड्यूटी लगे होने के कारण वे उम्मेद स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा भी अलवर के प्रभारी मंत्री हैं। वे विधानसभा क्षेत्र सवाईमाधोपुर में होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर बीकानेर और जैसलमेर के प्रभारी मंत्री हैं, लेकिन वे भी विधानसभा क्षेत्र लोहावट में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संयोजक और सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया कि मंत्रिमंडल सचिवालय ने आदेश निकाले थे। बाद में आयुष विभाग ने सभी मंत्रियों, सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायक, पूर्व विधायक और सांसद-विधायक प्रत्याशी सहित 350 लोगों की योग कार्यक्रम में ड्यूटी लगाई थी।

मुख्यमंत्री ने योग गुरु के साथ किया योगाभ्यास

- फिटनेस इन्फ्लूएंसर्स बोले- ब्रश करना जितना जरूरी है योग
- भजनलाल ने कहा-योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं

योग दिवस से पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने योग गुरू और फिटनेस इन्फ्लूएंसर्स के साथ मुख्यमंत्री आवास में योगाभ्यास किया। इस दौरान देश के फेमस योगा एक्सपर्ट ने सीएम के साथ योगा किया। उन्होंने सरकार की ओर से योग के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। योगा एक्सपर्ट ने मुख्यमंत्री आवास में योगा किए जाने के भी रोचक अनुभव बताए। सीएम ने वीडियो जारी कर योगाभ्यास की झलकियों को शेयर किया। उन्होंने कहा कि लोग योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ राजस्थान की परिकल्पना को साकार करें। वहीं, फिटनेस एक्सपर्ट शिवांगी शर्मा ने बताया कि योग लोगों को जोड़ता है। हम इसे घर-घर में फैलाना चाहते हैं। एक्सपर्ट निशि सिंह ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि हम लोग योगा को इतना प्रमोट कर रहे हैं।

'सीएम हाउस में योग करना अच्छा लगा'

फिटनेस एक्सपर्ट प्रखर गर्ग ने कहा कि सीएम हाउस में योग करना बड़ा अच्छा लगा। जैसे नहाना, ब्रश करना जरूरी है, उसी तरह से योग करना भी जरूरी है। सीएम आवास पहुंचे योगाचार्य ढाकाराम ने कहा कि योग ही है, जो हमें बदलता है। यह हमें खुशी देता है। ऋचा शर्मा ने कहा कि जिस तरह त्योहार में हम खुद को तैयार करते हैं और सजते संवरते हैं और खुद को इंगेज करते हैं। उसी तरह से हमें हेल्थ को अपनी प्रायॉरिटी बनाना चाहिए।

Punjab Kesari • 21 Jun • Ministry of Ayush

Special yoga practice on Yoga Day

4 • PG | 295 • Sqcm | 14765 • AVE | 370.92K • Cir | Bottom Right

Jaipur

योग दिवस पर हुआ विशेष योग अभ्यास



डॉ. मोनिका दुबे ने कराया योग

जयपुर, 20 जून (ब्यूरो):अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 20 जून शुक्रवार को जगदंबा नगर (वार्ड नंबर 60), करणी विहार मंडल, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र, जिला जयपुर शहर में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे तक चले इस योग अभ्यास में सैकड़ों योग प्रेमियों, स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्ध जनों, माताओं-बहनों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक डॉ. श्रीमती मोनिका दुबे ने सभी प्रतिभागियों को विविध आसनों, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास कराए। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक बीमारियों से बचाव संभव है। विशेष रूप से तनाव, मोटापा, उच्च रक्तचाप और अनिद्रा जैसी समस्याओं में योग अत्यंत प्रभावी है।

कार्यक्रम के आयोजक पं. उमेश उपाध्याय थे। आयोजन में आरएसएस कार्यकर्ता शंकर बागड़ा, सर्वेश्वर चतुर्वेदी, शंकर लाल चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, राम पारीक और राम कविया सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने योग को जीवन का आवश्यक हिस्सा बनाने और जन-जन तक इसके संदेश को पहुंचाने का संकल्प लिया।

Punjab Kesari • 21 Jun • Ministry of Ayush
Internationa Yoga Day, 2025

5 • PG | 129 • Sqcm | 139252 • AVE | 1.81M • Cir | Top Right

Delhi

निगम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग कार्यक्रम



नगर निगम द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम में योग करते नागरिक।

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत की उस प्राचीन परंपरा का वैश्विक उत्सव है, जिसने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और संतुलन का मार्ग दिखाया है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलन प्रदान करता है। नगर निगम द्वारा आयोजित यह पहल नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये बातें मेयर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, सिविक सेंटर के प्रांगण में आयोजित योग कार्यक्रम के अवसर पर कहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को

● नेता सदन ने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए लोगों से प्रतिदिन योग को अपनाने की अपील की

प्रोत्साहित करना था। योग सत्र का शुभारंभ सूर्य नमस्कार से हुआ, जिसके बाद विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाएं कराई गईं। मौके पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा नेता सदन, प्रवेश वाही; निगम आयुक्त, अश्विनी कुमार ; अतिरिक्त आयुक्त, जितेंद्र कुमार, अतिरिक्त आयुक्त, पंकज नरेश अग्रवाल उपस्थित थे। दिल्ली नगर निगम ने यह कार्यक्रम सेंट्रल कांउसिल फॉर रिसर्च इन योगा एंड नेचुरपैथी के सहयोग से आयोजित किया।

Punjab Kesari • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day 2025: Yoga is India's gift to the world

4 • PG | 729 • Sqcm | 673992 • AVE | 867.98K • Cir | Bottom Center
Chandigarh

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 : योग भारत की ओर से विश्व को उपहार

योग, भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान कर तेजी से बदलती दुनिया में आंतरिक शांति और संतुलन का माध्यम बन गया है।

2025 में जब हम 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं, इस वर्ष का थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' वैश्विक स्वास्थ्य और एकजुटता के संदेश को उजागर करता है। यानी हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। यह थीम भौगोलिक सीमाओं, संस्कृतियों और व्यवसायों से परे एक सांझे आंदोलन को प्रेरित करता है।

वैश्विक मान्यता: योग के जनक माने जाने वाले महर्षि पतंजलि ने लगभग 200 ईसा पूर्व में योगसूत्र की रचना कर योग को व्यवस्थित रूप दिया। हालांकि, एरोबिक्स और बॉडी बिल्डिंग जैसी पश्चिमी व्यायाम पद्धतियों ने लोकप्रियता हासिल की परंतु सदियों से भारत में प्रचलित योग को विश्व मंच पर उतनी मान्यता नहीं मिली। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों की बदौलत योग को 'जीवन जीने के तरीके' के रूप में स्वीकार किया गया है और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को एक अनूठी पहचान मिली।

27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने ऐतिहासिक संबोधन में पी.एम. मोदी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा। तीन महीनों से भी कम समय में, 11 दिसंबर 2014 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्य देशों तथा 173 सह-प्रायोजक देशों ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। यू.एन.जी.ए. ने सहमति व्यक्त करते हुए योग को स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र पद्धति के रूप में मान्यता दी।

10 साल बाद, यू.एन.जी.ए. के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने योग को 'संयुक्त राष्ट्र के लिए एक शक्तिशाली रूपक' बताते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। इस प्रकार आधुनिक दुनिया में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में योगिक अभ्यासों की शक्ति को रेखांकित किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वैश्विक प्रभाव : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ने योग के महत्व और महत्ता के बारे में जागरूकता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसलिए दुनिया भर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोहों में भारी भागीदारी इस बात का प्रमाण है




सतनाम सिंह संधू
(संसद सदस्य, राज्यसभा)

कि दुनिया ने अब योग को स्वीकार कर लिया है और इसे मना रही है।

विश्व स्तर पर साल 2024 में लगभग 24.53 करोड़ लोगों ने योग दिवस में सक्रिय रूप से भाग लिया। सोशल मीडिया पर 34,890,990 करोड़ से अधिक लोगों ने सहभागिता की जबकि सामुदायिक रेडियो के माध्यम से 26 लाख लोगों तक इसकी पहुंच बनी। 177 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों ने भारत की पहल को अपना समर्थन दिया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, भारतीय दूतावासों और प्रमुख योग संस्थानों ने लगभग 545,000 लोगों को इसमें शामिल किया। यह व्यापक भागीदारी पहल के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करती है।

भारत के लिए योग अर्थव्यवस्था को आकार देना: आज की तेज रफ्तार दुनिया में जहां योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करता है वहीं योग ने पिछले एक दशक में दुनिया भर में लाखों लोगों के दिलों और घरों में जगह बनाई है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि एक नई योग अर्थव्यवस्था योग पर्यटन के विकास, योग रिट्रीट और रिसॉर्ट्स की स्थापना और संबंधित परिधान और उपकरणों के लिए तेजी से बढ़ते बाजार के साथ नए रोजगार के अवसर पैदा कर रही है।



विकास की संभावना : कक्षाओं, शिक्षक प्रशिक्षणों, रिट्रीट और उत्पादों सहित वैश्विक योग उद्योग का मूल्य अब 88 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक है, जिसका 2025 तक 215 बिलियन से अधिक होने का अनुमान है। आयुष शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने वाली सरकारी पहल उद्योग की मांगों को पूरा करते हुए कुशल कार्यबल को बढ़ावा दे रही है। आयुष क्षेत्र में निकट भविष्य में लगभग 3 मिलियन रोजगार के अवसर पैदा करने की संभावना है।

भारत में 755,780 से अधिक रजिस्टर्ड आयुष चिकित्सक हैं जो पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और समग्र स्वास्थ्य सेवा में देश की मजबूत नींव को दर्शाता है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत ब्यूटी एंड वेलनेस सैक्टर स्किल काऊंसिल के माध्यम से स्किल इंडिया मिशन ने 23 जून, 2022 तक 1.30 लाख छात्रों को योग इंस्ट्रक्टर और ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया है। आयुष विभाग ने योग चिकित्सकों के लिए योग प्रमाणन बोर्ड की स्थापना की है। भारत में 100 से अधिक प्रमुख संस्थानों और विदेशों में 10 संस्थानों को इस बोर्ड से प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।

सुझाव: युवाओं के बीच योग और आयुष दोनों को एक करियर विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जा सकता है जो भारतीय युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार के अवसर खोल सकता है। इसके अतिरिक्त, योग को निवारक स्वास्थ्य उपकरण के रूप में बढ़ावा देने की आवश्यकता है जो एक स्वस्थ जीवन शैली विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करता है जो आपको विभिन्न बीमारियों से बचाता है। शारीरिक शिक्षा भारतीय शिक्षा का अभिन्न अंग है, इसलिए योग को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

Punjab Kesari • 21 Jun • Ministry of Ayush

International Yoga Day 2025

8 • PG | 84 • Sqcm | 90968 • AVE | 1.81M • Cir | Middle Right

Delhi

191 देशों में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करेगा : आईसीसीआर

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत शनिवार को विश्वभर के 1,300 शहरों में योग कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इन कार्यक्रमों से देश की प्राचीन परंपरा और सौम्य ताकत को प्रदर्शित किया जाएगा।

